आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.41
सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी 12:33 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 26 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 93, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**प्रेम की लाठी**



ब्रज में होली का उल्लास चरम पर पहुंचने लगा है। बुधवार को बरसाना में द्वापरयुगीन लीला एक बार फिर जीवंत हुई जहां विश्वप्रसिद्ध लट्ठमार होली में नंदगांव के हुरियारों और बरसाना की हुरियारिनों के बीच भक्ति, प्रेम और ठिठोली का अनूठा संगम देखने को मिला।

## जापान में यूपी को मिले 11 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिंगापुर में दो दिन के भीतर एक लाख करोड़ रुपये निवेश प्रस्तावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले ही दिन बुधवार को 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन करारों से प्रदेश में कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक प्रिंटिंग, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जापान दौरे के पहले दिन हुए ये करार भारत-जापान औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने वाले साबित होंगे और उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत करेंगे। जिन कंपनियों के साथ एमओयू हुए, उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी अब भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार ही नहीं, बल्कि हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग और ग्लोबल सप्लाई चेन का केंद्र बन चुका है। सुरक्षित निवेश माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और स्पष्ट नीतियों के कारण जापानी कंपनियां यूपी में निवेश को लेकर उत्साहित हैं। 1890 में स्थापित कुबोता कारपोरेशन कृषि और औद्योगिक मशीनरी क्षेत्र की अग्रणी वैश्विक कंपनी है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और जल-अवसंरचना समाधानों में विशेषज्ञता रखने वाली यह कंपनी भारत में एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ मिलकर फार्म मैकेनाइजेशन और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार पर काम कर रही है। इन समझौतों से प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को तकनीकी बढ़त मिलने की संभावना है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जापान में भारतीय समुदाय के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

- वैश्विक कंपनियों के साथ एमओयू, कृषि मशीनरी से लेकर ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स तक विस्तार
- योगी बोले, भारत व जापान के औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने वाले हैं पहले दिन हुए करार

### ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस कंपोनेंट्स पर फोकस

मिंडा कारपोरेशन और जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री के सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर, कनेक्टर्स और ईवी कंपोनेंट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, नागासे एंड कंपनी के साथ हुए करार से एडवांस्ड मैटेरियल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबिलिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में नई साझेदारी विकसित होगी।

### औद्योगिक प्रिंटिंग, हॉस्पिटैलिटी, रियल एस्टेट में विस्तार

सीको एडवांस द्वारा औद्योगिक प्रिंटिंग और ग्राफिक्स के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की योजना है। इसके साथ ही ओएंडओ ग्रुप ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश को लेकर सहमति जताई है। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से रोजगार सृजन और तकनीकी हस्तांतरण को बल मिलेगा।

**ब्रीफ न्यूज**

### युकां कार्यकर्ताओं की हिरासत चार दिन बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने यहां भारत मंडपम में 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कमीज उतार कर प्रदर्शन करने के मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के पांच कार्यकर्ताओं की पुलिस हिरासत बुधवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने हिरासत में पूछताछ के लिए आरोपियों की पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाई है। आरोपियों को 20 फरवरी को किये गए प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उनमें बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, इसकी बिहार इकाई के सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव शामिल हैं।

### सूरत में दंपती ने बेटी के साथ आत्महत्या की

**सूरत।** शहर के वेसु इलाके में एक दंपती ने अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ आत्महत्या कर ली। दंपती की दूसरी बच्ची को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि बिहार निवासी बालमुकुंद, उनकी पत्नी प्रियंका और उनकी बड़ी बेटी की मंगलवार को घर में जहर खाने से मौत हो गई। दंपती की सात वर्षीय छोटी बेटी बच गई। बालमुकुंद एक शेयर कारोबारी थे और घर से काम करते थे। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें एक व्यक्ति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

### पुंछ में सेना ने बरामद किया गोला-बारूद

**जम्मू।** सेना और पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को संयुक्त अभियान ऑपरेशन गनी के दौरान भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ दो विस्फोटक उपकरण बरामद किए। सेना के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स और एसओजी के जवानों ने पुंछ के गनी वन क्षेत्र में संयुक्त अभियान शुरू किया जहां गुफा के नीचे छिपाए गए हथियारों के जखीरे का पता चला। वहां से 4.5 किग्रा का एक बड़ा विस्फोटक उपकरण, 800 ग्राम का एक छोटा विस्फोटक उपकरण, दो चाइनीज ग्रेनेड, एक 9 एमएम पिस्टल, दो 9 एमएम राउंड और 7.62 गोला-बारूद बरामद किए गए।

## एनसीईआरटी पुस्तक में 'न्याय पालिका में भ्रष्टाचार' खंड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### कहा- ये न्याय पालिका को बदनाम करने का सोचा-समझा कदम, बर्दाश्त नहीं करेंगे

- नाराजगी भरे लहजे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- धरती पर किसी को भी न्याय पालिका को बदनाम नहीं करने देंगे
- बोले- उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश भी हैं चिंतित, हमें एक दिन का समय दीजिए, कानून अपना काम करेगा



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के कक्षा आठ के पाठ्यक्रम में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम के अध्याय को शामिल करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस धरती पर किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी शुचिता को धूमिल नहीं करने दिया जाएगा। सीजेआई ने सख्त नाराजगी भरे लहजे में कहा, ऐसा लगता है कि यह सोचा-समझा कदम है। मैं किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। कोई कितना भी बड़े पद या प्रभाव वाला क्यों न हो, कानून अपना काम करेगा।

सीजेआई और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की ओर से मामले को तत्काल विचार के लिए उल्लेखित किए जाने के बाद एनसीईआरटी की पुस्तक में न्याय पालिका के बारे में आपत्तिजनक सामग्री का स्वतः संज्ञान लिया। सिब्बल ने कहा, इस संस्था के सदस्य होने के नाते हमें यह जानकर बहुत दुख हुआ है कि आठवीं के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह अध्याय पूरी तरह से निंदनीय है। सिंघवी ने कहा, एनसीईआरटी ने मान लिया कि अन्यत्र भ्रष्टाचार नहीं है। नौकरशाही, राजनीति, सार्वजनिक जीवन और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार का कोई उल्लेख नहीं है।

सीजेआई ने कहा, मुझे इसकी पूरी जानकारी है। उन्हें कई फोन और संदेश मिले हैं और कई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी चिंतित हैं। जब सिब्बल ने उम्मीद जताई कि पीठ स्वतः संज्ञान लेगी तो सीजेआई ने कहा, एक दिन इंतजार कीजिए। यह निश्चित रूप से पूरी संस्था के लिए चिंता का विषय है। बार और पीठ दोनों परेशान हैं। व्यवस्था से जुड़े हर हितधारक वास्तव में परेशान हैं। उन्होंने सिब्बल को बताया कि उन्होंने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए पहले ही आदेश पारित कर दिया है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह पुस्तक संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है।

### भ्रष्टाचार को बताया है न्याय पालिका की प्रमुख चुनौती

कक्षा आठ के लिए एनसीईआरटी की समाज विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक के इस अध्याय में लंबित मामलों के भारी बोझ और न्यायाधीशों की कमी के साथ भ्रष्टाचार को भी न्यायिक प्रणाली की बड़ी चुनौती बताया गया है। पुस्तक के 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है।

### एनसीईआरटी ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटाया

इस बीच, एनसीईआरटी ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंश को हटाया जा सकता है। एनसीईआरटी ने अध्याय से संबंधित विषय विशेषज्ञों और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की अनुशंसा की समीक्षा के लिए एक आंतरिक बैठक बुलाई है। एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सकलानी ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### संदर्भ से बाहर लिया बयान, पूर्व सीजेआई गवई भी नाराज

पुस्तक में पूर्व सीजेआई बीआर गवई का भी उल्लेख है जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों का लोगों के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सूत्रों ने बताया कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व सीजेआई के बयान को संदर्भ से बाहर लिया गया और बताया जा रहा है कि वह भी इससे नाराज हैं। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, यदि छात्रों को भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना है तो आदर्श रूप से इस अध्याय में उन्हें भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए था न कि किसी संस्था को निशाना बनाया जाना चाहिए था।

## भारत इजराइल के साथ मजबूती से खड़ा है, आगे भी खड़ा रहेगा



हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते नेतन्याहू और उनकी पत्नी।

- मोदी-मोदी के नारों के बीच प्रधानमंत्री का इजराइली संसद में संबोधन
- नेसेट के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से किया सम्मानित

> भारत और इजराइल के संबंध दो हजार वर्ष से भी पुराने हैं। मेरा स्वयं भी इजराइल के साथ एक अद्भुत संयोग है। मेरा जन्म 17 सितंबर 1950 को उसी दिन हुआ था, जिस दिन भारत ने औपचारिक रूप से इजराइल को मान्यता दी थी।
> – प्रधानमंत्री मोदी

तेल अवीव, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी तरह के आतंकवाद को पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भारत और इजराइल दोनों ने आतंकवाद का दंश झेला है। भारत इजराइल के साथ मजबूती के साथ खड़ा है और आगे भी दृढता के साथ खड़ा रहेगा। मोदी ने गाजा शांति पहल का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में शांति बहाल होने की उम्मीद जगी है।

इजराइल की दो दिन की यात्रा पर गए मोदी ने बुधवार को इजराइली संसद नेसेट को वहां के सांसदों की तालियों की गड़गड़ाहट और मोदी-मोदी के नारों के बीच संबोधित किया। उनके संबोधन के बाद नेसेट के स्पीकर ने मोदी को नेसेट के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल , विदेश सचिव विक्रम मिस्री और इजराइल में भारत के राजदूत जितेंद्र पाल सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर नेसेट को भारतीय रंगों से सजाया गया था।

### नेतन्याहू ने पत्नी के साथ हवाईअड्डे पर किया स्वागत

**यरूशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को इजराइल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से गले लगाकर अभिवादन किया और कहा, इजराइल में आपका स्वागत करना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है, प्रधानमंत्री मोदी।

## बेतुकी फरमाइशों पर बीएसएनएल के निदेशक को नोटिस, दो अफसर हटाए

- प्रयागराज यात्रा के दौरान साबुन-तेल और अंडरवियर तक के इंतजाम के थे निर्देश, 50 अफसरों को सौंपी गई थी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बीएसएनएल के वरिष्ठ निदेशक विवेक बंजल को उनके प्रस्तावित प्रयागराज दौरे के लिए की गई बेतुकी फरमाइशों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इन फरमाइशों को बेतुकी और शर्मनाक करार दिया है। इस मामले से जुड़े दो वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला भी कर दिया गया है।

इन अधिकारियों में से एक बृजेंद्र कुमार सिंह का प्रयागराज से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्थानांतरण किया गया है, जबकि जोगेश्वर वर्मा को राष्ट्रीय दूरसंचार क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। जोगेश्वर ने ही बंजल की यात्रा से संबंधित विवादित कार्यालय आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। प्रयागराज में 25-26 फरवरी को होने वाली बंजल की यात्रा के लिए लगभग 50 अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिसमें बंजल के लिए परिवहन, आवास के अलावा उनके अंडरवियर, तौलिये, कंघी और आईने तक का इंतजाम शामिल था।

## जम्मू: आय से अधिक संपत्ति के मामले में उप मुख्यमंत्री के भाई के घर एसीबी का छापा

**जम्मू।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को जम्मू में उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी के भाई विजय चौधरी के आवास पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में छापा मारकर तलाशी ली।

अधिकारियों के मुताबिक विजय चौधरी जम्मू-कश्मीर पुलिस में निरीक्षक पद पर तैनात हैं। टीम विजय चौधरी के आवास पर तलाशी ले रही है। आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाईकी जा रही है। छापेमारी संतोक विहार–कालोचक क्षेत्र स्थित उनके घर पर तड़के शुरू हुई। निरीक्षक विजय चौधरी का तबादला पिछले वर्ष सितंबर में लद्दाख कर दिया गया था।

## मुंबई के पाली हिल में अनिल अंबानी का 3,716करोड़ रुपये का घर कुर्क



- 17 मंजिल का 66 मीटर ऊंचा है घर, अब तक 15,700 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर ''एबोड'' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) की ओर से कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया गया। ऐसा करने के लिए धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत एक अस्थाई आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है।

इस बीच, बताया गया है कि अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था।

## बसपा के इकलौते विधायक के ठिकानों पर आयकर छापे

- योगी के मंत्री दिनेश सिंह ने की आलोचना, कहा- बीमार विधायक को कुछ हुआ तो संस्था जिम्मेदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ, बलिया, सोनभद्र और कौशांबी के ठिकानों पर आयकर टीमों ने बुधवार को छापेमारी की। प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा है कि यदि बीमार विधायक को कुछ हुआ तो संस्था जिम्मेदार होगी।

बराती बनकर गाड़ियों के काफिलों से पहुंचे 50 से अधिक अधिकारियों ने इन ठिकानों पर तलाशी ली। इस दौरान सभी परिजनों के मोबाइल कब्जे में ले लिए गए। तीन बार बसपा से विधायक उमाशंकर सिंह का लखनऊ के गोमतीनगर के विपुलखंड में आवास है। उनका कंस्ट्रक्शन और खनन का कारोबार है। कंपनियां उनकी पत्नी और भाई के नाम रजिस्टर्ड हैं। दो साल से कैंसर से पीड़ित उमाशंकर आवास पर ही इलाज करा रहे हैं। बुधवार सुबह लखनऊ के साथ पैतृक आवास बलिया, सोनभद्र के राबर्टगंज और कौशांबी में आयकर टीमों ने एक साथ छापेमारी की।

## हरियाणा : सरकारी खातों से 590 करोड़ उड़ाने वाले 4 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राज्य सरकार के विभागों के खातों से 590 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में बैंक अधिकारियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

आईडीएफसी बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में सरकारी विभागों के खातों से पैसा अवैध रूप से निजी बैंक खातों में भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपियों में आईडीएफसी बैंक के प्रबंधक रिभव ऋषि और रिलेशनशिप मैनेजर अभय हैं, जिन्हें मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है। एक निजी फर्म की मालिक अभय की पत्नी स्वाति और उसके भाई अभिषेक को भी गिरफ्तार किया गया है।

**टैरिफ वार** | ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाया अनुचित सब्सिडी देने का आरोप, इंडोनेशिया और लाओस पर भी शुल्क लागू

## अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126% प्रतिपूर्ति शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी देशों पर 24 फरवरी से लागू शुल्क से अतिरिक्त होगा यह शुल्क



अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87% का प्रतिपूर्ति शुल्क लगाया है। भारत के साथ अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित 'क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल' पर भी अलग-अलग शुल्क दरों की घोषणा की है। इनमें संयोजित और असंयोजित दोनों मॉड्यूल शामिल हैं।

अमेरिकी आदेश के अनुसार, 24 फरवरी 2026 को अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) से क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल के संबंध में प्रतिपूर्ति शुल्क जांच में अपने प्रारंभिक निष्कर्षों की घोषणा की। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन की ओर से 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त हैं। आदेश के अनुसार, अमेरिका में भारत से सौर आयात 2022 के 8.38 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 79.26 करोड़ डॉलर हो गया। आदेश में कहा गया, यदि इसे स्थगित नहीं किया गया तो इन प्रतिपूर्ति शुल्क जांच के अंतिम निर्णय छह जुलाई, 2026 को जारी किए जाएंगे। वाणिज्य विभाग भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सौर सेल के संबंध में समानांतर रूप से डंपिंग रोधी शुल्क जांच भी कर रहा है। प्रतिपूर्ति शुल्क कंपनियों को सब्सिडी वाले आयात से बचाने में मदद करते हैं।

### आयातित सौर सेल पर 2022 में लगाया था सीमा शुल्क

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के साथ आयात को कम करने, स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करने के लिए भारत ने अप्रैल, 2022 में आयातित सौर सेल और मॉड्यूल पर मूल सीमा शुल्क लगाया था। इसी के साथ लिए सरकार ने ' 'रूफटॉप सोलर' ' कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना और सीपीएसयू योजना (द्वितीय-चरण) जैसी योजनाओं के तहत आने वाली परियोजनाओं में भारत में निर्मित पैनल एवं सेल का उपयोग अनिवार्य किया है।

### लगातार घट रहा है सौर मॉड्यूल का आयात

भारत में सौर मॉड्यूल का आयात 2024-25 में घटकर 2.15 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया जो 2023-24 में 4.35 अरब डॉलर था। चीन से आयात भी पिछले वित्त वर्ष में घटकर 1.7 अरब डॉलर रह गया, जो 2023-24 में 2.85 अरब डॉलर था। भारत जिन अन्य देशों से आयात करता है उनमें वियतनाम, हांगकांग, मलेशिया और सिंगापुर शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बंडा पुलिस ने किशोरी को अगवा करने में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। बंडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 07 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने आरोपी अरुण कुमार, विनोद, रिंकी और वेलावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने फरार आरोपी अरुण कुमार निवासी बंडा को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। पुलिस अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

### सेल्समैन के खिलाफ रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : निगोही थाना क्षेत्र के गांव राधौपुर सिकंदरपुर निवासी मानवेंद्र सिंह ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 13 फरवरी की रात नौ बजे कस्बा में अंग्रेजी शराब की दुकान पर शराब खरीदने के लिए गया। आरोप है कि सेल्समैन अजय गुप्ता ने ओवर रेट लिया। ओवर रेट का विरोध करने पर सेल्समैन ने गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सेल्समैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया

शाहजहांपुर, अमृत विचार : शहर में छात्रा ने एक युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छात्रा के परिजन ने चौक कोतवाली में तहरीर दी है। चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के एक व्यक्ति ने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को स्कूल और कोचिंग जाते समय एक युवक रास्ते में छेड़छाड़ करता है। सोमवार की उसकी बेटी परीक्षा देने जा रही थी। आरोपी ने उसकी बेटी का हाथ पकड़ लिया। उसकी बेटी हाथ छुड़ाकर भागी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### होलिका स्थलों का किया निरीक्षण

सिंधौली, अमृत विचार : होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय है। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह और पुलिस बल के साथ मूड़ा हारिस, बाजपुर और नगला लाहौरी गांव में होलिका स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर लोगों से संवाद किया और अफवाहों से बचने की अपील की। असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी गई कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई होगी।

# शंकराचार्य मामले को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बुधवार को कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को ज्ञापन देते हुए कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शंकराचार्य मामले को लेकर कलेक्ट्रेट में जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देकर दर्ज एफआईआर तत्काल वापस लिए जाने की मांग की।

बुधवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को ज्ञापन देते हुए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि क्या हिंदू होने का सर्टिफिकेट भाजपा कार्यालय से मिलेगा, क्योंकि अब तो शंकराचार्य से उनकी उपाधि और हिन्दू होने का सर्टिफिकेट मांगा जा रहा है। जिस पर मजिस्ट्रेट ने कहा कि हिंदू होने का सर्टिफिकेट की किसी को कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसी हठधर्मिता के चलते उसके विरुद्ध मुखर होकर अपनी बात रखने वाले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों को अनायास परेशान प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है। जोकि बेहद निंदनीय है। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि अब शंकराचार्य उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई। ज्ञापन में मांग की गई कि शंकराचार्य प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, अनस इक़बाल, पार्षद अब्दुल सत्तार लाले, फुरकान अहमद कुरैशी, बीएन सिंह यादव, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, अदीब अहमद, अरुणोद मिश्रा, बिंदेश्वरी राज, रामजी अवस्थी, सईद अंसारी, रफी उल हसन, इरफान खान, नौशाद कुरैशी, अफजाल खान, मनीष कोरी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, डॉक्टर फहद अली, आशीष तिवारी, शिवओम मिश्रा, गुलज़ार आलम, फरमान खान, अनुभव कटारिया, उमंग त्रिवेदी, अखिलेश पाल, शोभित मिश्रा, अयान खान, अनस आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में सत्याग्रह



शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में शहीदों की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांधकर सत्याग्रह किया। यह गिरफ्तारी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में ''शर्टलेस प्रोटेस्ट'' जिसमें कार्यकर्ताओं ने एंटी-मोदी स्लोगन वाली टी-शर्ट दिखाई के मामले में हुई है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि एक ओर असम में महिलाएं नग्न अवस्था में घूमती रहीं, लेकिन इन मुंहबोले देशभक्तों ने आंखें मूंद लीं। युवा जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी ने कहा कि मोदी सरकार अब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला कर रही है। इस अवसर पर पूनम पांडेय, दिनेश कुमार एड, इरशाद खान, जैद अंसारी, गंगाराम कठेरिया, नितिन तिवारी, उमंग त्रिवेदी, सौरभ मिश्रा, शिवम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परामर्श केंद्र पर एक दंपती का समझौता

शाहजहांपुर, अमृत विचार: पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। परामर्श केंद्र पर 15 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01 दंपती का समझौता हुआ। थाना कांट क्षेत्र के एक दम्पति जिनकी शादी ढाई वर्ष पूर्व हुई थी।

महिला अपने मायके मे 04 माह से रह रही थी। पति व सास ने उसके साथ घरेलू बातों को लेकर मारपीट की थी। इसी बात को लेकर दोनो के मध्य कहासुनी हो गयी थी। जिस कारण महिला अपने मायके चली आयी थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक मधु यादव, महिला, मुख्य आरक्षी चन्द्रकान्ता, सिपाही मोनिका कुमारी, बबीता देवी, आदि मौजूद रहे।

## तहसील की समस्याओं पर बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचार: तहसील परिसर की समस्याओं को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव और महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम सदानंद सरोज से मिला। ज्ञापन में अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव ने राजस्व नायब कोर्ट में प्रतिदिन न्यायिक कार्य कराने की मांग की। महासचिव राहुल देव सागर ने कहा कि अधिकतर राजस्व न्यायालय बिना अवकाश के बंद रहते हैं, जिससे लोगों को न्याय मिलने में दिक्कत होती है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैर विधिक तरीके से नामांतरण पत्रावलियां लेखपालों को दी जाती हैं, जिससे धन उगाही की शिकायतें हैं। साथ ही तहसील परिसर में लगे आरओ ठीक कराने की मांग की गई। एसडीएम सदानंद सरोज ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।



तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते बार एसोसिएशन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## चालक-परिचालक डिपो की आय बढ़ाएं



रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण करते आरएम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सफाई व्यवस्था चौकस होनी चाहिए, आरएम ने बस अड्डे का किया निरीक्षण

अमृत विचार: हरदोई डिपो के क्षेत्रीय कार्यालय के आरएम रमेश कुमार ने बस अड्डे और वर्कशाप का निरीक्षण किया। उन्होंने चालक और परिचालक से बात की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक सवारियां उठायी जाए और डिपो की आय बढ़ायी जाए। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

आरएम रमेश कुमार बुधवार की दोपहर रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने चालक और परिचालक से बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि डिपो की आय और अधिक बढ़ायी जाए। रास्ते में सवारियों को उठाया जाए। प्रत्येक बस में फर्स्ट एड बाक्स में रुई, पट्टी, डिटोल आदि होना चाहिए। चालक और परिचालक को होली पर प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। बसों का संचान समय से किया जाए। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और यात्रियों के बैठने के लिए और बेंच डाली जाए। आरएम रोडवेज वर्कशाप में गए और निर्देश दिए कि बसों में छोटी-मोटी कमियों को शीघ्र दूर किया जाए और सभी बसें सड़कों पर होनी चाहिए।

कोई भी बस वर्कशाप में नहीं खड़ी होनी चाहिए। उन्होंने वर्कशाप में गंदगी पाए जाने नाराजगी जतायी और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय एआरएम वित परवेज खान, एआरएम अरुण कुमार, वरिष्ठ डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## अधिकृत वेंडर वर्दी और गले में आईडी डालकर रखेंगे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्दी पर नेम प्लेट लगाएंगे, ट्रेनों में चलेगा अभियान

अमृत विचार: रेल प्रशासन ने फरमान जारी किया है कि होली के पर्व को लेकर अधिकृत वेंडर्स गले में क्यूआर कोड वाली आई डी और विशेष वर्दी में रहेंगे। वर्दी पर यात्री की नेम प्लेट पर नाम और मोबाइल नंबर लिखा होना चाहिए। यदि कोई वेंडर्स वदी और आई डी नहीं मिलेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को असली और नकली वेंडर की पहचान करने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। ट्रेनों में अवैध वेंडिंग और घटिया खाने पर लगाम कसने के लिए अब अधिकृत वेंडर्स को क्यूआर कोड वाले आई डी कार्ड दिए गए है। मोबाइल पर क्यूआर कोड नंबर डालने पर वेंडर्स का नाम, पता आदि पूरा ब्यौरा आ जाएगा।

रेल प्रशासन ने ट्रेनों में अनाधिकृत वेंडरों पर लगाम कसने के लिए यह कदम उठाया है। अधिकृत वेंडर्स अपनी वर्दी में रहेंगे और नेम प्लेट में अपना मोबाइल नंबर तथा नाम लिखा होगा। होली के पर्व को लेकर डाउन लाइन की ट्रेनों में अनाधिकृत वेंडरों की भरमार है। अनाधिकृत वेंडर जननायक एक्सप्रेस, गंगा सतलज एक्सप्रेस, गुवाहाटी एक्सप्रेस, पद्मावत एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों चल रहे है।

रेल प्रशासन ने होली के पर्व को लेकर आदेश जारी किया है कि अधिकृत वेंडर वर्दी और क्यूआर कोड का आई डी अपने गले में डालकर रखेंगे। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अधिकृत वेंडर को क्यूआर कोड की आई डी दे दी गई है। रेल अधिकारियों ने बताया कि अधिकृत वेंडर अपने गले में आई डी डालकर तथा वर्दी में रहेंगे। ट्रेन में अभियान चलाया जाएगा।

## सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अमरपाल सिंह

- 75 मत पाकर जीते चुनाव, लालाराम कनौजिया को मिले 62 वोट

संवाददाता, पुवायां



साथियों के साथ विजयी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। अध्यक्ष पद पर अमरपाल सिंह गरचा ने 75 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी लालाराम कनौजिया को 62 मत मिले।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार रावत, महामंत्री पद पर रामरेश चौधरी, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में यसजीत सिंह देओल और रवि शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में कनिष्ठ उपाध्यक्ष निर्भय चंद्र मिश्रा, संयुक्त मंत्री रमेश सिंह, प्रवक्ता देवेश सिंह और कोषाध्यक्ष दिनेश मिश्रा शामिल रहे। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संतोष पांडेय, संजीव सिंह और जितेंद्र त्रिवेदी चुने गए। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी एचएल वर्मा, सुखविंदर सिंह खिंडा और शैलेन्द्र त्रिवेदी की देखरेख में सम्पन्न हुई।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान अधिवक्ता मुकेश द्विवेदी, लक्ष्मण गौतम, ओमपाल यादव, संतोष कुमार, संतोष पांडेय, रामरेश चौधरी, रवि पंडित समेत अन्य तमाम अधिवक्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

## पांच मार्च को होगा होली मिलन मेला

तिलहर , अमृत विचार: नगर के नगरपालिका मैदान में दशकों से आयोजित हो रहे होली मिलन मेला का आयोजन इस वर्ष भी 5 मार्च को किया जाएगा। मेला संयोजक और व्यापारी नेता प्रदीप कुमार गुप्ता सर्राफ की मौजूदगी में बैठक कर आयोजन की रूपरेखा तय की गई और आय-व्यय का ब्योरा पेश किया गया। प्रदीप कुमार गुप्ता सर्राफ ने व्यापारियों व कमेटी सदस्यों से मेले को और आकर्षक बनाने के सुझाव मांगे। व्यापारियों ने खाने-पीने के स्टॉल और झूले लगाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरव गुप्ता रवि, लविश गुप्ता, हितेश गुप्ता रिंकू, अजीत गुप्ता, राजेश गुप्ता, अर्पित गुप्ता और अशोक रस्तोगी मौजूद रहे।

## होली पर 18 स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरु

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- त्रिवेणी एक्सप्रेस नियमित चलेगी, रोजा-बरेली पैसेंजर एक मार्च से संचालन

अमृत विचार: रेल प्रशासन ने होली के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। कई ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाएं गए है। इधर सप्ताह में तीन दिन चलने वाली डाउन व अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस का रोज संचालन शुरु हो गया है। रोजा-बरेली पैसेंजर समेत आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का संचालन 01 मार्च से शुरु हो जाएगा।

सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि होली के पर्व को लेकर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 04312 ऋषिकेश-हावड़ा 27 फरवरी और 03 मार्च को 06 बजकर14 मिनट आएगी, 04311 हावड़ा-ऋशिकेश 29 फरवरी, 05 मार्च को 15 बजकर 08 मिनट आएगी, 05736 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 26 फरवरी से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को 22 बजकर 04 मिनट आएगी, 05737 अमृतसर-कटिहार 28 फरवरी से 28 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को 0.18 बजे आएगी, 04302 हरिद्धार-मुजफ्फरपुर 25 फरवरी, 28 फरवरी, 03 मार्च को 18 बजकर 53 मिनट आएगी, 04301 मुजफ्फरपुर-हरिद्धार 27 फरवरी, 02 मार्च, 05 मार्च को 08 बजे आएगी, 04203 लखनऊ-नई दिल्ली 02 मार्च को 03 बजकर 36 मिनट पर आएगी, 04204 नई दिल्ली से लखनऊ 03 मार्च को 03 बजकर 36 मिनट पर आएगी, 05575 सहरसा-आनंद बिहार12 मार्च को 17 बजकर 20 मिनट पर आएगी, 05576 आनंद बिहार-सहरसा 10 मार्च, 17 मार्च को 11 बजकर 50 मिनट पर आएगी। रेल प्रशासन ने डाउन व अप लाइन की 18 ट्रेनों का होली स्पेशल संचालन शुरु किया है। इधर डाउन व अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरु हो गया है। कोहरे को लेकर बंद की गई डाउन व अप लाइन रोजा-शाहजहांपुर, शाहजहांपुर, बालामऊ, शाहजहांपुर-लखनऊ, शाहजहांपुर सीतापुर पैसेंजर का संचालन एक मार्च से शुरु हो जाएगा।

रमजान

मस्जिद दूल्हा शाह मियां में जश्न-ए-खत्म कुरआन

# विभिन्न मस्जिदों में तरावीह का पहला दौर किया गया मुकम्मल



मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित मस्जिद दूल्हा शाह मियां में हाफिज आबिद अली की गुलपोशी करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : रमजान के पवित्र महीने में विभिन्न मस्जिदों में तरावीह का पहला दौर पूरा किया जा रहा है। महानगर के मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित मस्जिद दूल्हा शाह मियां में 7 वीं तरावीह में कुरआन की तिलावत का पहला दौर मुकम्मल हो गया। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज आबिद अली की गुलपोशी कर उन्हें तोहफे दिए गए। जश्न की शुरुआत हाफिज इजहार खां ने तिलावत ए कुरआन से की। मुख्य अतिथि हाफिज जिया उल्ला खां ने पवित्र कुरआन की अजमत और फजीलत बयान करते हुए कहा कि पवित्र कुरआन सभी मनुष्यों के मार्गदर्शन के लिए नाज़िल हुआ। यह हम सभी के लिए सबसे अच्छा मार्गदर्शक है। हम सभी को जितना संभव हो सके पवित्र कुरआन का पाठ करना चाहिए। रेहान रजा कादरी ने कहा कि पवित्र कुरआन की शिक्षाओं का पालन किया जाना चाहिए और हमारे बच्चों को पवित्र कुरआन की तालीम अवश्य देना चाहिए। इस दौरान हाफिज हारून रजा, मोहम्मद सलमान ने नात व मनकबत सुनाई। इसके बाद कुरआन सुनाने वाले हाफिज आबिद अली व मस्जिद के इमाम मोहम्मद सलमान रजा को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नजराना व तोहफे पेश किये। हाफिज जिया उल्ला खां ने मुल्क में अमन और खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर मस्जिद सदर असद खां, डा मुसाहिब, शबाहत हुसैन, शाहिद, साजिद, सलमान, इमरान सईद, दिलशाद लाला, अब्दुल कादिर खां, मुईन खां आदि मौजूद रहे।

### रहमतों और बरकतों का महीना : मौलाना जाबिर



शाहजहांपुर : महानगर के मोहल्ला हुंडाल खेल, अम्बा टाकीज रोड स्थित मस्जिद बिस्मिल्लाह में 7 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने के मौके पर जश्न का आयोजन किया गया। जिसका आगाज मस्जिद के इमाम ने कुरआन की तिलावत से किया। मौलाना जाबिर शाह नियाजी ने रमजान के महीने की फजीलत बयान करते हुए बताया कि रमजान रहमतों और बरकतों का महीना है। अल्लाह इस महीने मे हमारी इबादतों और नेकियों का कई गुना सवाब बढ़ा देता है। हमें ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारना चाहिए। मुफ्ती राहिल रजा मरकजी ने कहा कि रमजान में सदका व जकात भी ज्यादा से ज्यादा देना चाहिए है। कुरआन दुआ भी है, दवा भी है और शिफा भी है। इस दौरान मुजीब अत्तारी ने नातिया कलाम सुनाया। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज फरियाद अहमद व मस्जिद के इमाम लाला वारसी व मोहम्मद इमरान और मोअज्जिन मोहम्मद तनवीर को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नजराना व तोहफों से नवाजा। मुफ्ती राहिल रजा ने मुल्क की खुशहाली की दुआ की गई। इस मौके पर कारी जीशान, ईदगाह कमेटी के सदर राहत अली खां कुन्नू, सचिव सैयद कासिम रजा, सपा नेता अब्दुल कादिर खां, चमन खां, सैयद अरकम, बबलू अंसारी, गुफरान अहमद आदि थे।

## मदरसा बोर्ड के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे संचालक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से संचालित मदरसों में परिषद पूरे माह रमज़ान में 16 फरवरी से 20 मार्च तक वार्षिक अवकाश घोषित होने के बाद भी जनपद के मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालक मनमाने तरीके से परिषद के तातील नामा (अवकाश तालिका) को ठेंगा दिखा कर मदरसे संचालित कर रहे हैं।

परिषद कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित तिथियों के दौरान सभी मान्यता प्राप्त मदरसे पूर्णतः बंद रहेंगे और किसी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित नहीं की जाएगी। अनुदानित मदरसे तो बोर्ड के नियमों का पालन कर रहे हैं। मगर मान्यता प्राप्त मदरसे नियमों का मजाक बना रहे हैं।

जनपद में नगर सहित तिलहर, कटरा, जलालाबाद, कांट, सिंधौली, पुवायां, में संचालित मान्यता प्राप्त मदरसा संचालक परिषद के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। परिषद से मान्यता मदरसे अवकाश अवधि में भी नियमित रूप से खोले जा रहे हैं तथा कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालकों के लिए मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार का आदेश कोई मायने नहीं रखता है। जनपद के अधिकारी भी इस ओर ध्यान दे रहे हैं।

### जांच कर परिषद को अवगत कराएंगे

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने इस मामले में बताया कि मदरसा परिषद ने अवकाश सूची पहले ही घोषित कर दी है। जिसमें पूरे रमजान एक माह का अवकाश रहता है। मदरसा प्रबंधक वार्षिक अवकाश में मदरसे खोलकर परिषद के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं। जांच कर परिषद को अवगत कराया जाएगा

### कुल 145 मदरसे

जिले में कुल 145 मदरसे संचालित हो रहे हैं। इनमें 5 अनुदानित और 140 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं।



**इफ्तार** बृहस्पतिवार
सुन्नी: 6:13
शिया: 6:27

**सहरी** शुक्रवार
सुन्नी: 5:14
शिया: 5:07

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा से टकराकर छात्र घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** बुधवार सुबह करीब 8 बजे नगर के मोहल्ला कुंवरगंज में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ई-रिक्शा में पीछे से टकरा गया, जिससे हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहा छात्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने 108 एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल छात्र की पहचान बृजेश कुमार पुत्र सुआलाल निवासी ग्राम बरखेड़ा हवेली थाना मीरानपुर कटरा के रूप में हुई। परिजन छात्र को क्षेत्र के बंथरा स्थित रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### युवती को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 23 फरवरी की शाम वह अपनी पत्नी के साथ बाजार में खरीददारी करने के लिए गया था। उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर पर थी। वह लौटकर आया तो पुत्री घर पर नहीं मिली। उसने तलाश किया और नहीं मिली। उसे पता चला कि पुवायां का अंकित उसकी बेटी को अगवा करके ले गया है। उसकी पुत्री घर से नकदी, जेवर ले गयी है।

### रेलवे मजदूर यूनियन का गठन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन शाखा रोजा का गठन किया गया। सर्वसम्मति से शाखा अध्यक्ष आशीष कुमार वर्मा, अंबिका प्रसाद व अमित कुमार सिंह उपाध्यक्ष, प्रमोद सिंह सचिव, मनोज कुमार सहायक सचिव, दीपेंद्र मिश्रा संगठन सचिव, धर्मपाल प्रसाद मीडिया प्रभारी, महेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए।

### छात्र की पिटाई में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला खलील शर्की निवासी हिमाशु तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 23 फरवरी की शाम कांट से इंटर की परीक्षा देकर अपने घर आ रहा था। रास्ते में कनौजिया अस्पताल के निकट पांच लोगों ने उसे रोक लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर छात्र को धारदार हथियार से घायल कर दिया था। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। पुलिस ने आरोपी सुखमन, प्रीत, अभी यादव और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### सांड के हमले में अध्यापिका घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** खुटार रोड स्थित ग्रामीण बैंक के पास बुधवार को एक सांड के हमले में सरकारी अध्यापिका चुन्नी देवी मिश्रा घायल हो गईं। वह किसी कार्य से बाजार गई थीं, तभी अचानक सांड ने उन पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया और तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया। घायल चुन्नी देवी मिश्रा, अधिवक्ता मनीष मिश्रा की माता तथा हरिओम मिश्रा की पत्नी हैं और मोहल्ला छावनी की निवासी हैं। चिकित्सकों के अनुसार हमले में उनके हाथ में फ्रैक्चर हुआ है, जिसका निजी अस्पताल में उपचार किया गया।

# हादसों में चालक समेत तीन की मौत, दो घायल

## रोजा में ट्रैक्टर पलटने से चालक, तिलहर में डीसीएमव डनलप पर युवक और बंडा में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/रोजा

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। रोजा क्षेत्र में एक फैक्ट्री में ट्रैक्टर पलट जाने से युवक की मौत हो गयी। तिलहर क्षेत्र डीसीएम ने डनलप बैलगाड़ी को टक्कर मारने युवक की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गए। बंडा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन से बाइक सवार की मौत हो गयी।



मृतक अमित।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव गुर्री निवासी 45 वर्षीय सर्वेश कुमार नेकनामपुर गांव में रिफाइंड आयल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। मंगलवार की देर रात वह ट्रैक्टर से भूसी लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया, जिससे सर्वेश दबकर घायल हो गया। धायल को अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान मृतक के परिवार वाले फैक्ट्री में पहुंच गए। परिवार वालों ने आर्थिक सहायता की मांग को लेकर फैक्ट्री के अंदर प्रदर्शन किया। रोजा थाना प्रभारी मौके पर गए और परिवार वालों से जानकारी। प्रभारी निरीक्षक ने परिवार वालों को शांत कराया और आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। फैक्ट्री मालिक ने आर्थिक सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। मृतक की पत्नी गीता और बच्चों का रो-रोकर बुराहाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



क्षतिग्रस्त डनलप गाड़ी। • अमृत विचार



शोक में डूबे अमित के परिजन। • अमृत विचार

### डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी 26 वर्षीय अमित कुमार तिलहर चीनी मिल में डनपल बैल गाड़ी से गन्ना डालने के लिए गए थे। मंगलवार की रात डेढ़ बजे अमित डनलप गाड़ी लेकर चीनी मिल से अपने गांव आ रहे थे। डनलप गाड़ी पर गांव के हरवीर और जसवीर भी बैठे हुए थे। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पावर हाउस के सामने डीसीएम ने पीछे से डनलप गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे डनलप गाड़ी पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को तिलहर सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। चालक डीसीएम छोड़कर भाग गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया। मौत की खबर से पत्नी छाया देवी और अन्य लोगों का रो-रोकर बुराहाल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बंडा :** थाना क्षेत्र के गांव विराहिमपुर निवासी 25 वर्षीय कुलदीप मिश्रा सोमवार को अपनी बहन के घर लखीमपुर खीरी के गोला के गांव सौफिया गांव गया था। मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे वह अपने घर वापस आ रहा था। बंडा-पूरनपुर गार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को सीएचसी बंडा पर भेजा गया। डाक्टर ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गुवाहाटी एक्सप्रेस में शव ने 135 किमी सफर किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **हरियाणा में काम करता था, भाई के साथ मुजफ्फरपुर जा रहा था हार्ट अटैक से मौत**

**अमृत विचार:** गुवाहाटी एक्सप्रेस में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिवार के साथ हरियाणा से बिहार जा रहा था। जबकि व्यक्ति की रामपुर में मौत हो गयी। शव ने रामपुर से शाहजहांपुर तक 135 किमी तक सफर किया है। परिवार वालों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जतायी है। परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिले के थाना कोदरिया के गांव गोसाई पुर निवासी 39 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार राय हरियाणा में एक कंपनी में काम करते थे। उसके साथ उसका भाई अरुण कुमार राय भी रहता था। धर्मेंद्र कुमार ने अपना गुवाहाटी एक्सप्रेस में परिवार के साथ मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के लिए रिजर्वेशन कराया था। गुवाहाटी एक्सप्रेस में एस-6 में 54 और 56 नंबर बर्थ थी। दोनों भाई गुवाहाटी एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। अरुण कुमार ने अपने भाई को तिलहर रेलवे स्टेशन के आस-पास जगाया तो नहीं जागे और बेहोशी हालत में थे। उन्होंने कोच के टीटीई को जानकारी दी। टीटीई ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। ट्रेन स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी। इस दौरान आरपीएफ, जीआरपी और टीटीई कोच में पहुंचे। आरपीएफ और जीआरपी ने धर्मेंद्र को कोच से नीचे उतारा। जीआरपी ने उसके भाई से जानकारी की। जीआरपी ने यात्री धर्मेंद्र को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि मुरादाबाद तक उनके भाई ठीक थे और मुरादाबाद के बाद रामपुर तक सही थे। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके भाई की हार्ट अटैक से मौत हुई। उनके भाई बीमार नहीं थे। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जीआरपी ने पंचनामा भरकर शव को सुपुर्द कर दिया। वह अपने भाई का शव लेकर मुजफ्फरपुर चले गए। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था।

# सर्विस रोड पर ठेले वालों से लूट, तमंचे की बट से हमला

संवाददाता, तिलहर

- **मूंगफली व अंडा विक्रेता साले बहनोई से 9 हजार रुपये छीने**

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र से सटी सलेमाबाद पट्टी निवासी मूंगफली विक्रेता सोनू पुत्र राजाराम ने बताया कि वह सोमवार रात करीब 10 बजे ठेला लेकर घर लौट रहे थे।

उनके आगे उनका साला जमुना प्रसाद पुत्र साधूराम निवासी खड़खड़ी चल रहा था, जो बाईपास पर अंडे का ठेला लगाता है। दोनों राधा फिलिंग स्टेशन के पास सर्विस रोड पर पहुंचे ही थे कि सामने से आए तीन बाइक सवारों ने जमुना प्रसाद को रोक लिया। सोनू के अनुसार आरोपियों ने जमुना प्रसाद से रुपये निकालने को कहा और उसकी जेब में हाथ डालने लगे। जब उन्होंने पूछताछ की तो हमलावरों ने पहले सोनू पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी जेब से 5500 रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर उसके सिर पर तमंचे की बट से कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपियों ने जमुना प्रसाद से भी 3500 रुपये छीन लिए और फरार हो गए। घायल सोनू का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने बाईपास पर मौजूद एक पुलिसकर्मी को सूचना दी, लेकिन पुलिसकर्मी ने बिना सबूत कार्रवाई में असमर्थता जताई। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है और घटना संदिग्ध लग रही है।

## रास्ते में रोककर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**खुदागंज, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम कुकहा महमूदपुर निवासी आशीष मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी की शाम वह अकबरी खुदागंज से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही सुरेंद्र बाबू, अनुराग, विमल, संदीप कुमार और राम जी सहित अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपित हमलावर हो गए और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में प्रदीप के सिर में चोटें आई हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# तंत्र-मंत्र से संतान का झांसा, लाखों ठगे

संवाददाता, अल्हागंज

- **अल्हागंज पुलिस ने आरोपी को जेवर व दो लाख नगदी सहित पकड़ा**
- **तांत्रिक हवन में जेवर चढ़ाने के बहाने महिला से ले ली लाखों की धनराशि**

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला बगिया में तंत्र-मंत्र से संतान प्राप्ति का झांसा देकर एक महिला से लाखों रुपये और जेवर ठगने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से दो लाख रुपये नकद, दो मोबाइल फोन और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार थाना निगोही के ग्राम गनपतपुर निवासी बुधपाल का पुत्र करन कुशवाह वर्तमान में थाना कांट के ग्राम मरैना में रह रहा था। बताया गया कि अल्हागंज के मोहल्ला बगिया निवासी रामसेवक के यहां कीर्तन कार्यक्रम में करन पहुंचा था। कार्यक्रम के दौरान वह भजन गाने लगा। इससे प्रभावित होकर गुड्डी पत्नी रामसेवक ने उसे घर पर दावत के लिए बुलाया। आरोप है कि करन को जब पता चला कि गुड्डी की संतान नहीं है तो उसने तंत्र-मंत्र के माध्यम से संतान दिलाने का झांसा दिया। उसने हवन में जेवर की आहुति देने की बात कही। संतान की चाह में गुड्डी ने उसे कई लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवर दे दिए। जब काफी समय बीतने के बाद भी संतान नहीं हुई तो गुड्डी को ठगी का एहसास हुआ। उसने पूरी बात अपने पति को बताई। इसके बाद रामसेवक ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने मामले की जांच के लिए टीम गठित की। पुलिस ने करन की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने तंत्र-मंत्र के नाम पर रुपये और जेवर लेने की बात स्वीकार की। आरोप है कि उसने और रुपये की मांग भी की थी तथा महिला से जमीन बेचकर रकम देने का आश्वासन भी लिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, सोने के एक जोड़ी झुमके, एक जोड़ी टाप्स, एक मांग बेंदी, दो जोड़ी पायल और दो लाख रुपये नगद बरामद किए हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 09 फरवरी की रात में खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया था। उसकी पत्नी दूसरे घर में जानवरों के पास लेटी हुई थी। घर के अंदर उसकी 15 वर्षीय पुत्री और बेटा सो रहे थे। आरोप है कि रात में दो बजे गांव का एक युवक उसके मकान की दीवार फांदकर अंदर घुस आया। उसने बक्से का ताला तोड़ दिया और चार हजार रुपये, सोने का नाक का फूल, बेसर चुरा लिया। इस दौरान उसकी बेटी की नींद खुल गयी। आरोप है कि आरोपी ने उसकी बेटी के सीने पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर रहे है।

## सभासदों के विरोध से नगर पालिका बोर्ड बैठक निरस्त

**तिलहर, अमृत विचार:** नगर पालिका की बोर्ड बैठक सभासदों के विरोध के चलते बुधवार को अगली तारीख तक के लिए निरस्त कर दी गई। यह बैठक नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की ओर से आहूत की गई थी और बुधवार दोपहर 2:00 बजे प्रस्तावित थी।

बैठक से पहले सभासदों ने होली और रमजान के चलते इसे अगली तारीख तक स्थगित करने की मांग की थी। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि निर्धारित समय पर केवल चार सभासद ही नगर पालिका प्रांगण पहुंचे थे। पालिका अध्यक्ष हजारा बेगम ने भी कहा कि जब अधिकांश सभासद उपस्थित नहीं हो रहे हैं तो बैठक को अगली तारीख तक निरस्त कर दिया जाए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि रमजान और होली के बाद नई तारीख तय कर बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी।

# संभावी शुक्ला के पिता ने दी आत्मदाह की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **आरोपी प्रखर खुलेआम घूम रहा, सदर पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** चिनौर गांव की शिक्षिका संभावी शुक्ला की मौत के मामले में पुलिस कई घंटे बीत जाने के बाद आरोपी प्रखर वाजपेई को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। मृतका के पिता का आरोप है कि आरोपी खुले आम घूम रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि 48 घंटे के अंदर आरोपी प्रखर वाजपेई को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आत्मदाह कर लेगा।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी निर्मला देवी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि छह माह पूर्व उसकी पुत्री संभावी शुक्ला ने बताया था कि प्रखर वाजपेयी निवासी चौक कोतवाली को जानता हूं। वह उसकी पुत्री से शादी करना चाहता है। उसकी पुत्री पुवायां क्षेत्र में एक स्कूल में शिक्षिका थी। उन्होंने बेटी की शादी के सिलसिले में आरोपी के परिवार वालों से मिली थी। आरोपी के परिवार वालों ने कार और पांच लाख रुपये की मांग की थी। आरोपी उसकी पुत्री से बराबर फोन पर बात करता था। उसकी पुत्री का आरोपी से काफी नजदीक रिश्ता बन गया था। 12 फरवरी की रात में उसकी पुत्री से प्रखर वाजपेई से कहासुनी हो गयी थी और आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। उसकी पुत्री ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी प्रखर वाजपेयी समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मृतका के पिता का आरोप है कि सदर बाजार पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है और आरोपी खुलेआम घूम रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि आरोपी 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं हुआ तो आत्मदाह कर लेगा। पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी होगी।

## ट्रक से गोवंश ले जाने का आरोप, टक्कर मारने की शिकायत

**तिलहर ,अमृत विचार:** हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनकी गाड़ी में टक्कर मारने का प्रयास किया गया।

दीपक त्रिपाठी ने बताया कि कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर पर संगठन का कार्यक्रम चल रहा था, तभी एक ट्रक वहां से गुजरा जिसमें गोवंश क्रूर तरीके से भरा होने का अंदेशा हुआ। जानकारी मिलने पर वह अपनी टीम के साथ ट्रक को रोकने के लिए पीछे गए, लेकिन चालक ने कई बार इशारा करने के बावजूद वाहन नहीं रोका और उनकी गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की, जिससे उनकी गाड़ी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रक चालक गोवंश का अवैध परिवहन कर रहा था और पकड़े जाने के डर से हमला करने की कोशिश की। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# जलालाबाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **फर्रुखाबाद में करता था काम, घर पर आया था**

**अमृत विचार:** जिगनेरा गांव में एक युवक ने गांव के बाहर खेत पर पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली है। मृतक फर्रुखाबाद में एक ईट भट्टे पर काम करता था। वह मुकदमे की तारीख को लेकर सोमवार को अपने घर फर्रुखाबाद से आया था।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव जिगनेरा निवासी 30 वर्षीय मनोज कुमार फर्रुखाबाद में शमशाबाद में एक ईट भट्टे पर काम करता था। उसके खिलाफ पांच साल पहले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था, जो कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। मंगलवार को उसकी कोर्ट में तारीख थी। मनोज सोमवार की दोपहर फर्रुखाबाद से अपने घर जलालाबाद आया था। वह शाम आठ बजे घर से निकला और घर वापस नहीं आया। परिवार वालों ने गांव में उसकी तलाश की और पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह सात बजे गांव वाले खेत पर जा रहे थे। गांव वालों ने देखा कि मनोज का शव पेड़ से रस्सी से लटका हुआ है। उसकी चप्पलें पेड़ के नीचे पड़ी थी। सूचना पर जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और पेड़ से शव को नीचे उतारा। परिजनों का आरोप है कि सोमवार की शाम उसका गांव में कुछ लोगों से झगड़ा हो जाने पर मारपीट हुई थी। परिवार वालों ने कहा कि मारपीट से आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक मनोज पांच भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव के बाहर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आठ आढ़ती हटाने पर मंडी सचिव का विरोध

**जलालाबाद, अमृत विचार:** नवीन कृषि मंडी में मंडी सचिव पर पक्षपात और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। आढ़तियों का कहना है कि मंडी परिसर में पर्याप्त खाली जगह होने के बावजूद एक लाइन के आठ आढ़तियों को बिना नोटिस और बिना बैठक जबरन हटाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि प्रस्ताव मनमाने तरीके से पास कर लोगों की रोजी-रोटी छीनने की कोशिश हो रही है। भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव डॉ. शराफत अली मंसूरी और मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव से मुलाकात कर खाली जमीन पर निर्माण कराने का अनुरोध किया गया है।

### दुकानदार को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी सनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 फरवरी को रात साढ़े नौ बजे दुकान पर था। रोशनगंज के आयुष शेखर कश्यप, आकाश कश्यप, विशाल कश्यप आदि दुकान पर गाली देने लगे। विरोध करने पर हथियार से घायल कर दिया।

# छह माह का बकाया न मिलने पर घेराव

संवाददाता, शाहजहांपुर

- **भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर निगम पर प्रदर्शन**
- **ईपीएफ-ईएसआई, वरिष्ठता व एसीपी भुगतान का मुद्दा उठाया**

**अमृत विचार:** भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामनिवास बाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले छह माह से भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने सभी बकाया भुगतान किए जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने नगर निगम प्रशासन को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नए टेंडर के तहत लगाए गए अधिकांश आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को छह माह से मानदेय नहीं दिया गया है। साथ ही न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत ठेका सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह 400 रुपये कम भुगतान किया जा रहा है, जिसे तत्काल सुधारा जाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग पर लगे सफाई कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआई नहीं काटा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि टेंडर होने के बाद से अब तक का पूरा ईपीएफ और ईएसआई तुरंत जमा कराया जाए। ज्ञापन में संविदा कर्मचारियों की वरिष्ठता का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि पिछले 20 वर्षों से अनुबंध पर सफाई कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को वरिष्ठता के आधार पर सफाई नायक नहीं बनाया जा रहा है, जबकि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को यह जिम्मेदारी दी जा रही है। इसे रोकने और संविदा कर्मचारियों को सफाई नायक बनाए जाने की मांग की गई। रामनिवास बाल्मीकि ने कहा कि जब संविदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हुई थी, तब शाहजहांपुर नगर पालिका था। अधिकारियों की मनमानी के कारण तब से संविदा कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं काटा गया। उन्होंने संविदा कर्मचारियों के ईपीएफ की कटौती शुरू करने और उन्हें सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की मांग की। इसके साथ ही स्थायी सफाई कर्मचारियों के एसीपी बकाया भुगतान को जल्द जारी करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। हाल में इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लगाए गए ड्राइवरों को किस टेंडर और किस अनुबंध के तहत कार्य पर लगाया गया, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई। प्रत्येक वार्ड में स्थायी, संविदा और आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगे सफाई कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की गई।

# ई-रिक्शा पर महिला के बैग से हजारों रुपये के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **दो महिलाएं उसके बगल में बैठ गयी थी, बाइक पर बैठकर फरार, कैमरे खंगाले जा रहे**

**अमृत विचार:** हरदोई जिलें के गांव रुपापुर नकटोरा निवासी नन्हीं देवी अपनी छोटी बेटी के नामकरण कार्यक्रम से लौट रही थी।

वह अपनी बेटी सपना देवी और पिंकी देवी के साथ बुधवार की दोपहर जलालाबाद बस अड्डे पर जा रही थी। जलालाबाद क्षेत्र में कोला पुल के पास दो महिलाओं ने ई-रिक्शा रुकवाया और ई-रिक्शा पर नन्हीं देवी के पड़ोस में बैठ गयी। हरियाली बाजार के सामने एक अज्ञात महिला उसकी एक साल की बेटी को नोच कर रुला दिया। नन्हीं देवी अपनी बेटी को चुप कराने में लग गयी। अज्ञात महिला ने उसके बैग की चेन खोल ली। महिला ने बैग से सोने की चेन, अंगूठी, दो जोड़ी पायल, एक कमर बिछुआ निकाल लिया। दोनों महिलाएं रास्ते में उतर गयी और पीछे बाइक पर आ रहे एक युवक की बाइक पर बैठकर फरार हो गयी। महिला की निगाह बैग की चेन पर पड़ी और देखा कि जेवर गायब था। उसने शोर मचाया कि महिलाएं उसके जेवर चुराकर ले गयी। पीड़िता जलालाबाद थाना पर गयी और सूचना दी। उप निरीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गयी और जांच की जा रही है। पुलिस फुटेज खंगाल रही है।

# दुष्कर्म के दोषी बुजुर्ग को 20 वर्ष की जेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मदनापुर क्षेत्र की घटना में अदालत का सख्त फैसला, 20 हजार का जुर्माना**
- **शादी से बहला-फुसलाकर खेत ले गया था आरोपी, फोटो पहचान के बाद गिरफ्तारी**

**अमृत विचार :** थाना मदनापुर क्षेत्र के एक गांव में करीब नौ महीने पहले हुई दुष्कर्म की घटना में जिला अदालत ने 65 वर्षीय जुगेंद्र को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। घटना के समय छह साल की बच्ची अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आई थी। समारोह के दौरान वह अन्य बच्चों के साथ नाच रही थी।

इसी बीच गांव का रहने वाला जुगेंद्र उसे जबरन खेत की ओर ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद बच्ची रोती-बिलखती घरवालों के पास पहुंची। उसके कपड़ों पर खून और मिट्टी लगी थी। परिवार ने तुरंत पुलिस को खबर दी और बच्ची को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और सीओ सदर प्रयांक जैन पुलिस टीम के साथ पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू की। अस्पताल में पूछताछ के दौरान बच्ची आरोपी का नाम साफ तौर पर नहीं बता सकी और 'बाबा' कहकर रोती रही। इसके बाद पुलिस ने शादी में खींची गई तस्वीरों और वीडियो की जांच की। शक के आधार पर कुछ फोटो बच्ची को दिखाए गए, जिनमें उसने जुगेंद्र की तस्वीर पहचान ली। पहचान होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और जांच पूरी कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कक्ष संख्या 43 शिव कुमार तृतीय की अदालत में हुई। विशेष लोक अभियोजक दीप कुमार गुप्ता ने अदालत में कहा कि अपराध अत्यंत गंभीर है और आरोपी को कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जाए। अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर जुगेंद्र को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। फोटो कैप्शनः जिला अदालत परिसर, जहां पॉक्सो मामले में दोषी को सजा सुनाई गई।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# प्रभारी मंत्री ने की विकास व कानून व्यवस्था की समीक्षा

## अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, प्राथमिक शिक्षा और फैमिली आईडी में जिला ग्रेड-ए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विकास भवन में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह ने मंत्री को अवगत कराया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना में जिला को ग्रेड-ए प्राप्त हुआ है। उद्यान विभाग की ओर से फैमिली आईडी कार्य में भी जिला को ग्रेड-ए मिला है तथा प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी जिला ग्रेड-ए श्रेणी में शामिल है। कृषि विभाग की योजनाएं सुचारू रूप से संचालित हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना, दुग्ध विकास, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण, नाली और जल निकासी की समस्याएं उठाईं। इस पर प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। राजस्व समीक्षा में बताया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष जीएसटी में 66.5 प्रतिशत, परिवहन कर में 94.11 प्रतिशत, विद्युत ऊर्जा कर में 66 प्रतिशत, माइनिंग धातु कर में 77 प्रतिशत, कृषि विपणन में 110 प्रतिशत तथा सड़क परिवहन में 110 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हो चुका है। प्रभारी मंत्री ने जीएसटी, आबकारी, स्टांप, मंडी और विद्युत सहित अन्य विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष समय से शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने एनडीपीएस अधिनियम, इनामी अपराधियों, जिला बदर कार्रवाई, धारा 302 के लंबित प्रकरण और पास्को एक्ट के मामलों की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और मामलों की समयबद्ध व निष्पक्ष विवेचना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

● **राजस्व वसूली समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश, त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई पर जोर**

बैठक में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, पुवायां विधायक चेतराम, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### बजट देगा गति

प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश का 9 लाख 12 करोड़ से अधिक का बजट लोक कल्याण और लोकहित पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट प्रदेश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी, रोजगार, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण में सुधार हुआ है। अपने दौरे में उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए बेहतर विद्युत व्यवस्था, किसानों को खाद की उपलब्धता, बरसात से पहले सड़कों और सेतु के अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचे और अपराध नियंत्रण में किसी भी अपराधी को बख्शा न जाए।

### निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय, कन्वेंशन सेंटर और अर्बन हाट का निरीक्षण किया

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मोहल्ला ककरा, कॉकर कुण्ड स्थित निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन, कन्वेंशन सेंटर और अर्बन हाट-प्लाजा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस के परियोजना प्रबंधक रघुवंश राम और स्थानिक अभियंता सुशील कुमार मौजूद रहे। नगर निगम कार्यालय भवन के भूतल का स्ट्रक्चर, फ्लोरिंग और पेंटिंग कार्य पूर्ण पाया गया, फाल्स सिलिंग और इलेक्ट्रिकल का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा है। प्रथम तल पर स्ट्रक्चर पूर्ण, फ्लोरिंग-पेंटिंग 90 प्रतिशत और फाल्स सिलिंग-इलेक्ट्रिकल 75 प्रतिशत कार्य पूरा मिला। द्वितीय तल पर स्ट्रक्चर पूर्ण, शेष कार्य 50 प्रतिशत प्रगति पर है। तृतीय तल पर आंतरिक प्लास्टरिंग जारी है। चतुर्थ तल पर छत ढलाई और प्लास्टरिंग पूर्ण है। डोम की ढलाई पूर्ण कर प्लास्टर कार्य प्रगति पर है। कन्वेंशन सेंटर में प्लिंथ लेवल तक कार्य पूर्ण और 50 प्रतिशत कॉलम ढलाई स्लैब लेवल तक है। अर्बन हाट-प्लाजा में मुख्य भवन प्लिंथ तक पूर्ण, 50 प्रतिशत कॉलम ढलाई और चिनाई पूर्ण, बाउंड्रीवाल में 70 प्रतिशत प्लास्टर और ग्रिल कार्य पूरा है। प्रभारी मंत्री ने कार्यदायी संस्था को तीनों परियोजनाएं निर्धारित समय में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में 1.28 करोड़ की सहायता वितरित

अटल ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह सम्मेलन प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। मंत्री ने समूहों के स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं से उत्पाद, बिक्री और आय की जानकारी ली। सम्मेलन में 99 समूहों को 29 .70 लाख रुपये का रिवॉल्विंग फंड और 66 समूहों को 99 लाख रुपये की सामुदायिक निवेश निधि का चेक वितरित किया गया। 10 लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि बीसी सखी के माध्यम से गांवों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने बताया कि अब तक 15,982 स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में लगभग 550 महिला सदस्य शामिल रहीं। परियोजना निदेशक डीआरडीए अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह और उपायुक्त स्वरोजगार यशोवर्द्धन सिंह मौजूद रहे।

## यादव जी की लव स्टोरी की रिलीज रोकने की मांग

**तिलहर , अमृत विचारः** यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर समाजवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष विवेक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर एसडीएम सदानंद सरोज को ज्ञापन सौंपने पहुंचे।

विवेक यादव ने कहा कि फिल्म में यादव समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले दृश्य दिखाए गए हैं, जिससे समाज की नकारात्मक छवि प्रस्तुत हो रही है। वकील राजीव यादव ने मांग की कि फिल्म की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक देशभर में इसके प्रसारण पर रोक लगाई जाए।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने वेतन को लेकर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते पदाधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

● **संयुक्त एनएचएम कर्मचारियों ने जताई नाराजगी, दिया ज्ञापन**

**अमृत विचारः** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कार्मिक कई वर्षों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हामारी, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाएं और ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है, इसके बावजूद वेतन भुगतान में लगातार देरी, सेवा सुरक्षा का अभाव और सामाजिक सुरक्षा से वंचित रहने जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अल्प वेतन और अनिश्चित सेवा परिस्थितियों के कारण वे आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं, जिसका असर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्थिरता पर पड़ रहा है। ज्ञापन में स्पर्श पोर्टल के माध्यम से हो रहे वेतन भुगतान में तकनीकी समस्याओं के कारण देरी का मुद्दा उठाया गया। कर्मचारियों ने मांग की कि एसएनए-ईस्पर्श से वेतन भुगतान को अलग किया जाए या पोर्टल में त्वरित सुधार कर प्रत्येक माह की 3 तारीख से पूर्व नियमित वेतन और प्रोत्साहन राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा प्रदेश के कुल बजट का न्यूनतम 9-10 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए निर्धारित करने, आईपीएचएस मानकों के अनुसार नए पद सृजित करने और 10 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके कार्मिकों के नियमितीकरण की मांग भी रखी गई। कर्मचारियों ने वेतन विसंगतियां दूर कर वरिष्ठता आधारित वेतन नीति लागू करने, वार्षिक वेतन वृद्धि और अनुभव आधारित लाभ देने की भी मांग की। सामाजिक सुरक्षा के तहत स्वास्थ्य बीमा, ईपीएफ और ग्रेच्युटी उपलब्ध कराने, सेवा प्रदाता कंपनियों के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को स्वास्थ्य समिति या आउटसोर्स सेवा निगम में समाहित करने तथा मानव संसाधन नीति और श्रम कानूनों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई। ज्ञापन में कहा गया कि ये मांगें केवल कर्मचारियों के हित तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रदेश में सुदृढ़ और पारदर्शी स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण से जुड़ी हैं। ज्ञापन देने वालों में विनीत पांडे, डॉ अशोक दीक्षित, विक्रम सिंह, डॉ आशुतोष चौहान, सुबोध दीक्षित, नेहा बाजपेई, अनुराग, सिद्धार्थ शर्मा, डॉ सलीम, पंकज अग्निहोत्री, विजय सिंह, शमसुद्दीन और वरुणदीप सहित तमाम कर्मचारी और डॉक्टर मौजूद रहे।

## मिथिलेश भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह के सदस्य बने

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया को लोकसभा अध्यक्ष की ओर से भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच विधायी संबंधों को मजबूत करना और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना बताया गया है। मनोनयन की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों और क्षेत्र के लोगों में खुशी जताई गई। लोगों का कहना है कि सौम्य छवि और कूटनीतिक समझ से भारत और श्रीलंका के संबंधों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदारी के लिए वह प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत हों ।

## तीन युवक गिरफ्तार, चोरी का डीजल बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के गुलाम खेड़ा निवासी सुधा ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके पति सर्वेश की पिकअप है। 23 की रात में घर के बाहर पिकअप खड़ी थी। चोरों ने पिकअप में रखा 220 लीटर डीजल चुरा लिया था। पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। पुलिस ने बुधवार को तीन चोरों को गुलाम खेड़ा के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 90 लीटर चोरी का डीजल बरामद किया है। पकड़े गए चोर गुलाम खेड़ा के हिमांशु, रचित, मोहित है। चालान कर दिया है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिके करुनानिधि रोए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **गुरुपूजन, रुद्र महायज्ञ और श्रीरामकथा से भक्तिमय हुआ मुमुक्षु आश्रम परिसर**

**अमृत विचारः** मुमुक्षु आश्रम में चल रहे मुमुक्षु महोत्सव के द्वितीय दिवस पर भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुपूजन से हुआ। अमरकंटक से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज ने स्वामी शुकदेवानंद की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन किया। पूजन कराने वालों में आदेश पांडेय और ललित शुक्ला प्रमुख रहे। इस अवसर पर अनंत श्री स्वामी अभेदानंद सरस्वती महाराज, अनंत श्री स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज और स्वामी गंगेश्वरानंद महाराज उपस्थित रहे। पूजन के उपरांत रुद्राष्टाध्यायी के पाठ के साथ रुद्र महायज्ञ प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन श्री राम कथा का शुभारंभ हनुमान स्तुति और "श्री राम जय राम जय जय राम" भजन के साथ हुआ। कथा व्यास विजय कौशल महाराज ने कहा कि यदि जीवन में श्रद्धा हो तो संत स्वयं चलकर आते हैं, उन्हें बुलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। शिव-पार्वती प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि नारद ने पार्वती की हस्तरेखाएं देखकर कहा था कि गहन तप से ही शिव पति रूप में प्राप्त होंगे। पार्वती की मां मैना उनकी कम उम्र को लेकर चिंतित हुईं, तब देवर्षि नारद ने समझाया कि वरण और मरण व्यक्ति को स्वयं तय करने पड़ते हैं तथा पार्वती साक्षात जगदंबा हैं और शिव ही उनके पति होंगे। कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन हुआ। भगवान शिव की अघोरी बारात, भस्म लेपन, गले में सांप और भूत-प्रेतों की टोली देखकर मैना और अन्य लोग भयभीत हो गए थे। बाद में पार्वती के अनुरोध पर शिव ने सुंदर रूप धारण किया और विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का मार्मिक प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण को सुदामा के आगमन का समाचार मिला, वह सिंहासन छोड़कर दौड़ पड़े। सुदामा की दीन दशा देख उनकी आंखों से आंसू बह निकले और उन्हीं आंसुओं से सुदामा के चरण धुले। पैरों में चुभे कांटे कृष्ण ने दांतों से निकाले। "देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिके करुनानिधि रोए" भजन पर श्रोता भावुक हो उठे। दूसरे दिन मुख्य यजमान संजीव बंसल और कल्पना बंसल रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद और श्रीमती रश्मि आजाद ने पूजन एवं आरती की। "हे राजा राम तेरी आरती उतारूँ" की धुन से वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रसाद वितरण कॉलेज के क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर अजीत सिंह चारग की ओर से किया गया। मंच पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सर्वेश्वरानंद और स्वामी गंगेश्वरानंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्रा, एडवोकेट बृजेश पांडेय, डॉ के के शुक्ला, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र सिंघल, श्याम कटियार, अशोक अग्रवाल मोती, प्रबंध समिति के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला, प्रो आदित्य सिंह, डॉ आलोक सिंह और डॉ रामनिवास गुप्ता सहित श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही।



कथा सुनाते संत।

# एनएचएम कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की जिला शाखा की नवीन कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत करते ।

● **कमेटी में अजीत सिंह ज़िलाध्यक्ष व डॉ. प्रशांत सिंह बने ज़िला मंत्री**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की जिला शाखा के संगठन का विस्तार कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश की जनपदीय शाखा के पुनर्गठन/अधिवेशन के उपरांत सर्वसम्मति से विभागीय कर्मचारियों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सरोज कुमार, एनएचएम के प्रदेश अध्यक्ष मयंक ठाकुर व प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने नवीन कार्यकारिणी को प्रमाणपत्र देकर पद की शपथ दिलाई। नवीन कार्यकारिणी में ज़िलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कमेटी विस्तार करते हुए डॉ. प्रशांत सिंह को ज़िला मंत्री, मो. रईस खान व प्रमोद कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नितिन सिंह को कोषाध्यक्ष, डॉ. अभिषेक जौहरी को उपाध्यक्ष, सचिन गुप्ता को संगठन मंत्री, कुमार आनद को विधिक सलाहकार, गिरिजेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी समेत कुल 44 अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों को संगठन के उत्तरदायित्व सौंपें। नवीन कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में संगठन ज़िलाध्यक्ष अजीत सिंह व ज़िला मंत्री डॉ. प्रशांत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

न्यूज ब्रीफ

### अटल वयो अभ्युदय योजना को मांगे आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा अटल वयो अभ्युदय योजना संचालित है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्य योजना के माध्यम से जनपद में जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके लिए संस्था का चयन किया जाना है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए इच्छुक संस्थाओं से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन 28 फरवरी तक लिए जाएंगे।

### ग्राम चौपाल में चकबंदी समस्याओं का निस्तारण

**बदायूं, अमृत विचार :** चकबंदी विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगाई गईं। यह चौपाल ग्राम-सिरासौल पट्टी जसा तहसील बिल्सी में लगाई गई। जिसमें उपस्थित रहे चकबन्दी विभाग के अधिकारियों ने चकबंदी संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया। चौपाल में उपस्थित किसान आलेअली, हरिकेश शाक्य, नरेशचन्द्र, बलवीर सिंह, धर्मपाल आदि द्वारा चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

### कोटेदार ने महिला को नहीं दिया राशन, की अभद्रता

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** दुकान पर राशन लेने गई महिला को कोटेदार ने राशन न देकर उसे भगा दिया। साथ ही उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। कोटेदार पर यह आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्राम पंचायत आरिफपुर नवादा निवासी कार्ड धारक महिला नाजिश पत्नी शब्बीर अली ने शहीद नवादा पुलिस चौकी को कोटेदार के खिलाफ तहरीर दी है। जिसमें महिला ने खेड़ा बुजुर्ग कोटेदार पर राशन न दिए जाने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कोटेदार ने मांगने पर राशन नहीं दिया। बल्कि उसके साथ गलत व्यवहार किया। महिला ने आरोपी कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# शोपीस बनी ट्रैफिक लाइट, बेतरतीब दौड़ रहे वाहन

## कई सालों से खराब पड़ी है चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइट, वाहन चालकों के रोड पर नियमों का पालन न होने की वजह से रोजाना लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर के चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक लाइट लगी हुई हैं। लेकिन यह लाइटें कई सालों से खराब पड़ी हैं। जिसके कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। ई-रिक्शा और ऑटो वाले जहां जगह मिलती है वहां खड़े हो जाते हैं। हालांकि यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है। पुलिस कर्मियों को चौराहों पर लगने वाले जाम से कोई सरोकार नहीं, वे दो पहिया वाहनों के चालान में व्यस्त रहते हैं। इससे सड़कों पर जाम लगने से लोगों को दिक्कत होती है।

साल 2016 के दौरान नगर पालिका की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों पर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक लाइट लगवाई थी। इन्हें लगवाने में नगर पालिका के द्वारा करीब 48 लाख रुपए खर्च किए गए थे। शहर के पुलिस लाइन



पुलिस लाइन चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन ● अमृत विचार

चौराहा, लावेला चौक, शहीद नवादा तिराहा, इंदिरा चौक और लालपुल पर लगवाई गई ट्रैफिक लाइटों ने एक साल तक तो ठीक से काम किया। लेकिन इसके बाद से यह लाइटें खराब होती चली गईं। अब हालात ऐसे हैं कि लाइटें बंद पड़ी हैं। कहीं खंबे गायब हो गए हैं। तो लाइट टूट चुकी हैं। ट्रैफिक लाइट पर लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी शहर के लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। शहर के पुलिस लाइन चौराहा, कचहरी, इंद्रा चौक, दातागंज

● **लाखों रुपए की लागत से लगी ट्रैफिक लाइट सही करने की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान**

चुंगी, नवादा तिराहा पर हर समय ई-रिक्शा और ऑटो खड़े रहते हैं। जिसके कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि चौराहों पर यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए यातायात पुलिस तैनात रहती है। लेकिन पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने के स्थान पर दो पहिया वाहन चालकों के चालान काटने में व्यस्त रहते हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर लगने वाले जाम की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



बाइक का चालान काटता पुलिस कर्मी ● अमृत विचार

### बाजार में जाम का कारण बन रहे ई-रिक्शा

होली और रमजान के चलते बाजार में खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लोगों की भीड़ को देखते हुए बाजार में तीन और चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी दिन भर बाजार में ई-रिक्शा और ऑटो वालों की आवाजाही बनी रहती है। इसकी वजह से बाजार में जाम की स्थिति बनी हुई है। जिसके कारण लोगों को बाजार में जाम की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है।

यातायात व्यवस्था संभालने के लिए हर चौराहे और बाजार में पुलिसकर्मी तैनात हैं। ट्रैफिक लाइट को सही कराने का प्रयास हो रहा है। होली त्यौहार की वजह से अधिक भीड़ भाड़ है। अगर चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी नियमों का पालन नहीं करा पा रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**– आरएल यादव**, यातायात प्रभारी



लावेला चौक पर खराब ट्रैफिक लाइट।



पुलिस लाइन चौराहे पर खराब लाइट।

### पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट तो एसएसपी से शिकायत

**विजय नगला, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने आई महिला के सोने-चांदी के जेवर रखा पर्स गायब हो गया था। शिकायत के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो मुख्यमंत्री और एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

मूसाझाग क्षेत्र के गांव अहिरामई गोटिया निवासी पूजा पत्नी सतेन्द्र सिंह ने शिकायत करके बताया कि गुरुवार को वह अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गई थी। शादी सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के ममता बारात घर में थी। शादी की रस्म होने के बाद महिला ने अपना सोने का हार, सोने की कड़ियां, चांदी का खड़ुआ आदि उतारकर पर्स में रख लिए। अपनी रिश्तेदार महिलाओं के साथ बारात घर में सो गईं।

एक घंटे के बाद उठीं तो पर्स गायब था। साथ में सो रही एक महिला भी नहीं थी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। थाने जाकर शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। वह लगातार थाने के चक्कर लगाते परेशान हैं।

# केंद्रीय राज्य व प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने बुधवार को एनआईसी सभागार में विकास कार्यों संबंधी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार कर कार्य करने को कहा। जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने व धरातल पर कार्यों को चेक करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो यह

● **केंद्रीय राज्य और प्रभारी मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिए उचित दिशा निर्देश**

सुनिश्चित किया जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा आम जनता से बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी अवनीश राय ने निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही। सीडीओ ने जनपद में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जागरुकता अभियान चलाकर लगवाए 51 हजार स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर उपभोक्ता जागरूकता पखवाड़ा का समापन हो गया। पखवाड़ा के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर का प्रयोग करने के साथ ही अन्य जानकारी देकर जागरूक किया। इस बीच जिले में 51 हजार स्मार्ट मीटर लगवाए गए हैं।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से 9 फरवरी से स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आयोजित किया गया था। इस दौरान जिले में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रोज जिले के सभी उप केंद्रों पर सहायता केंद्र संचालित हुए। लगभग 2700 लोगों ने सहायता केंद्र पर स्मार्ट मीटर संबंधी जानकारी की। उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। हेल्प डेस्क के साथ उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, रिचार्ज प्रक्रिया और बिलिंग प्रणाली से



स्मार्ट मीटर संबंधी ऐप की जानकारी लेते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

● **स्मार्ट मीटर को लेकर चलाए जा रहे बिजली विभाग के विशेष जागरूकता अभियान का हो गया समापन**

● **अभियान के अंतर्गत 2700 उपभोक्ताओं ने सहायता केंद्र पर जाकर की जानकारी**

अवगत कराया गया। उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन में यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप इंस्टॉल कराकर उन्हें बिजली खपत की रियल टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा से रूबरू कराया। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही सुना और निस्तारित किया गया। चेक मीटर के माध्यम से पारंपरिक मीटरों की तुलना कर स्मार्ट मीटर की पारदर्शी और कार्यप्रणाली भी समझाई गई। निगम ने सभी उपभोक्ताओं से आह्वान किया है कि सभी अपने-अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवाकर डिजिटल व्यवस्था को अपनाने में सहयोग करें।

### इसलिए जरूरी है स्मार्ट मीटर

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को वास्तविक समय की बिजली खपत की जानकारी प्रदान करते हैं। जिससे वह अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। इस स्मार्ट मीटर से गलत बिजली बिल की संभावना नहीं रहती है। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रखने की सुविधा मिलती है। साथ ही बिजली कटौती की जानकारी भी पहले से मिल जाती है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर में लोड मैनेजमेंट की सुविधा भी है, जो ज्यादा बिजली खपत होने पर उपभोक्ताओं को अलर्ट कर देती है।

### यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप की 5 बड़ी विशेषताएं

विभाग की ओर से शुरू किए गए यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप की कई विशेषताएं हैं। उपभोक्ता रोज बिजली खपत को ऐप पर लाइव देख सकते हैं। साथ ही प्रीपेड मीटर के बैलेंस की जानकारी भी मिल जाएगी। ऐप से ही अपने स्मार्ट मीटर को रिचार्ज किया जा सकता है। बिजली कटने या वोल्टेज की समस्या होने पर ऐप से शिकायत हो जाएगी। और उसका स्टेटस भी ट्रैक किया जा सकेगा। अगर अपना कनेक्शन कटवाना चाहते हैं तो विभाग के चक्कर लगाने की बजाय ऐप से ही आवेदन करें। बिजली खपत का पुराना डाटा और रिचार्ज हिस्ट्री एक क्लिक में सामने होगी। बिलिंग में गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी।

स्मार्ट मीटर से ऑनलाइन भुगतान, रियल टाइम खपत की जानकारी, बिजली उपयोग पर बेहतर नियंत्रण व सटीक बिलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। पखवाड़ा के तहत उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

**– चंद्रशेखर**, अधीक्षण अभियंता

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने 179 किलोग्राम रंगीन कचरी सीज की, लिया सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर स्थित एक प्रतिष्ठान पर छापा मारा। वहां पर बिक्री के लिए रखी 179 किलोग्राम रंगीन कचरी को सीज कर दिया। जिसकी अनुमानित कीमत दस आंकी गई। कचरी का सैंपल लेकर जांच को भेजा है।

होली पर मिलावट का गोरखधंधा बड़े स्तर पर शुरू हो जाता है। मिलावट वाले खाद्य पदार्थों के सेवन करने से लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ता है और लोग बीमार होते हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें ऐसे मिलावटखोरी रोकने के लिए बाजार आदि स्थानों पर



कचरी सील करतीं अधिकारी।

जांच की जा रही हैं। बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के जोगीपुरा स्थित सेठी क्रॉकरीज प्रतिष्ठान पर छापा मारा। यहां बिक्री के लिए रखी 179 किलोग्राम रंगीन कचरी को

● **होली और रमजान पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की जा रही है कार्रवाई**

सीज कर दिया। साथ ही उसका सैंपल लेकर जांच को भेजा है। सीज की गई कचरी की कीमत दस हजार रुपए आंकी गई। छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने, साफ सफाई के साथ शुद्धता का ध्यान रखने के आदेश दिए।

कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक आयुक्त द्वितीय सीएल यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र नाथ मिश्रा, सीमा यादव, प्रिया त्रिपाठी मौजूद रहे।

### मकान के लिए बेटे-बहू और दामाद ने वृद्धा को पीटा

**सहसवान, अमृत विचार :** घटना सहसवान के मोहल्ला कटरा की है। बुजुर्ग तहजीब बेगम अपने मकान में रहती थीं। उनके दो बेटे हैं। बुजुर्ग महिला अपना गुजर-बसर मिठाई के डब्बे बनाकर करती थीं। बताया जा रहा है कि बड़ा बेटा टीवी की बीमारी से ग्रस्त है और मां के साथ ही रहता था, जबकि छोटा बेटा और उसकी पत्नी आए दिन मकान हथियाने के लिए महिला को प्रताड़ित करते रहते हैं। आरोप है कि मकान के लालच में छोटे बेटे और बहू को दामाद अकील भी उकसाता था।

हालात उस वक्त बिगड़ गए जब तीनों ने मिलकर बुजुर्ग महिला को डंडों से बुरी तरह पीटा और घर से बाहर निकाल दिया। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

# टेट की अनिवार्यता के खिलाफ धरना आज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टेट की अनिवार्य के खिलाफ टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया संघर्षरत है। चरणबद्ध तरीके से विरोध किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शिक्षक 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। पैदल मार्च करके डीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

पहले चरण में शिक्षकों ने 22 फरवरी को एक्स पर अभियान चलाया। जो पूरे देश में टॉप पर ट्रेंड हुआ। 23 से 25 फरवरी तक शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। तीसरे चरण में 26 मार्च को बीएसए कार्यालय पर शांतिपूर्वक धरना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देंगे। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के



टेट की अनिवार्यता के विरोध में काली पट्टी बांधकर विद्यालय में मौजूद शिक्षक।

● **विरोध में काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं परिषदीय शिक्षक**

जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि विश्व में कोई कानून ऐसा नहीं है जो लागू होने से पहले की तारीख में लागू हुआ हो। लेकिन टेट की अनिवार्य के आदेश में ऐसा किया गया। जिसके चलत देश भर के 24 प्रदेशों के शिक्षक संगठनों ने मिलकर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया मंच का गठन किया है। जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ एवं सीनियर बेसिक शिक्षा संघ का समर्थन प्राप्त है।

इस दौरान उदयवीर सिंह यादव, सुशील चौधरी, अरविंद दीक्षित, दामोदर सिंह यादव, प्रेमानंद शर्मा, फरहत हुसैन, अतुल श्रोत्रिय, अरविंद राठौर, मधुकर उपाध्याय, डॉ. यतेंद्र निवास शर्मा, अशोक यादव, बृजेश यादव, राजेश कुमार, संजय यादव आदि ने चर्चा की।

### रंजिशन किया पथराव पांच लोग घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** मामूली कहासुनी में दो पक्षों में ईंट-पत्थर चले। मोहल्ले में भगदड़ मच गई। घटना में तीन महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव महरोली निवासी शमशेर पुत्र करीम बख्श ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 फरवरी की रात 9 बजे मामूली कहासुनी में मोहल्ले के मसूर अहमद, यूसुफ, निसार, जफर अली, अबू तालिब, मुतालिब आदि लाठी-डंडे लेकर आए और उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी थी। उन लोगों के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। गाली देने का विरोध किया तो वह लोग और ज्यादा गुस्सा गए और मारपीट करने लगे। उनके ऊपर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पांच लोग घायल हो गए। लोगों ने मामला शांत कराया। जिसके बाद वह थाने पहुंचे।

# फिल्म के खिलाफ सड़क पर यादव समाज




फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन करते यादव समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** 27 फरवरी को रिलीज होने जा रही चर्चित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक लगाने की मांग को लेकर आज यादव उत्थान समिति ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

यादव उत्थान समिति के जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के नेतृत्व में बुधवार को यादव समाज ने कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास

● **समाज के लोगों ने कहा कि उनकी भावनाओं को पहुंची है चोट**

गृह पर फिल्म के विरोध में प्रदर्शन किया। कहा कि यादव जी की लव स्टोरी फिल्म से यादव समाज आहत है। यादवों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उक्त फिल्म को रिलीज न होने दिया जाए। जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त फिल्म यादव समाज की छवि खराब करने को बनाई गयी है। यदि फिल्म रिलीज की गयी तो समाज के लोग कानूनी लड़ाई लड़ने को मजबूर होगा। इस मौके पर धूम सिंह, जगमोहन यादव, मोनू यादव, उर्वेश यादव, अजय यादव, प्रेम यादव, बंटी यादव, सतीश यादव, राजेश यादव, धर्मवीर यादव, बीपी सिंह, राकेश यादव, पुष्पेंद्र यादव, भानु यादव, राजकमल यादव, राजभान सिंह यादव, सहित भारी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

# हमले में चार भाइयों को दस-दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कातिलाना हमला करने के आरोपी चार सगे भाइयों को सत्र न्यायाधीश विवेक संगल ने दोषी पाते हुए दस-दस साल की सजा और 4-4 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा थाना उसहैत क्षेत्र के गांव गढ़िया रामनगर निवासी राजेंद्र पुत्र सालिक राम ने 25 फरवरी 2014 को पुलिस को सूचना दी थी कि वह अपनी जगह में नींव खोद रहा था। इसी दौरान ब्रजराज, नछत्रपाल, राजेश और जोगेंद्र पुत्र श्यामलाल आए और गालियां देकर बोले कि उनकी जगह में नींव क्यों खोद रहा है।

गालियां का विरोध किया और कहा कि वह जगह उसकी है। आरोपियों की जगह छोड़ दी

● **न्यायाधीश ने दोषियों पर लगाया चार-चार हजार रुपये जुर्माना**

है। उन लोगों ने राजेंद्र को पीटना शुरू कर दिया। बचाने आई उनकी पत्नी सुनीता को भी पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। न्यायालय में चारों आरोपियों पर कातिलाना हमला करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौड़ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी चारों भाइयों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। जबकि पांचवें आरोपी देशराज पुत्र रामजीत के दौरान विचारण सत्र न्यायाधीश के आदेश 17 दिसंबर 2020 द्वारा उपशमित कर दिया गया।

# निर्बाध आपूर्ति देने को चल रहा अनुरक्षण माह

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा बिना रुकावट विद्युत आपूर्ति देने को क्षेत्र में अनुरक्षण माह चलाया जा रहा है।

बिजली विभाग द्वारा अनुरक्षण यानी मरम्मत का कार्य करने को फरवरी और अक्टूबर सबसे उपयुक्त माह माने जाते हैं। इन दिनों मौजूदा और भविष्य के भार को दृष्टिगत रखते हुए मरम्मत की जा रही है। कई बार इस काम को करने में घंटों लग जाते हैं। फरवरी और अक्टूबर माह में उपभोक्ताओं को भी अधिक परेशानी नहीं होती है। हालांकि बिसौली में ये काम पिछले वर्ष देर से हुआ था। इस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी भी अधिक हुई थी, लेकिन इस वर्ष अधिशाषी अभियंता नरेंद्र चौधरी की सूझबूझ के चलते ये मरम्मत का काम समय निपटाया जा रहा है। जाहिर है कि क्षेत्र के उपभोक्ता



ट्रांसफार्मर रखते कर्मचारी।

इससे राहत महसूस करेंगे। अनुरक्षण कार्यों की जानकारी देते हुए नरेंद्र चौधरी ने बताया 15 फरवरी से 15 मार्च तक चलने वाले अनुरक्षण माह में विभाग द्वारा बिजली घर की पुरानी मशीनों को 12 वर्ष बाद बदला गया, ट्रांफॉर्मर्स को छतिग्रस्त होने बचाने के लिए उनकी साफ़ सफाई और टेललेस

आने वाले अतिरिक्त भार के दृष्टिगत शहर के चार ट्रांसफार्मर की क्षमता 100 केवीए से 250 केवीए कर दी गई है। 150 केवी क्षमता के कारण हम ओवरलोड से बचने की तैयारी में हैं। रोस्टर समय अभी साढ़े इक्कीस घंटे का चल रहा है।



**नरेंद्र चौधरी**– अधिशासी अभियंता, बिसौली

● **बिजली विभाग के कर्मचारी कर रहे उपकरणों की मरम्मत**

यूनिट फ्यूस सेट्स आदि स्थापित कराए गए। 11केबी फीडर्स की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पेड़ों की छटाई और लूज लाइन को टाइट किया जा रहा है। एलटी लाइन के नेटवर्क को भी मजबूत किया जा रहा है।





# सीटी स्कैन सेंटर पर अवैध वसूली को लेकर हंगामा

## जिला अस्पताल में मरीज से वसूले रुपए, हंगामा होने पर गायब हुआ कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दलालों की भरमार होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। सीटी स्कैन कराने वालों से अवैध वसूली को लेकर आज भारी हंगामा हो गया। मरीजों ने अवैध वसूली करने वाले को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह रफू चक्कर हो गया। इस मामले को लेकर काफी देर तक अफरा तफरी मची रही।

जिला अस्पताल में काफी समय से बाहरी लोगों का आना जाना है। यह लोग मरीजों को झांसे में लेकर उसे रकम ऐठ कर जल्द काम कर देते हैं। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मरीजों से अवैध वसूली हो रही है। चाहे वह सीटी स्कैन हो या आंखों का ऑपरेशन या मेडिकल रिपोर्ट हो, यहां दलाल चिकित्सकों से मिलकर मनमाफिक रिपोर्ट बनवा लेते हैं। गांव,देहात के मरीजों को सीटी स्कैन सेंटर पर घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि दलालों के माध्यम से सीटी स्कैन जल्द हो जाते हैं। बुधवार को म्याऊ क्षेत्र का एक मरीज सीटी स्कैन कराने पहुंचा। अस्पताल में तैनात प्राइवेट चर्चित कर्मचारी ने उक्त मरीज से 600 लिए मरीज के रिश्तेदार से भी सीटी स्कैन के नाम पर वसूली की गई।

उसकी पोल खुलने पर हंगामा हो गया। हंगामा होने पर उक्त कर्मचारी वहां से रफूचक्कर हो गया । सीटी स्कैन सेंटर पर मरीजों ने हंगामा करते हुए अवैध वसूली की शिकायत करने की बात कही। पीड़ित ने कहा कि उक्त युवक ने जल्द सीटी स्कैन कराने का झांसा देकर उससे रुपए ऐंठ लिए। हंगामा बढ़ने पर काफी देर तक अफरा तफरी मची रही। सूत्रों की मानें तो सीटी स्कैन के बाहर कई दलाल खड़े रहते हैं जो मरीजों को गुमराह करके उनसे मोटी रकम वसूलते हैं।



सीटी स्कैन सेंटर।

- **जिला अस्पताल बना अवैध वसूली का अड्डा**

### एडी हेल्थ कर चुकी है अवैध उगाही की जांच

सीटी स्कैन सेंटर पर पहले भी अवैध वसूली को लेकर हंगामा हो चुका है ।जिसकी जांच भी कराई जा चुकी है। आये दिन यहां पर इस तरह का खेल देखने को मिलता है। शिकायत करने पर कार्यवाही के नाम पर आश्वासन दिया जाता है। एडी हेल्थ ने भी पिछले साल सीटी स्कैन सेंटर पर पहुंच कर मरीजों से अवैध वसूली को लेकर बातचीत की थी। मरीजों ने भी पैसे लेने की बात कही थी लेकिन उसके बाद मामला रफा दफा कर दिया गया।

> जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन सेंटर के मैनेजर सलीम ने बताया कि सेंटर के अंदर कोई कर्मचारी पैसे नहीं लेता है। बाहर कौन किससे पैसे लेता है उसकी हमारी कोई जवाबदेही नहीं है। हमारे कर्मचारी किसी मरीज से उगाही नहीं करते हैं। इस तरह के आरोप पहले भी लग चुके हैं। यह कोई नई बात नहीं है।

# सपा की बैठक में चुनाव की तैयारियों पर हुआ मंथन

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी से सपा नगराध्यक्ष कविन्द्र सक्सेना के प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के संभावित प्रत्याशी उदयवीर सिंह शाक्य ने कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। बैठक में आजमगढ़ सांसद के प्रतिनिधि विपिन यादव तथा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रिय होने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने दावा किया कि जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन हित में कार्य करने की अपील की। बैठक में सर्वेश यादव, किशोरी लाल शाक्य, अवधेश यादव, मनवीर सिंह, अकरम कुरैशी, नन्हे सिंह, डॉ. नीरज यादव, सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रदर्शन


अतिक्रमण के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

- **अतिक्रमण न हटने पर किया जाएगा नगर पालिका का घेराव**

**अमृत विचार :** कस्बे के महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद के खिलाफ प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अतिक्रमण नही हटा तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

महाराणा प्रताप चौक के आस पास लोगों ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया है जिससे लोगों को परेशानी होती है। उक्त अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विरोध में शामिल लोकेश तोमर, अमन तोमर, विनीत, सोनू, अमन, रामू कुमार पाल, रिंकू, भगवान सिंह, विक्की आदि ने महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण का विरोध करते हुए नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। कहा अतिक्रमण के कारण रोड संकरी हो गयी है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। आने जाने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके चलते महाराणा प्रताप चौक पर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों ने अतिक्रमण हटाने की नगर पालिका प्रशासन से मांग की है साथ ही पालिका प्रशासन को चेतावनी दी गयी है कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो जल्द उझानी नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

# जिले में 15 हजार हेक्टेयर भूमि पर होगी उड़द और मूंग की खेती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बीज की खरीददारी करने पर किसानों को दिया जाएगा 50 फीसदी अनुदान**
- **जायद सीजन में मूंग और उड़द की खेती के लिए बीज वितरण का लक्ष्य किया निर्धारित**

**अमृत विचार:** रबी फसल के बाद कृषि विभाग ने जायद फसल की तैयारी शुरू कर दी है। इन्हीं तैयारियों के बीच विभाग ओर से ने जायद सीजन में मूंग और उड़द की खेती के लिए बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बार जिले में 15 हजार हेक्टेयर भूमि पर दलहन फसल की बुवाई की जाएगी। फसल बुवाई के लिए मिलने वाले बीज पर किसानों को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा।

रबी सीजन में हुई गेहूं, आलू, सरसों आदि फसलें की गई हैं। आलू खुदाई के साथ सरसों की कटाई भी शुरू हो गई है। मार्च के अंतिम दिनों में गेहूं की कटाई भी शुरू हो जाएगी। इसके बाद किसान जायद सीजन में फसलों की बुवाई शुरू कर देंगे। जायद सीजन में कृषि विभाग दलहनी फसलों को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। जिसकी तैयारी तैयारी शुरू कर दी गई है। करीब 15 सौ क्विंटल बीज की मांग कृषि विभाग द्वारा की गई है। जिसका वितरण किसानों में होना है। किसानों को इन बीज पर शासन से निर्धारित अनुदान दिया जाएगा। जिसका भुगतान डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में किया जाएगा। कृषि अधिकारियों के मुताबिक किसान अपने नजदीकी राजकीय बीज भंडार पर आधार कार्ड और खतौनी के साथ बीज की खरीदारी कर सकेंगे।

> जायद सीजन में उड़द और मूंग की खेती के लिए शासन से लक्ष्य मिल चुका है। किसानों को उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। जिसकी मांग करते हुए पत्र शासन में भेजा गया है। बीज आने पर किसान अपने नजदीकी राजकीय बीज भंडार से खरीद कर सकेंगे।
>
> **मनोज रावत**, जिला कृषि अधिकारी

# गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** पशुओं के लिए भूसा लेकर आ रहे युवक को शराबियों ने गाली गलौज करते हुए पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सकतपुर बेला निवासी ओमेंद्र सिंह पुत्र शेर सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 21 दिसंबर शाम साढ़े 6 बजे वह अपने घर से पशुओं के लिए भूसा लेकर जा रहे थे। आरोप है की रास्ते में गांव के रामगोपाल, गजराज, रामबाबू, खुशीराम शराब के नशे में खड़े मिले। पास से गुजरने पर उन्होंने ओमेंद्र से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्हें लात घूसों से पीटा गया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कौशल विकास से स्वावलंबी बनें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


शिविर में छात्राओं को जानकारी देती नगर पालिका परिषद की टीम। ● अमृत विचार

- **नगर पालिका की टीम ने छात्राओं को बचाया कचरा प्रबंधन का तरीका**

**अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का दीप प्रज्वलन के बाद आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. वंदना ने छात्राओं से कहा कि एनएसएस की छात्राएं वसुधैव कुटुंबकम् और मैं नहीं आप की भावना को अंगीकृत करते हुए राष्ट्र के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने छात्राओं से परंपरागत शिक्षा के साथ कौशल विकास और लघु उद्योग आदि से स्वावलंबी होने पर जोर दिया।

शिविर के उद्घाटन के बाद छात्राओं ने टोली वार स्वच्छता और श्रम साधना द्वारा जन जागरण किया। पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास किया। बौद्धिक सत्र में पर्यावरण संरक्षण पर डॉ. बृजेश कुमार ने ऑनलाइन व्याख्यान दिया। छात्राओं की पोस्टर प्रतियोगिता हुई। अंशिका को पहला, प्रेरणा शर्मा को दूसरा और राधिका पाल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

नगर पालिका की टीम ने कचरा प्रबंधन संबंधी कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी दी। एसबीएम प्रतिभा गंगवार ने टीम का नेतृत्व करते हुए सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी कचरा और हानिकारक कचरे के वर्गीकरण के बारे में बताया। नगर पालिका से शशिकांत, नवीन विद्यार्थी, आसिफ खान, अतीक अहमद, यीशु मौर्य आदि उपस्थित रहे। अंशिका, सना, शिवानी मौर्य, राधिका पाल, रागिनी शाक्य, वैष्णवी एवं अंशिका ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। डॉ. सतीश सतीश कुमार, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. सरिता गौतम, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋषभ भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# एक लाख दस हजार बच्चों को लगी रूबेला वैक्सीन


टीकाकरण के दौरान पोस्टर दिखाते बच्चे ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत एक लाख 10 हजार बच्चों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

टीकाकरण अभियान के नोडल डॉ. मोहम्मद असलम ने बताया कि जिन स्कूलों में अभियान अभी नहीं चला है वहां 26 और 27 फरवरी तक टीकाकरण किया जायेगा । अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को वैक्सीन की एक खुराक दी जा रही है। नियमित टीकाकरण मैं यह वैक्सीन 9 माह एवं 16 माह की आयु पर दी जाती है। 5 साल से बड़े बच्चों को यह वैक्सीन केवल इस अभियान में दी जा रही है। उसके बाद 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को यह वैक्सीन नहीं दी जा सकेगी। विगत समय में 5 वर्ष से अधिक के बच्चों में खसरा एवं रूबेला बीमारी देखी गयी थी इसलिए अब 5 साल से अधिक के बच्चों को इस अभियान के लिए चुना गया है।

# रैली निकाल नशा मुक्ति को किया जागरूक

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय के एनएसएस के विशेष शिविर में रैली, क्लाउड किचन प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान और करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। स्वयंसेवी छात्राओं ने लक्ष्य गीत के बाद नशा मुक्ति पर बस्ती में जागरूकता रैली निकाली।

बौद्धिक सत्र में होप यूनिटी फाउंडेशन की निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह द्वारा क्लाउड किचन पर प्रशिक्षण दिया गया। स्किल को बाजार से जोड़ने के तरीके बताएं। छात्रा सना, अंशिका, रागिनी शाक्य, तमन्ना और राधिका पाल ने कौशल विकास पर विचार प्रस्तुत किए। अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. अर्चना पाण्डेय ने साइबर सुरक्षा के बारे में बताया। दूसरे सत्र में बांके बिहारी महाविद्यालय से डॉ. शरद अरोड़ा और दीप्ति सक्सेना ने रोजगार के अवसर बताए। प्राचार्य डॉ. वंदना, डॉ. सतीश कुमार उपस्थित रहे।

# दोनों चीनी मिलों को बढ़ाना होगा गन्ना खेती का रकबा

- **नौ हजार हेक्टेयर बसंत कालीन गन्ना बुवाई का मिला लक्ष्य**
- **गन्ना विभाग गोष्ठी कर किसानों को कर रहा प्रेरित**

### अब तक लक्ष्य के सापेक्ष लगा दस प्रतिशत गन्ना

अब तक जनपद में 1684 किसानों ने बसंत कालीन गन्ने की बुवाई की है। जो पूरे लक्ष्य के सापेक्ष 10 प्रतिशत ही है। जबकि अभी 90 प्रतिशत गन्ना लगा कर रकबा पूरा करना है। गन्ना विभाग का कहना है कि अधिकांश किसान आलू सरसों के बाद बाद अब गन्ने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। गन्ना लगाने को खेतों की तैयारी की जा रही है।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में दोनों चीनी मिलों को गन्ना रकबा बढ़ाने के निर्देश देते हुए गन्ना बुवाई का अलग अलग लक्ष्य दिया गया है ।दोनो चीनी मिलों को शासन से करीब नौ हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना लगाने का लक्ष्य दिया गया है। गन्ना विभाग गन्ना खेती को बढ़ावा देने को जगह जगह गोष्ठियां कर रहा है। किसानों को गन्ना खेती से होने वाले लाभ की जानकारी दे रहा है।

पिछले कई सालों से जनपद में गन्ना खेती का रकबा घट रहा है जिससे चीनी मिलों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है और चीनी मिलो को समय से पूर्व ही बंद करना पड़ता है। पिछले साल गन्ना खेती का कुल रकबा करीब 14 हजार हेक्टेयर था। जो अपर्याप्त था। इस बार शासन स्तर से गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन से दिए गए निर्देशों के तहत बिसौली चीनी मिल को इस साल 6 हजार 748 हेक्टेयर बसंत कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य दिया गया है जबकि शेखूपुर चीनी मिल को 21 हजार 76 हेक्टेयर गन्ना बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस तरह दोनो चीनी मिलों को 8924 हेक्टेयर बसंत कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य दिया गया है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि शासन से दिए गए बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लक्ष्य को पूरा करने को न्याय पंचायत स्तर पर गोष्ठियां की जाएंगी। किसानों को अब गन्ने से होने वाले लाभ के बारे में बताया जा रहा है। किसानों को गन्ने का बेहतर उत्पादन को नया बीज मुहैया कराया जा रहा है। किसानों को तकनीकी जानकारी दी जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नई तकनीक से गन्ने की बुवाई की जानकारी दी जा रही है।

### दोनो चीनी मिलों को करनी है 45 गोष्ठियां

गन्ने का रकबा बढ़ाने के दोनो चीनी मिलों को न्याय पंचायत स्तर पर 45 गोष्ठियां करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें से अब तक 20 न्याय पंचायतों पर गोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं। गोष्ठियों में किसानों को चीनी मिलों द्वारा जल्द भुगतान कराने का भरोसा दिया जा रहा है। किसानों को अन्य फसलों की जगह गन्ने से अधिक लाभ होने की जानकारी दी जा रही है। किसानों को जागरूक करने को गोष्ठियां करने को गन्ना पर्यवेक्षक और अन्य बड़े विभागीय अधिकारी सूची बना कर किसानों के बीच पहुंच रहे हैं।

# प्रमुख पटलों पर जूनियर काबिज, ब्लॉकों में घूम रहे सीनियर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिला विकास विभाग में प्रधान सहायकों के स्थान पर बैठाए गए हैं कनिष्ठ सहायक**
- **जूनियर कर्मचारियों की जानकारी के अभाव में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अटके भुगतान**
- **सेवानिवृत्त कर्मचारी भुगतान के लिए काट रहे विभाग के चक्कर**

**अमृत विचार :** जिला विकास विभाग में प्रमुख पटलों पर जूनियर कर्मचारी कार्यरत हैं। जबकि प्रधान सहायक और वरिष्ठ लिपिक या तो दूसरे विभागों से संबंद्ध या ब्लॉकों पर कार्यरत हैं। पटलों पर काबिज कनिष्ठ लिपिकों के काबिज होने की सजा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भुगतनी पड़ रही है। उनका देय भुगतान नहीं हो रहा है। और जिन कर्मचारियों का हो चुका है उसमें तमाम विसंगतियां हैं। जिसके चलते सेवानिवृत्त कर्मचारी विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

जिला विकास विभाग में प्रधान सहायक के नौ पद हैं। प्रधान सहायकों के पद होने के बाद भी विभाग के प्रमुख पदों पर कनिष्ठ सहायक कार्यरत हैं जबकि जिले में तीन प्रधान सहायक तैनात हैं। उन्हें दूसरे विभागों से संबद्ध किया हुआ है। इनमें एक परियोजना निदेशक, एक सीडीओ कार्यालय और एक अन्य विभाग से संबंध हैं। कई प्रधान सहायक ब्लॉकों में कार्यरत हैं जबकि शासन के आदेशानुसार इनकी तैनाती मुख्यालय पर होनी चाहिए थी लेकिन मुख्यालय पर प्रधान सहायकों की तैनाती न कर उनके स्थान पर कनिष्ठ सहायकों को तैनात किया गया है। मुख्यालय पर कार्यरत कनिष्ठ सहायकों से नाजिर, स्थापना संबंधी अन्य महत्वपूर्ण पटलों का कार्य लिया जा रहा है। कनिष्ठ सहायकों को कार्य संबंधी जानकारी न होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका देय भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। जिन कर्मचारियों का देय भुगतान हो गया है, उनमें तमाम विसंगतियां हैं। जिसके चलते सेवानिवृत्त कर्मचारी विभाग और कोषाधिकारी के यहां चक्कर काट रहे हैं।

पिछले कुछ माह पूर्व और हाल के दिनों में प्रधान सहायक, प्रशासनिक अधिकारी और ऊर्दू अनुवादक पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी विकास भवन पहुंचे। उन्होंने सीडीओ से समस्याओं के समाधान की मांग की। साथ ही प्रश्न खड़ा किया गया कि जब प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारी विभाग के पास हैं तो उनके स्थान पर कनिष्ठ लिपिकों से काम क्यों लिया जा रहा है।

इन कर्मचारियों को अभी सीखने की आवश्यकता है। इन्हें ब्लॉकों पर कार्यरत होना चाहिए था। लेकिन कनिष्ठ लिपिकों से महत्वपूर्ण पटलों का कार्य लिया जा रहा है। जबकि ब्लॉकों पर कई प्रधान सहायक कार्यरत हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सीडीओ ने जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

### शासन से जारी किया गया है जॉब चार्ट

ग्राम्य विकास आयुक्त के द्वारा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का जॉब चार्ट जारी किया गया है। जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि जिला विकास विभाग के हर अनुभाग में एक-एक प्रधान सहायक की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाए। जो प्रभावी रूप में कार्य करेगा। प्रधान सहायक और वरिष्ठ सहायक की तैनाती वरिष्ठता के आधार पर की जाए। लेकिन जिला विकास विभाग में आयुक्त के आदेश को हवा में उड़ाते हुए मनमाने तरीके से प्रधान सहायक और वरिष्ठ सहायक के स्थान पर प्रमुख पटलों पर कनिष्ठ लिपिकों की तैनाती है। जिसका खामियाजा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है।

> कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देय भुगतान रहे हैं। उन्हें शीघ्र किया कराया जाएगा। कुछ में विसंगतियां हैं। इनका भी निस्तारण कराया जा रहा है। व्यवस्था विभाग की सही है। कर्मचारी सभी शासन के निर्देशों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं।
>
> **- अखिलेश चौबे**, जिला विकास अधिकारी

# यूपी बोर्ड: 5036 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में सख्ती के चलते परीक्षार्थी दूरी बना रहे हैं। वह परीक्षा देने नहीं पहुंच रहे। बुधवार को संपन्न हुई हाईस्कूल इंटरमीडिएट के पेपरों में 5036 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। सुबह की पाली में संपन्न हुई हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थिति सही मिली। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

यूपी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल विज्ञान का पेपर था। जिसमें 40221 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 36795 उपस्थित और 3426 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट संगीत गायन और संगीत वादन का पेपर था। जिसमें 298 परीक्षार्थी पंजीकृत, 293 उपस्थित और 5 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अचानक से माध्यमिक शिक्षा मंत्री केंद्रों पर निरीक्षण के लिए पहुंच गईं। शहर के सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज और एसके इंटर कॉलेज केंद्र का निरीक्षण किया। जिसकी देर माध्यमिक शिक्षा मंत्री केंद्रों पर रही उतनी देर अधिकारियों के हाथ पांव फूले रहे। उनके जाने के बाद अधिकारियों ने राहत सांस ली। वहीं शाम की पाली में इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इनमें 25024 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 23419 उपस्थित और 1605 अनुपस्थित रहे। सचल दलों के द्वारा भ्रमण किया जाता रहा। परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

न्यूज ब्रीफ

### अनुदानित कृषि यंत्रों की शुरू हुई ऑनलाइन बुकिंग

**बदायूं, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन और अन्य योजनाओं के तहत अनुदान पर किसानों को कृषि यंत्र दिए जा रहे हैं। इनकी ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। आवेदन 04 मार्च तक लिए जाएंगे। बताया कि इच्छुक किसान विभागीय दर्शन पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर बुकिंग कर टोलक प्राप्त कर सकते हैं।

### किसान नेता को कराया थाने का निरीक्षण, जांच शुरू

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मुजरिया का एक वीडियो बुधवार को वायरल हुआ है। जिसमें थाना प्रभारी ज्योति सिंह के साथ भारतीय किसान यूनियन युवा के जिलाध्यक्ष थाने का निरीक्षण कर रहे हैं। थाना प्रभारी उसे थाने से जुड़ी जानकारी देती नजर आ रही हैं। मामला पुलिस के अधिकारियों तक पहुंचा। जिसके चलते सीओ बिल्सी सुनील कुमार को जांच सौंपी गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आमजन और किसानों के बीच पुलिस की अच्छी छवि के लिए थाने की व्यवस्थाओं के बारे में बताया था। वीडियो उन्होंने नहीं बनवाई थी।

### दुकान से चोरी का प्रयास, एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**बदायूं, अमृत विचार :** चोरों ने उझानी कोतवाली क्षेत्र में सराफा की दुकान को निशाना बनाने का प्रयास किया। कोतवाली से कुछ दूर मोहल्ला श्रीनारायणगंज निवासी राकेश जिंदल की मैसर्स नमन ज्वैलर्स नाम से दुकान है। मंगलवार रात लगभग 12 बजे चोर चैनल का कुंदा काटकर भीतर आए और सीढ़ी से ऊपर चढ़ गए। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वो चंद्र प्रकाश जाग गए। उन्होंने राकेश जिंदल को फोन करके सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे और व्यापारी भी आ गए। लोगों ने एक चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि उसके साथी फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शोपीस बनकर रह गए शहर के तीन नलकूप

## ट्रांसफार्मर को बिजली न मिलने से पानी की सप्लाई हो रही बाधित, लोगों को हो रही समस्या

- टेस्टिंग के दिन ही ट्रांसफार्मर में आई खराबी, जल निगम की ओर से किया गया पत्राचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में बनाए गए नगर पालिका के तीन नलकूप शोपीस बनकर रह गए हैं। बिजली की ओर से तीनों नलकूप के लिए लगवाए गए ट्रांसफार्मर टेस्टिंग के बाद से ही नहीं चले हैं।

पत्राचार करने के बाद ट्रांसफार्मर से सप्लाई न पहुंचने की बात तो कही जा रही है लेकिन ट्रांसफार्मर सही नहीं कराया गया और न ही बदले गए। जिससे इन नलकूपों का निर्माण औचित्यहीन रह गया है।

वर्तमान में घरों में पानी सप्लाई के लिए शहर में 30 नलकूप हैं। जिनके ओवरहेड टैंक से सुबह-शाम घरों पर पेयजल की आपूर्ति की जाती है। वहीं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका परिषद ने ओवरहेड टैंक बनवाए। जिनमें पेयजल सप्लाई के लिए तीन नलकूप श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज के सामने पार्किंग में, लालपुर और गुड़ मंडी में बनवाए थे। जहां बिजली सप्लाई के लिए नगर पालिका ने इस्टीमेट बनाकर बिजली विभाग को कनेक्शन का भुगतान भी किया था।

बिजली विभाग ने तीनों नलकूपों पर अलग-अलग तीन ट्रांसफार्मर रखवाए थे। नलकूप शुरू करने के लिए ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग कराई तो पता चला कि तीनों ही नलकूपों के ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहे। उन तीनों ही खराबी है। जिसके चलते जल निगम के इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल विभाग की ओर से बिजली विभाग से पत्राचार करके इस बारे में बताया गया। विभाग की ओर से कहा गया कि ट्रांसफार्मर से नलकूप तक सप्लाई में कोई समस्या आ रही है। जल्द ही ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे या वर्कशॉप में सही कराकर दोबारा से रखवा कर नलकूप शुरू करा दिए जाएंगे। इसके बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे यह नलकूप शोपीस बनकर रह गए हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की लेकिन ध्यान नहीं दिया गया।


श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज के सामने पार्किंग में बनवाया गया नलकूप। ● अमृत विचार

### शराब का अड्डा बन गए नलकूप के कुंड

नलकूप की मोटर से पानी वहां बनाए गए कुंड में जाता है। तीनों ही नलकूपों पर कुंड बनाए गए हैं। श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज के सामने पार्किंग में बनाया गया नलकूप का कुंड शराबियों का अड्डा बन गया है। लोग यहां आकर शराब पीते हैं और कुंड में गिलास और शराब के पाउच डालकर चले जाते हैं। नलकूप शुरू न होने से ऑपरेटर तैनात नहीं हैं जो देखरेख कर सके और न ही नगर पालिका से कोई देखने पहुंचता है।


नलकूप के कुंड में पड़े शराब के पाउच और गिलास।


नलकूप के पास में रखवाया गया ट्रांसफार्मर।

> शहर में तीन नलकूपों का निर्माण कराया गया था। जो पूरी तरह से तैयार हैं। टेस्टिंग के दौरान पता चला है कि ट्रांसफार्मर से सप्लाई नहीं पहुंच रही है। जल निगम के इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल विभाग की ओर से बिजली विभाग को पत्राचार किया गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही ट्रांसफार्मर सही कराए जाएंगे। – **मोहम्मद हुसैन**, एई, जल निगम।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया चौड़ीकरण का शिलान्यास


कार्य का शिलान्यास करते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- मार्ग के चौड़ीकरण से सफर होगा सुगम, लोगों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** नगर में स्टेट हाईवे-51 के बदायूं-बिल्सी-इस्लामनगर खंड के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र बिल्सी के क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने बुधवार को संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास को नई गति देगी। बेहतर सड़क संपर्क से व्यापार, कृषि और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा, जिससे समय व ईंधन की बचत होगी। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों तक पहुंच और आसान बनेगी। और क्षेत्रीय जनता लाभान्वित होगी। क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने बताया कि इस मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण से यातायात सुगम हो जाएगा, जिससे अनावश्यक समय नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर होकर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र बिल्सी के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और उनका प्रयास है कि बिल्सी विधानसभा प्रदेश की अग्रणी विधानसभा में गिनी जाए। बिल्सी की जो भी समस्या उनकी दृष्टि में आती हैं वह उसका तुरंत निराकरण हेतु हर संभव प्रयास करते हैं। इस दौरान क्षेत्र वासियों से विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि वह क्षेत्र में विकास के प्रति समर्पित हैं। इस अवसर पर चेयरमैन ज्ञानवती सागर, एसडीएम प्रेमपाल सिंह, उदय प्रताप सिंह, पूर्व चेयरमैन ओम प्रकाश सागर, आचार्य संजीव रूप, अजय तोमर, आदित्य माहेश्वरी, राहुल देव शाक्य, केपी लोधी, सुधीर सोमानी, दीपक चौहान, अर्जुन सिंह, सोनी सिंह, लोकेश वार्ष्णेय, गगन राठी, अधिशासी अभियंता वंदना सोनकर, अनुराग शाक्य, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहें।

# शंकराचार्य प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निष्पक्ष जांच की मांग कर जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** शंकराचार्य स्वामी अविमुतेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े प्रकरण को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। उनके द्वारा निपष्क्ष जांच की मांग कर राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अंबेडकर पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान ओमकार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार आलोचना सुनना नहीं चाहती। उनका आरोप था कि कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य व उनके शिष्यों को स्नान से रोका गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। साथ ही हाल में शंकराचार्य, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी समेत अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग की। जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर और शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने विचार रखे। इस मौके पर इगलास हुसैन, मुनेंद्र कनौजिया, सूरजपाल सिंह सोलंकी आदि लोग मौजूद रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ब्लॉक परिसर में संपन्न हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

संवाददाता, बिल्सी

- समग्र शिक्षा अभियान के तहत हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** ब्लॉक अंबियापुर परिसर में बुधवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिसमें समग्र शिक्षा अभियान, निपुण भारत मिशन और बाल वाटिका के तहत आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रेखा भारती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश मंत्री भाजपा डीपी भारती ने भारत सरकार की योजनाओं एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प पर प्रकाश डालते हुए बाल वाटिकाओं के महत्व पर जोर दिया। आरपी अमित कुमार गुप्ता ने निपुण भारत से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। बृजभान सिंह ने आदर्श बाल वाटिका की अवधारणा समझाई। कार्यक्रम में 55 निपुण बच्चों ने प्रस्तुति दी, जबकि प्रधान अध्यापकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस मौके पर सुशील चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रकाश, मुकुल राठौर, बीना वार्ष्णेय, सीडीपीओ राखी गुप्ता, आशीष वर्मा, दिनेश बाबू रमन सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बितरोई, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र में कछला-बिल्सी मार्ग स्थित फकीराबाद चौराहे पर बुधवार शाम लगभग सवा छह बजे टेंपो और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव पारवाल निवासी इतवारी बाइक से बितरोई की बाजार से वापस लौट रहे थे। चौराहे पर टेंपो की टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9756905552, 8445507002

**आवश्यकता है**

प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।

योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
E-mail: lbslaw50@gmail.com

एल.बी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ
नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे वाणिज्य कर के केस (बाद) की सुनवाई के लिए फार्म नं. 38- (1) 2015301 (2) 2016141 (3) 2016142 (4.) 2016143 फार्म-52 बिल बुकें लेकर बिहारीपुर से इस्लामियां रोड होकर चौकी चौराहा की तरफ जा रही थी। रास्ते में मेरा बैग कहीं गुम हो गया। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **पारूल रूहेला 135, मदारी गेट, बड़ा बाजार, बरेली (यू.पी.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम प्रदीप है, ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम प्रदीप कुमार दर्ज हो गया है जो गलत है, भविष्य में मुझे प्रदीप नाम से ही जाना जाए। **प्रदीप पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ग्राम ईंधजागीर निकट महालक्ष्मी पेट्रोल पम्प नवाबगंज बरेली**

**Notice**

This is to be notify that in my Passport No. R0219494 my name is wrongly mentioned as Adil whereas my real name is Mohd. Aadil. My real name Mohd. Aadil is recorded in Aadhar card and other Documents. Mohd. Aadil S/o Mehndi Hasan R/o Hajiyapur Warsi Gali Bareilly.

**सूचना**

मैं नवीन अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेश कुमार अग्रवाल अपनी फर्म स्वास्तिक मार्वल 10-ए, एकतानगर स्टेडियम रोड से अपने कोल्ड स्टोर स्वास्तिक कोल्ड स्टोर एण्ड एलाइड इण्डस्ट्रीज तहसील बिसौली जिला बदायूं को जा रहा था मेरा कागजों का बैग धर्मकांटे के पास कहीं गिर गया है जिसमें एक फ्लैट का एलॉटमेंट लैटर जो कि मेघा क्वालिटी प्रोजेक्ट L.L.P. के द्वारा एप्लीकेशन डेट 10.04.2023, 20 अप्रैल 2024 को फ्लैट नं. 1301/13 वीं फ्लोर का और एक रजिस्ट्री पेपर रकवा 0.080 हेक्टेयर गाटा संख्या 932/1202 वीरमपुर परगना सतासी बी कोड 1295 सैदपुर-वीरमपुर लिंक मार्ग बिल्सी मार्ग तहसील बिसौली जिला बदायूं की थी। **नवीन अग्रवाल, 28 शास्त्री नगर, बरेली मो. 9897897489**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# युवा बनेंगे देश के सच्चे प्रहरी और श्रेष्ठ नागरिक


शिविर के समापन पर टोलियों से परिचय करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीता माता कंपनी और छत्रपति वीर शिवाजी टोली रही सर्वश्रेष्ठ

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। बच्चों ने तंबुओं का शहर बसाया, आकर्षक गेट, पर मनमोहक रंगोली और प्रेरणादायी झांकियां तैयार कीं। बच्चों ने बिना बर्तनों के भोजन बनाकर खिलाया।

मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक संतोष कुमार उपाध्याय ने कहा कि बच्चे हर चुनौती का सामना करना सीखें। धैर्य रखें, अपने कार्य को ईमानदारी से करें। स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है। जहां बच्चे अनुशासन, संघर्ष और सेवा की भावना सीखते हैं। यही युवा भविष्य में देश के प्रहरी और श्रेष्ठ नागरिक बनेंगे। गाइड वर्ग में सीता माता कंपनी प्रथम, राधा द्वितीय और सावित्री बाई फुले कंपनी तृतीय स्थान पर रही। जबकि स्काउट वर्ग में छत्रपति वीर शिवाजी टोली प्रथम, सम्राट अशोक टोली द्वितीय और चंद्र शेखर आजाद टोली तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता टोलियों को सम्मानित कर किया गया। प्रधानाध्यापक ने परिणाम की घोषणा की। शिक्षिका रेखा रानी और शिक्षक बिजेंद्र सिंह निर्णायक रहे। शिक्षक मनीष कुमार, मोहम्मद जावेद सिद्दीकी, दुर्गा रानी मौजूद रहीं।


**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया
- वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497


# सालारपुर में प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** विकासखंड सलारपुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास खंड सभागार में ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत समिति अध्यक्ष और ग्राम सचिव, पंचायत सहायक का प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों को राज्य प्रशिक्षक अशोक तोमर द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत विकास योजना में एडीओ पंचायत शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। उन्होने कहा कि आवश्यक है कि ग्राम पंचायत विकास योजना में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। सभी के विचारों, आवश्यकता और समस्या को कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाए। एक अच्छी कार्ययोजना बनाने में सभी की सहभागिता और समस्याओं का आना आवश्यक है। ग्राम पंचायत विकास योजना के पांच चरण का अनुसरण कर एक अच्छी। कार्ययोजना बनाई जा सकती है। प्रशिक्षक अदिति रस्तोगी ने अपनी ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लिया। उन्होने कहा थीम पर कार्य करके ही मॉडल ग्राम पंचायत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। प्रशिक्षक अंजली सागर ने कार्य योजना बनाने हेतु सभी पंचायत सहायकों के योगदान के बारे में जानकारियां दीं। प्रशिक्षण में सहायक पंचायत अधिकारी शिव कुमार, प्रधान गिरीश पाल, अरुण कुमार, पंचायत सहायक नीरज, अजय कुमार, अदिति रस्तोगी, अनिकेत पटेल, अस्मित राठौर, विशाल प्रजापति, विपिन कुमार ब्रजेश कुमार, अरविंद कुमार समेत अनेक प्रधान, पंचायत सहायक और वार्ड सदस्य उपस्थित रहें।


प्रशिक्षण में फूला माला पहने महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

- ग्राम प्रधानों को दी गई विकास कार्यों योजना बनाने की जानकारी

# तीन साल की बच्ची चुराकर भाग रही महिला को पकड़ा

संवाददाता, कुंवरगांव

- पुलिस ने आरोपी महिला को उसके परिजनों को सौंपकर लूटी वाहवाही

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गावं में ग्रामीणों ने मंगलवार रात घर के दरवाजे से तीन साल की बच्ची चोरी करके भाग रही महिला को पकड़ लिया। पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने महिला पर कार्रवाई करने बजाय उसे उसके परिजनों को सौंप कर वाहवाही लूटी। वहीं पुलिस के अनुसार महिला मानसिक मंदित थी।

मामला कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बनेई का है। गांव निवासी परवेज की तीन साल की बेटी मंगलवार रात लगभग साढ़े 10 बजे घर के दरवाजे पर खेल रही थी। गांव में घूम रही एक महिला ने उसे गोद में उठाया और कपड़े से ढक कर ले जाने लगी। गांव से तकरीबन सौ मीटर दूर पहुंची। सामने से आ रहे दो युवकों ने महिला के गोद में परवेज की बच्ची देखी तो महिला को पकड़ लिया। महिला के हाथ से बच्ची ले ली। सूचना देने पर परवेज और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। कुछ देर के बाद डायल 112 पुलिस पहुंच गई। महिला से पूछताछ करके उसे थाने ले गए। महिला ने अपना नाम ममता और खुद को शहर निवासी बताया। पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के साथ पहुंचाया। ग्राम प्रधान पति जमशेद अली ने बताया कि महिला एक बच्ची को चोरी करके भाग रही थी। गांव से कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया था और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद पता नहीं पुलिस ने क्या कार्रवाई की है।

# दमयंती राज आनंद महाविद्यालय को मंडल में पहला स्थान



बिसौली स्थित दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय। ● अमृत विचार


शिविर में रोवर्स और रेंजर्स को जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

- सीपीएसएफ पोर्टल पर साझा की गई थी जानकारी, महाविद्यालय को प्राप्त हुए 51.79 अंक

**अमृत विचार :** विद्यार्थियों की उपस्थिति, एनआईआरएफ, रिसर्च डेवलपमेंट, एकेडेमिक प्रोग्रेस, स्वयं और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन जैसे अनेक डिजिटल पोर्टल्स सहित 43 बिंदुओं के मासिक परीक्षण में बिसौली के दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

शासन की ओर से राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त सभी महाविद्यालयों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए दिसंबर 2025 में प्रमाणन पोर्टल पर स्कोर कार्ड जारी करने के लिए सीपीएसएफ पोर्टल की शुरूआत की गई। हर महीने आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में महाविद्यालयों को अपने यहां की 43 बिंदुओं पर आधारित सभी जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होती हैं। जिसकी समीक्षा के बाद अगले महीने रैंकिंग निर्धारित की जाती है। दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय को जनवरी महीने में 51.79 अंकों के साथ मंडल में पहला स्थान हासिल हुआ है। कॉलेज के प्रोफेसर ने एक-दूसरे और विद्यार्थियों को बधाई दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना भारती ने बताया कि इस उपलब्धि में सभी के सम्यक प्रयास हैं और प्रयास यही होगा कि महाविद्यालय हर महीने अच्छा प्रदर्शन करे।

### महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स का तीन दिवसीय शिविर शुरू

महाविद्यालय में रोवर्स और रेंजर्स का तीन दिवसीय शिविर शुरू हो गया है। प्राचार्य ने झंडा गीत और स्काउट झंडारोहण के साथ शिविर आरंभ कराया। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह युवाओं के लिए एक स्वैच्छिक सेवा आंदोलन है। इसकी स्थापना 1919 में लॉर्ड बैडेन पॉवेल ने की थी। इसका उद्देश्य सामाजिक सेवा, चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों को विकसित करना है। रोवर्स प्रभारी डॉ. मदन मोहन वार्ष्णेय और रेंजर्स प्रभारी डॉ. मञ्जूषा उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कांग्रेस कार्यकर्ता बुधवार को जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ हो रही कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जोभी सत्य की आवाज उठाता है, उसे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। इस मौके पर लेखराज राठौर, राजेश वर्मा, मुशीर अहमद, अंसार खान, राजेश आदि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 17 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं :–

**कार्यों का विवरण : 1.** इज्जतनगर मंडल के काशीपुर, भोपतपुरा एवं बीसलपुर स्टेशनों के गुड्स शेड पर सी.सी.टी.वी. कैमरों का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** ₹ 69,36,645.47, **बयाना राशि :** ₹ 1,38,700/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह, **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 17.03.2026 को 11:00 बजे।

• पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,**
**मुजाधि/सिगनल-108 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**


# 300 विद्यार्थियों के लिए कराई जंगल सफारी

## वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने पर छात्र-छात्राओं को दिया अवसर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



विद्यार्थियों द्वारा वन्यजीव संरक्षण पर आधारित बनाए गए पोस्टरों को देखते डीएफओ।




पीटीआर मुख्यालय पर वाहन को झंडी दिखाते डीएफओ भरत कुमार डीके।

**अमृत विचारः** वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने बुधवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में निशुल्क जंगल सफारी करने के साथ मिनी गोवा कहे जाने वाले ईको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच में प्रकृति को करीब से देखा। जंगल सफारी के दौरान विद्यार्थियों ने बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार किए। शैक्षिक भ्रमण में 10 विद्यालयों के करीब 300 विद्यार्थी शामिल रहे।

पीलीभीत टाइगर रिज़र्व की ओर से बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के 10 विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यह सभी विद्यार्थी पूर्व में विभिन्न वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर चुके थे। इन्हीं गतिविधियों के लिए पुरस्कार स्वरूप इन विद्यार्थियों को बुधवार को निशुल्क पीलीभीत टाइगर रिज़र्व का भ्रमण कराया गया। पीटीआर मुख्यालय पर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन में हुए कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा वन्यजीव संरक्षण विषय पर तैयार किए गए पोस्टरों की सराहना की गई। इस दौरान प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में वन एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा वे भविष्य में वन्यजीव संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

**• डीएफओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, बाघ समेत वन्यजीवों का किया दीदार**

टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को जंगल में पाई जाने वाली विभिन्न वनस्पतियों की जानकारी दी एवं वन्यजीवों के बारे में विस्तार से बताया। जंगल सफारी के दौरान विद्यार्थियों ने बाघ, चीतल, सांभर, काकड़ एवं जंगली सूअर के दीदार किए। वहीं विद्यार्थियों ने भी वन अफसरों ने दीमक की बांबी एवं घास के मैदानों के प्रबंधन आदि के बारे में सवाल पूछे। सभी विद्यार्थियों ने ईको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच पर पहुंचकर करीब से देखा। सफारी वाहनों की व्यवस्था महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र कुमार यादव द्वारा की गई।

### यह स्कूल-कॉलेज रहे शामिल

शैक्षणिक कार्यक्रम में अवध पब्लिक स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लायंस बाल विद्या मंदिर, कंपोजिट विद्यालय नखासा, कंपोजिट विद्यालय अशरफ खां, अंगूरी देवी बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलुभाई साहनी कॉलेज, ललित हरि आयुर्वेदिक कॉलेज, रानी अवंतीबाई जूनियर हाई स्कूल एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज के विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएफएस हिमांशु वावल, उप प्रभागीय अधिकारी रुद्रप्रताप सिंह, समाधान विकास समिति के समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रमोद कुमार, सर्वेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राहुल कुमार एवं राजेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# हस्तशिल्प प्रदर्शनी में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की दिखी झलक

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : भारतीय कला व हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छावनी कैंट स्थित युगवीणा लाइब्रेरी परिसर में हस्तकला उत्सव-हस्तशिल्प प्रदर्शनी का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। यह प्रदर्शनी तीन मार्च तक चलेगी। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से 55 से अधिक हस्तशिल्प स्टॉल लगे हैं। स्टॉल लगाने वालों में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के कलाकार शामिल हैं। इसे हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की तरफ से आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उनके साथ डॉ, तनु जैन सीईओ बरेली कैंटोनमेंट समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने स्टॉल्स का दौरा किया। शिल्पकारों से बातचीत की और प्रदर्शित उत्पादों की विविधता और गुणवत्ता की सराहना की। साथ ही कारीगरों को ज्यादा पहचान और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया। मेयर ने कहा कि भारतीय हस्तकला उत्सव भारत की समृद्ध शिल्प विरासत को मनाने के साथ-साथ कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमों को सीधे बाजार से जोड़ने की एक सार्थक पहल है।

**• छावनी की हस्तशिल्प प्रदर्शनी बनी संस्कृति-कला की उम्मीदों का मंच**

उन्होंने कहा कि ऐसे मंच कारीगरों की आजीविका मजबूत करते हैं, पारंपरिक कौशल को सुरक्षित रखते हैं और कारीगरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। ईपीसीएचके अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय हस्तकला उत्सव हमारे कारीगरों और शिल्प उद्यमों के लिए घरेलू बाजार के अवसरों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। प्रदर्शनी में हस्तनिर्मित साड़ियां, लकड़ी के खिलौने, होम फर्निशिंग उत्पाद, गृह सज्जा सामग्री समेत पारंपरिक हस्तशिल्प एवं कला उत्पाद सजाए गए हैं।


**26 उ.प्र. वाहिनी एन.सी.सी. छाउछ रोड, लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: 284/26/क्यू **निविदा सूचना विज्ञप्ति** दिनांक: 25.02.2026

इस वाहिनी 26 यू.पी. वाहिनी एन.सी.सी. छाउछ रोड लखीमपुर–खीरी पर स्थित कार्यालय भवन की मरम्मत का कार्य करवाने के लिए कुल बजट 5 लाख रूपये है, इच्छुक रजिस्टर्ड ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि मरम्मत का कार्य करने की विस्तृत जानकारी आकर इस वाहिनी से प्राप्त कर सकते हैं। सभी निविदा आमंत्रित है। सभी निविदायें से अनुरोध है। कि 06 मार्च 2026 तक मरम्मत के कार्य के मुताबिक इस्टीमेट मूल्य सहित व्यक्तिगत अथवा डाक द्वारा मुहरबन्द लिफाफों में इस कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए। सभी निविदायें 10 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे डाक खोली जायेगी। अद्योहस्ताक्षरी के पास किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

**चित्र सैन**
**कर्नल**
**कमान अधिकारी**


### तीन युवकों पर खौलता तेल फेंका

**बरेली।** विवाद होने पर होटल मालिक ने 3 युवकों पर कढ़ाई का खौलता तेल फेंक दिया, जिसमें एक युवक गंभीर झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# एनुअल स्पोर्ट मीट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। • अमृत विचार

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** कृष्णा स्कूल में पीएनसी और एनसी कक्षाओं की एनुअल स्पोर्ट मीट आयोजित की गई। प्रबंधक सनी दीक्षित, प्रधानाचार्या रोज़ी दीक्षित ने शुरुआत कराई।

कक्षा एनसी में रेस विद रिंग प्रतियोगिता में देवराज भारद्वाज व अर्पित सिंह प्रथम, अनन्या गुप्ता व अपेक्षा द्वितीय, अभिनय माहेश्वरी व यशिका गुप्ता तृतीय रहे। फ्रॉग रेस में केशव गंगवार व वेदांश गंगवार प्रथम, अंशिका मौर्या व कायरव गंगवार द्वितीय, मितांश वर्मा व अर्श वर्मा तृतीय रहे। बैलेंस रेस में कीर्ति देवी व प्रांजल प्रताप सिंह प्रथम ,हिमांश वर्मा व शिवांग गुर्जर द्वितीय, कौशिकी व अनुराग सिंह तृतीय रहे। ईट एंड रन रेस में अरनव कुमार व सृष्टि मिश्रा प्रथम, लक्ष्य व शशांक द्वितीय, अभिनंदन व निशांत तृतीय रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# विज्ञान और रसायन विज्ञान हुआ का पेपर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में बुधवार को हाईस्कूल में विज्ञान जबकि इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र पेपर हुआ। परीक्षा दो पालियों में कराई गई। दोनों पालियों में 38,675 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें सिर्फ 36,483 ने परीक्षा दी। जबकि 2192 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान अफसरों ने केंद्र का निरीक्षण किया।

शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राम इंटर कॉलेज, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत 70 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटी रही। पहली पाली में हाईस्कूल की परीक्षा कराई गई। हाईस्कूल में विज्ञान का पेपर हुआ। जिसमें 23037 पंजीकृत थे। इनमें 21607 ने परीक्षा दी, जबकि 1430 गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में समाजशास्त्र और रसायन विज्ञान का पेपर कराया गया। जिसमें 15638 पंजीकृत थे, इनमें 14876 उपस्थित रहे। जबकि 762 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान सचल दल और मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों की निगरानी में जुटे रहे। डीआईओएस राजीव कुमा सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है। कहीं भी नकलची नहीं पकड़ा गया है। कई परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी भी चेक किए गए।

**• दो पालियों में हुई तीन विषय की परीक्षा, स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने परखी व्यवस्थाएं**


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1391/453सी(ई0टेण्डर)–3/25–26 दिनांक 16.02.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बरेली के कार्य क्षेत्र अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ऑन लाईन ई निविदा दिनांक 05.03.2026 से दिनांक 13.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाईन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+ 5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1- | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद बरेली में विकास खण्ड भुता में सिमरा बहोर नगला मार्ग से कुआडांडा अहरौला मार्ग में चौडीकरण एवं नव निर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1 बरेली | 153.06 | 11.48 | 164.54 | 10.23 | माह | 2725.00 | (मार्ग कार्य हेतु ) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइटhttp://etender.up.nic.inपर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

**UP-246880 दिनांक 05.02.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


# मोती की खेती की कराई शुरुआत, किसान सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



ग्राम न्यूरिया हुसैनपुर पहुंचे डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत समूह की महिलाओं को मोती की खेती प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण में ग्राम सरैंदा पट्टी में वीरपाल के यहां तालाब में मोती की खेती कराई जा चुकी है। अब द्वितीय चरण में छह किसानों को परमिला मिस्त्री, चमेली वाछड़, नीलिमा अग्रवाल, कश्मीर कौर, कॉन्डेड जूलियन, मसूद हसन खान को मोती की खेती कराई गई।

बुधवार को डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उपायुक्त स्वतः रोजगार वन्दना सिंह न्यूरिया हुसैनपुर पहुंचे और किसानों के तालाब में मोती की खेती की शुरुआत कराई। पूरे प्रोजेक्ट को लगाने एवं निर्देशित करने का कार्य निर्देशक मणि एग्रो हब लखनऊ आनंद त्रिपाठी, सीईओ डॉ. अयूब हुसैनी ने किया। उन्होंने मोती की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि 62 रुपये की एक सीप होती है और इसमें 02 मोती निकलते है। अगर 10 हजार सीप को किसी तालाब में डाला जाता है जिसकी लागत 6. 20 लाख आती है तो 12 से 18 महीने में उसके 20 हजार मोती पैदा होंगे। उसको मणि एग्रो हब 100 रुपये प्रत्येक मोती के हिसाब से खरीद लेंगे जोकि 20 लाख के होंगे। संचालन डीआरपी सुनील कुमार ने किया। इस दौरान किसानों को सम्मानित भी किया गया।

**• राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत समूह की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण**

### सीएम डैशबोर्ड की भी हुई समीक्षा बैठक

डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार शाम मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में हुई। फैमिली आईडी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, आयुष्मान कार्ड, सड़क निर्माण, शिक्षा, चिकित्सा, जल निगम, परिवहन, पर्यटन आदि योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई और समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। दो करोड़ से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कहा कि जो भी परियोजनाएं अनारम्भ/अवरुद्ध हैं उन्हे तत्काल प्रारम्भ कराया जाए।

# बरेलियंस पी गए एक हजार करोड़ की शराब

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में इस वर्ष शराब के शौकीन एक हजार करोड़ रुपये की शराब गटक गए। सबसे अधिक बिक्री देसी शराब की हुई। रिकार्ड शराब की बिक्री से आबकारी विभाग को अधिक राजस्व मिला है। पूरे जिले में शराब परोसने वाले कुल 29 बार लाइसेंसधारी हैं। कच्ची शराब पीने से हुई लोगों की मौत के बाद उसे बनाने और बेचने वालों पर आबकारी के साथ पुलिस ने भी शिकंजा कस दिया है। इसके बाद लोगों का ठेके से शराब खरीद कर पीने की तरफ रुझान बढ़ा है। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल से अब तक एक हजार करोड़ रुपये की शराब बिकी है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 773/ई–टेण्डर/25–26 दिनांक 19.02.2026

अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 27.02.2026 से दिनांक 07.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 07.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख रू0) | निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (भवन कार्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | जनपद बरेली स्थित सर्किट हाउस बरेली में स्थित एनेक्सी भवन के कक्षों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 30.50 | 3.05 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 2 | जनपद बरेली स्थित सर्किट हाउस बरेली के कक्षों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई तथा छत की मरम्मत का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.50 | 3.25 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 3 | जनपद बरेली स्थित सर्किट हाउस बरेली में बाउण्ड्री वॉल की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.50 | 3.25 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 4 | निरीक्षण भवन, बरेली में कक्षों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.00 | 3.20 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 5 | निरीक्षण भवन, बरेली में बाउण्डी वॉल की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.00 | 3.20 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 6 | जनपद बरेली में आवासीय भवनों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 31.50 | 3.15 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 7 | जनपद बरेली में अनावासीय भवनों (कार्यालयों) की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 33.00 | 3.30 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 8 | टाईप–1 (राजेन्द्र नगर कालोनी) के आवासों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.00 | 3.20 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 9 | टाईप–2 (राजेन्द्र नगर कालोनी) के 64 नग आवासों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.00 | 3.20 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 10 | टाईप–2 (राजेन्द्र नगर कालोनी) के 75 नग आवासों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 32.10 | 3.21 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 11 | टाईप–2 (राजेन्द्र नगर कालोनी) के 83 नग आवासों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 33.00 | 3.30 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |
| 12 | टाईप–3 (राजेन्द्र नगर कालोनी) के आवासों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 33.00 | 3.30 | 944.00 | 08 माह | ए, बी, सी, डी (भवन कार्य हेतु) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली

**UP-246871 दिनांक 24.02.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


**विज्ञान** | अभी तक 'पल्सर' की दूरी का अंदाजा लगाना अंधेरे में तीर चलाने जैसा था

# ब्रह्मांड की दूरी मापने का भारतीय वैज्ञानिकों ने खोजा नया तरीका

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



**अमृत विचारः** सर्दियों में घने कोहरे वाली सड़क पर कार चलाना कितना मुश्किल होता है, आपकी कार की लाइट ही धुंध के कणों के कारण वापस लौटती प्रतीत होती है। ऐसे में सामने से आ रही गाड़ी की हेडलाइट कितनी दूर है, इसका अंदाजा लगाना काफी कठिन हो जाता है। अंतरिक्ष में भी जब वैज्ञानिक ''''पल्सर'''' जैसे तारों को देखते हैं, तो ठीक इसी तरह की मुश्किल पेश आती होता है। लेकिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के भौतिकी विभाग तथा स्पेस, प्लैनेटरी एंड एस्ट्रोनॉमिकल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग (स्पेस) इकाई और नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स पुणे के खगोल वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष के इन ''''लाइटहाउस'''' की सटीक दूरी मापने का तरीका खोज निकाला है। पूरी तरह से इस भारतीय शोध ने दशकों पुरानी खगोलीय समस्या का सरल समाधान दिखा दिया है।

अंतरिक्ष में कुछ ऐसे 'लाइटहाउस' हैं जो एक सेकेंड में दर्जनों बार चमकते हैं। इन्हें ही 'पल्सर' कहते हैं। अभी तक वैज्ञानिकों के लिए यह बताना मुश्किल भरा काम था कि कोई पल्सर हमसे कितना दूर है। इस बड़ी समस्या का सटीक समाधान निकालने के लिए आईआईटी के शोधकर्ताओं ने तरंगों के बिखराव और समयावधि जैसे दो प्रमुख तथ्यों का गहन विश्लेषण किया।

जैसे कोहरे में लाइट फैल जाती है, वैसे ही अंतरिक्ष के मुक्त इलेक्ट्रॉनों (धूल के कणों) के कारण पल्सर की रेडियो तरंगें भी फैल जाती हैं, इसे ही तरंगों का बिखराव कहते हैं। इसी तरह जैसे ट्रैफिक ज्यादा होने पर गाड़ी की रफ्तार धीमी हो जाती है, वैसे ही ये तरंगें इलेक्ट्रॉनों से टकराकर पृथ्वी तक पहुंचने में थोड़ा समय लेती हैं। इसी समयावधि का अध्ययन किया गया। वैज्ञानिकों ने इन दोनों चीजों तरंगों के बिखराव और समयावधि को आपस में जोड़ दिया।

उन्होंने गणित के जरिए पता लगाया कि अगर तरंग इतनी 'धुंधली' है और इतनी 'देर' से पहुंची है, तो वह कितनी दूर से आ रही होगी। यह बिल्कुल उसी तरह का प्रयास रहा, जैसे किसी बल्ब की धुंधली रोशनी देखकर बता दिया जाए कि वह कितनी दूरी पर जल रहा है।

### खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती को मिला समाधान

आवधिक रेडियो तरंगें उत्सर्जित करने वाले तारों जैसे पल्सर की दूरी मापने वाले नई और प्रभावी शोध को आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के प्रतिष्ठित जर्नल मंथली नोटिसेज आफ द रायल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययन को डॉ. आशीष कुमार (वर्तमान में एनसीआरए पुणे में), प्रो. अविनाश ए. देशपांडे और प्रो. पंकज जैन (आईआईटी कानपुर) ने संयुक्त रूप से किया है। खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार तारों की सही दूरी मापना खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। आकाश में किसी तारे की दिशा ज्ञात करना अपेक्षाकृत सरल है, लेकिन उसकी वास्तविक दूरी निर्धारित करना कठिन होता है। दूरी मापने का सबसे विश्वसनीय तरीका त्रिकोणमितीय पैरालैक्स है, किंतु यह केवल निकटवर्ती तारों पर ही प्रभावी रूप से लागू होता है। अन्य विधियों, जैसे न्यूट्रल हाइड्रोजन आधारित तकनीकों में त्रुटि की संभावना ज्यादा रहती है। शोधकर्ताओं ने नई तकनीक आकाशगंगा के दक्षिणी भाग में स्थित विशाल गैसीय क्षेत्र गम नीहारिका की दिशा में मौजूद पल्सरों पर लागू कर दिखाई है। यह विधि उन सैकड़ों ज्ञात पल्सरों पर भी लागू की जा सकती है, जिनके प्रेक्षणीय आंकड़े पहले से उपलब्ध हैं।

### क्या होते हैं पल्सर?

पल्सर वास्तव में मरे हुए विशाल तारों के अवशेष होते हैं, जो काफी तेजी से घूमते हैं। इनसे रेडियो तरंगें निकलती हैं जो पृथ्वी तक 'टिक-टिक' की आवाज की तरह पहुंचती हैं। इसीलिए इन्हें अंतरिक्ष का 'लाइटहाउस' कहा जाता है। माना जाता है कि पल्सर इतने घने होते हैं कि उनके एक चम्मच पदार्थ का वजन किसी बड़े पहाड़ जितना हो सकता है।

### यह खोज क्यों है खास

- इससे हमारी आकाशगंगा का सटीक 3-डी नक्शा तैयार करने में मदद मिलेगी।
- पल्सर की सही दूरी पता होने से गुरुत्वाकर्षण तरंगों और ब्लैक होल के बारे में बेहतर जानकारी मिलेगी।
- इस पद्धति के व्यापक उपयोग से आकाशगंगा के इलेक्ट्रॉन घनत्व मॉडल अधिक सटीक बनाए जा सकेंगे।
- पल्सरों की वास्तविक गति, स्थिति और रेडियो चमक का बेहतर अनुमान संभव होगा।
- यह तरीका बाह्य-आकाशगंगीय तीव्र रेडियो फ्लैश जैसे फास्ट रेडियो बर्स्ट की दूरी और उनके परिवेश को समझने में भी सहायक सिद्ध होगा।

न्यूज ब्रीफ

### होली से पहले शिक्षा विभाग के कार्मिकों को मिलेगा वेतन

**लखनऊ, अमृत विचार :** होली पर्व से पहले प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, उत्तर प्रदेश की ओर से 24 फरवरी 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्मिकों का वेतन 2 मार्च 2026 से पहले हर हाल में जारी कर दिया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनीका रानी द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वेतन भुगतान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा।

### 9 पुलों के निर्माण को 8.85 करोड़ मंजूर

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में सड़क और सेतु अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाबार्ड पोषित आरआईडीएफ योजना के तहत विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन बागपत में एक रेल उपरिगामी सेतु समेत 9 सेतुओं के लिए 8.85 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग के लिए जारी शासनादेश के अनुसार, सभी कार्य लोक निर्माण विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के माध्यम से कराए जाएंगे। जारी धनराशि में सबसे बड़ा हिस्सा बागपत में दिल्ली-शाहदरा-सहारनपुर रेल सेक्शन पर बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग स्थित समपार संख्या-49ए पर निर्माणाधीन दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) के लिए है। इस परियोजना के लिए वर्ष 2025-26 में 4.10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। शासनादेश के तहत कुशीनगर, कानपुर नगर, अलीगढ़, मुरादाबाद, संतकबीर नगर और कासगंज सहित विभिन्न जनपदों में स्थित आठ लघु सेतुओं के पुनर्निर्माण एवं नव-निर्माण कार्यों के लिए भी धनराशि जारी की गई है।

### विद्युत संघर्ष समिति की प्रांतीय बैठक आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को हाइडिल के फील्ड हास्टल में होगी। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि इस बैठक में बिजली कर्मियों के आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने, निजीकरण के विरोध और आंदोलन में सक्रिय कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा होगी। साथ ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

# गाजियाबाद स्कूल परिसर में दिखे तेंदुए को वन विभाग ने पकड़ा

गाजियाबाद, एजेंसी



**गाजियाबाद** में वन विभाग ने बुधवार को गोविंदपुरम इलाके के एक स्कूल परिसर में तेंदुए को देखे जाने के बाद उसे पकड़ लिया। गाजियाबाद में ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया था। वन विभाग और पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पहले स्कूल को खाली कराया और फिर उसे बंद करा दिया। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) ईशा सिंह ने बताया कि स्कूल बंद कर दिया गया है और अधिकारियों ने संस्थान के चारों ओर एक सुरक्षा घेरा स्थापित कर दिया है एवं पुलिस ने सभी प्रमुख पहुंच मार्गों को बंद कर दिया है।

सिंह के अनुसार बाद में, वनकर्मियों की टीम ने तेंदुए को एक स्कूल के शौचालय में देखा और उसे सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए शौचालय की दीवार में चार फुट चौड़ा छेद किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रैंक्विलाइज़र डार्ट के जरिए तेंदुआ को बेहोश किया गया और उसे पिंजरे में बंद कर दिया गया। तेंदुए को सहारनपुर के शिवालिक रेंज में ले जाया जाएगा। यात्रा के दौरान तेंदुए की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पशु चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में उसे स्थानांतरण किया जाएगा। ऑपरेशन के दौरान किसी कर्मचारी या स्थानीय निवासी के घायल होने की सूचना नहीं है। इससे पहले प्रभागीय वन अधिकारी ईशा सिंह ने बुधवार को को बताया था कि गोविंदपुरम क्षेत्र में स्थित ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तेंदुआ नजर आया है, इसके बाद तेंदुए को पकड़ने के लिए स्कूल परिसर में पिंजड़ा और जाल भी लगाए गए हैं।

# भाजपा ने 200 मंडल अध्यक्षों का किया ऐलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यकर्ताओं से बोले प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी- चुनाव आने वाले हैं सबको मिलेगा काम
- गमछा और बुलडोजर भेंट पर दिखा सादगी का अंदाज

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को 200 मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा की। इसके साथ ही प्रदेश में नई कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और संगठन में सभी के लिए काम है। उन्होंने कहा कि पार्टी में जिम्मेदारी काम के आधार पर तय होती है, इसलिए सभी लोग संगठन के दिए दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाएं।

भाजपा ने मंगलवार देर रात 1918 संगठनात्मक मंडलों में से शेष रहे 200 मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की सूची जारी की है। हालांकि 14 जिलाध्यक्षों की सूची अभी लटकी पड़ी है। नए मंडल अध्यक्ष बनाए गए कार्यकर्ताओं को जानकारी जैसे ही हुई, लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिलने पहुंचे।

मुलाकात के दौरान एक कार्यकर्ता ने प्रदेश अध्यक्ष को भगवा गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस पर पंकज चौधरी ने मुस्कुराते हुए कहा कि इस पर पैसा क्यों खर्च किया, डेढ़-दो सौ रुपये जो खर्च किए, वे तुम्हारे काम आते। वहीं, एक अन्य कार्यकर्ता ने बुलडोजर की प्रतीकात्मक रेप्लिका भेंट की, जिसे देखकर उन्होंने हंसते हुए कहा कि पूरा बुलडोजर ही उठा लाए हो। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष से मिलने पहुंचीं और नई कार्यकारिणी में स्थान को लेकर अपना दावा प्रस्तुत किया। कई कार्यकर्ताओं ने जिला और प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी के लिए बायोडाटा भी सौंपे।

### होली बाद घोषित होगी नई कार्यकारिणी

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए सुबह 10 से 12 बजे का समय निर्धारित किया था, लेकिन दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं को देखते हुए उन्होंने तय समय के बाद भी सभी से मुलाकात की और उनकी बातें सुनीं। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सैनी ने उनसे मिलकर विवाह का निमंत्रण भी दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, होली के बाद भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान किया जाएगा। पहले दौर का संगठनात्मक मंथन पूरा हो चुका है, हालांकि जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को लेकर अंतिम सहमति अभी बननी बाकी है। इसके लिए लखनऊ और दिल्ली स्तर पर दूसरे दौर की बैठकें होंगी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 2 मार्च को पार्टी कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित करेंगे, जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं देंगे।

# मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

## टोक्यो में निवेश रोड शो: जापान इंडस्ट्रियल सिटी से लेकर सेमीकंडक्टर तक साझेदारी का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जापान की राजधानी टोक्यो में उद्यमियों से उत्तर प्रदेश में निवेश पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित यूपी निवेश रोड शो के दौरान जापानी उद्यमियों को प्रदेश में निवेश का खुला निमंत्रण दिया। सिंगापुर के बाद जापान पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। उन्होंने 500 एकड़ में जापान इंडस्ट्रियल सिटी से लेकर सेमीकंडक्टर तक साझेदारी का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश इसलिए सुरक्षित है, क्योंकि यहां स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड, चारों उपलब्ध हैं। मजबूत कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और युवा कार्यबल ने यूपी को भारत का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है। उन्होंने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और राज्य के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का अनुभव लेने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सूर्यवंश की परंपरा और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है, वहीं भगवान बुद्ध की प्रमुख कर्मभूमि भी यही राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामायण और बौद्ध सर्किट के विकास से स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है, जिससे पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में निवेश के नए अवसर खुले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है, जिससे फूड प्रोसेसिंग और एग्री-लॉजिस्टिक्स में बड़े निवेश की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ में जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है, ताकि जापानी कंपनियां क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें। यहां बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक सहित जापान के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 'मेगा ट्रांसफॉर्मेशन' से बढ़ा उद्योगों का भरोसा

मारुति सुजुकी इंडिया लि. के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राहुल भारती ने कहा कि योगी सरकार के दौरान यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है। वहीं स्पार्क मिंडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ईवी मोबिलिटी में निवेश का ऐलान करते हुए 3000-4000 रोजगार सृजन की बात कही।

### टोक्यो में हुआ आत्मीय स्वागत

टोक्यो आगमन पर प्रवासी भारतीयों ने पारंपरिक परिधानों में मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। यह दृश्य भारत-जापान के गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों की झलक था।

# जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी उन्होंने यूपी को अंधेरे में रखा

## टोक्यो में प्रवासी भारतीयों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



टोक्यो में भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय समुदाय से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश के अंधेरे से उजाले तक के परिवर्तन को बेबाक शब्दों में रखा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी, क्योंकि अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी, उन्होंने प्रदेश को भी अंधेरे में रखा। लेकिन हमने तय किया कि उत्तर प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है, तो उसे उजाले में लाना होगा। हम सूर्यपुत्र हैं और हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को डकैती और भय से मुक्त करने का संकल्प लिया और उसके लिए बिजली, सड़क और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी। आज इसका परिणाम सबके सामने है। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश दंगे, कर्फ्यू और अंधेरे की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज दुनिया भर के निवेशक उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन, लॉजिस्टिक्स पार्क और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। यह वही प्रदेश है, जहां कभी उद्योग आने से कतराते थे।

प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जापान में रह रहे करीब 55 हजार भारतीयों से अपील की कि वे एकजुट होकर भारत और जापान दोनों के विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', वरिष्ठ अधिकारी और जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक भी उपस्थित रहीं।

### होली पर निर्बाध रात्रिकालीन बस सेवाएं होंगी संचालित



**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व (2 व 4 मार्च) पर संभावित भीड़ को देखते हुए यूपीएसआरटीसी ने 28 फरवरी से 9 मार्च तक विशेष संचालन योजना लागू की है। लखनऊ क्षेत्र के चारबाग, अवध, कैसरबाग, रायबरेली, हैदरगढ़, उपनगरीय, बाराबंकी व आलमबाग डिपो से कुल 1003 बसें संचालित होंगी, जबकि 50 बसें आकस्मिकता के लिए आरक्षित रहेंगी। लखनऊ से दिल्ली (कौशांबी/आनंद विहार), जयपुर, हरिद्वार, देहरादून, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज समेत प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली मार्ग पर 47 और गोरखपुर मार्ग पर 50 अतिरिक्त बसें लगेंगी। लंबी दूरी की बसों में जरूरत पड़ने पर दो चालक तैनात कर रात्रिकालीन सेवा निर्बाध रखी जाएगी। विशेष अवधि में अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश निरस्त रहेंगे।

# 2017 में चली गई थी उमाशंकर सिंह की विधानसभा सदस्यता

## लोकायुक्त की रिपोर्ट के बाद राज्यपाल ने की थी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उमाशंकर सिंह

**अमृत विचार:** बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह, जिनके यहां पर बुधवार को आयकर विभाग ने छापा मारा है, उनकी सदस्यता वर्ष 2017 में चली गई थी। यह राज्य के इकलौते विधायक ऐसे हैं, जिनकी सदस्यता निर्वाचित होने की तारीख से समाप्त की गई थी।

उमाशंकर सिंह वर्ष 2012 में वह पहली बार बसपा के टिकट पर बलिया के रसड़ा विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर विधायक बने थे। इसी बीच सुभाष चंद्र एडवोकेट ने 18 दिसंबर, 2013 को शपथपत्र देकर उनके खिलाफ लोकायुक्त के यहां शिकायत कर दी। आरोप लगाया था कि विधायक चुने जाने के बाद भी उमाशंकर सिंह सरकारी ठेके लेकर सड़क निर्माण करते आ रहे हैं। तत्कालीन लोकायुक्त न्यायमूर्ति एनके मेहरोत्रा ने शिकायत की जांच में उमाशंकर सिंह को दोषी पाते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजी दी थी। प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने जनवरी 2017 में लोकायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर उमाशंकर सिंह की विधानसभा की सदस्यता समाप्ति करने का आदेश दिया था। उमाशंकर की सदस्यता उनके विधायक निर्वाचित होने की तारीख यानी छह मार्च, 2012 से समाप्त करने का निर्णय दिया गया था।

विधान सभा 2022 के चुनाव में उमाशंकर सिंह को छोड़कर बसपा का एक भी विधायक चुनकर नहीं आया। इसके बाद बसपा प्रमुख मायावती के साथ उनकी निकटता हो गई। उमाशंकर के नजदीकियों का कहना हैं कि उमाशंकर छात्र राजनीति से निकले। उन्होंने छात्र राजनीति में वर्ष 1990 में कदम रखा। उसके बाद वर्ष 2000 बलिया के जिला पंचायत अध्यक्ष बने। वर्ष 2011 में बसपा में शामिल हो गए।

### 11 महीने पहले ही लिख गई थी छापे की पटकथा

विधायक उमाशंकर सिंह के यहां भले ही छापा अब पड़ा है, लेकिन इसकी पटकथा 11 महीने पहले ही लिख गई थी। एक व्यक्ति ने विजीलेंस में उमाशंकर सिंह, उनकी पत्नी, बेटे और बेटी द्वार आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत की थी। विजीलेंस ने गोपनीय तरीके से जांच की तो प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए गए। उसके बाद यह मामला आयकर विभाग के संज्ञान में आया। वहां से पड़ताल के बाद छापेमारी की कार्रवाई हुई।

### विवादों से है विधायक का पुराना नाता

विधायक उमाशंकर सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। बीते साल एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें बलिया में बनाए गए पुल को पीडब्ल्यूडी ने खोल दिया था। इस पर मंत्री दयाशंकर सिंह ने बगैर नाम लिए उमाशंकर सिंह पर तल्ख टिप्पणी कर दी थी। उसके बाद उमाशंकर सिंह ने बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके दयाशंकर सिंह के लिए कहा था कि हम आरोप लगाने लगें और साक्ष्य देने लगें तो फिर कहीं छुपने की जगह नहीं मिलेगी। इसके अलावा सड़कों के निमार्ण में कथित फर्जीवाड़े करके भुगतान लेने के भी आरोप लगते रहे हैं।

### छापे पर छलक पड़ा मंत्री का दर्द

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के समधी हैं। समधी के यहां आयकर विभाग की कार्रवाई पर योगी सरकार के मंत्री का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उमाशंकर सिंह के बेटे से उनकी बेटी ब्याही है। सभी को पता है कि उमाशंकर सिंह दो साल से अधिक समय से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान समय में उमाशंकर सिंह के लिए धनार्जन नहीं सांसें बचाने में सारा समय और धन का व्यय हो रहा है। उनके सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। आज अपने आवास में आइसोलेशन में रह रहे हैं। विधान सभा सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन वह एक घंटे लिए भी नहीं जा सके। उन्होंने लिखा कि इस समय उनके घर पर नर्स या डाक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं हैं। यदि उनके जीवन की कोई हानि होती है तो ये संवेदनहीन संस्थाएं ही जिम्मेदार होंगी।

# 22 मई से शुरू होगी जनगणना

## पहली बार मोबाइल ऐप से स्व-गणना का विकल्प, पूछे जाएंगे 33 सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में जनगणना की शुरुआत 22 मई से होगी। इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप दिया गया है और पहली बार नागरिकों को मोबाइल ऐप व पोर्टल के जरिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प मिलेगा। पहले चरण में 33 सवाल पूछे जाएंगे। बाद में वर्ष 2027 में दूसरे चरण के दौरान जाति आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे।

जनगणना-2027 देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। इसके आंकड़े 1 मार्च 2027 की स्थिति के अनुसार दर्ज किए जाएंगे। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकान गणना और दूसरे चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या के साथ जाति आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे। प्रदेश में जनगणना कार्य के लिए लगभग छह लाख फील्ड कर्मी लगाए जाएंगे।

### क्या है स्व-गणना

- नागरिक मोबाइल ऐप या नागरिक पोर्टल पर लॉगिन कर जानकारी भर सकेंगे
- 7 से 21 मई तक ऑनलाइन प्रश्नावली भरने का अवसर
- फील्ड कर्मी आने से पहले ही डेटा दर्ज करने की सुविधा
- 33 प्रश्नों की डिजिटल प्रश्नावली
- गलतियों की संभावना कम, समय और पारदर्शिता दोनों में सुधार
- सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी

### पहला चरण :

- मकान सूचीकरण और मकान गणना
- 33 प्रकार की जानकारियां जुटाई जाएंगी

### दूसरा चरण:

- 9 से 28 फरवरी 2027
- जनसंख्या के साथ जाति संबंधी आंकड़े

# 27-28 को लखनऊ में मीन महोत्सव: निषाद



महोत्सव की जानकारी देते संजय निषाद।

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मत्स्य पालन को आधुनिक, लाभकारी और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो) का आयोजन 27 व 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

यह जानकारी प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एक्सपो में देश व प्रदेश के प्रख्यात मत्स्य वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का प्रसार, उद्यमिता संवर्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के लिए एक समन्वित मंच उपलब्ध कराना है। एक्सपो में लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियों के स्टॉल, औद्योगिक प्रदर्शनी, तकनीकी सत्र, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सीधा प्रसारण, फिश फूड कोर्ट और प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समीक्षा बैठक | महीने में एक बार भी लॉगिन न करने वाले कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश

# अनिवार्य रूप से लागू हो ई-ऑफिस प्रणाली : मुख्य सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5 मार्च से पहले सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय क्रियाशील करने के निर्देश



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्मिक पूरे माह में एक बार भी ई-ऑफिस पर लॉगिन नहीं करते हैं, उनका वेतन आहरित न किया जाए।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ ई-ऑफिस की प्रगति, खेल अवसंरचना, विद्यालयों में बालिका शौचालय, आंगनबाड़ी भर्ती और पंचायत उत्सव भवन निर्माण की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो तथा फाइलों का संचालन केवल ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि 5 मार्च से पहले यू-डायस और प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय और परिषदीय विद्यालयों में क्रियाशील बालिका शौचालय उपलब्ध हों।

### 10 मंडलों में खुलेंगे स्पोर्ट्स कॉलेज

खेल अवसंरचना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अयोध्या, बरेली, आगरा, मिर्जापुर, देवीपाटन, झांसी, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ और अलीगढ़ मंडलों में एक-एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के लिए 50-50 एकड़ भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव शीघ्र खेल विभाग को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा और उन्हें स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध किया जाएगा।

### पंचायत उत्सव भवन के निर्माण में लाएं तेजी

पंचायत उत्सव भवन निर्माण की समीक्षा में बरेली में कार्य प्रारंभ होने पर संतोष जताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि शेष जनपदों में भी कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। जिन 27 जनपदों में निविदा प्रक्रिया चल रही है, उन्हें तत्काल पूरा किया जाए, जबकि 44 जनपदों को अगले दो दिनों में टेंडर प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण लीना जोहरी, प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमृत विचार

गुरुवार, 26 फरवरी 2026






हे उज्ज्वल तारा, काश मैं भी तेरे समान स्थिर होता।

–जॉन कीट्स, अंग्रेजी कवि

## सेवा केंद्रित शासन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक का 'सेवा तीर्थ' परिसर में आयोजन प्रतीक और संदेश दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह बैठक ऐतिहासिक कही जाएगी, क्योंकि सरकार ने बैठक के स्थान और संकल्प दोनों को शासन को सत्ता-केंद्रित नहीं, सेवा-केंद्रित बनाने के महत्वपूर्ण वैचारिक फ्रेम में रखा। 'नागरिक देवो भवः' और 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की तीव्र गति जैसे वाक्यांश प्रशासनिक आचरण के लिए सार्वजनिक प्रतिज्ञा के बतौर स्थापित हुए, हालांकि पूर्ववर्ती सरकारें अपना जो भी निर्णय लेती थीं, जनहित में ही लिया हुआ बताती थीं, किंतु इस तरह का औपचारिक, मूल्य-आधारित संकल्प सार्वजनिक रूप से दोहराना जवाबदेही को संस्थागत रूप देने का आश्वस्तकारी प्रयास लगता है, विशेषकर उस समय जब 2047 तक भारत को शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया हो।

वर्तमान वृद्धि दर, पूंजीगत व्यय, डिजिटलीकरण और विनिर्माण प्रोत्साहन के आधार पर यह लक्ष्य असंभव नहीं, पर बहुत सरल भी नहीं। 6 से 8 प्रतिशत की सतत आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और उत्पादकता-वृद्धि की निरंतरता इसके लिए अनिवार्य होगी। 'सेवा तीर्थ' को यदि ऐसे गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर अथवा तंत्र का रूप दिया जाए, जहां प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हों, तो यह गतिशीलता ला सकता है, परंतु प्रतीक से अधिक महत्वपूर्ण क्रियान्वयन है, जिसकी असली कसौटियां सिंगल-विंडो क्लियरेंस, समयसीमा-आधारित सेवा वितरण और डेटा-आधारित फैसले होंगे। सरकार का यह विश्वास दिलाना कि पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक संवेदनाओं के प्रति सजग गवर्नेंस मॉडल को और अधिक मजबूती दी जाएगी, स्वागत योग्य है। केरल का नाम 'केरलम्' करने के प्रस्ताव का सांस्कृतिक आयाम अधिक है। नाम-परिवर्तन पहचान और भाषा-गौरव से जुड़ा होता है, इसका आर्थिक प्रभाव प्रशासनिक लागत और ब्रांडिंग-संगति का ध्यान रखा जाए तो भी सीमित रहता है। राज्यों के नाम उनकी भाषानुरूप बदलना बेहतर है, पर बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व सेवाओं की बेहतरी पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इतिहास बताता है कि जिन राज्यों या शहरों के नाम बदले गए, वहां सार्थक आर्थिक परिवर्तन नाम से नहीं, नीतियों से आए। रेलवे की तीन बड़ी परियोजनाओं की मंजूरी से संबंधित क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, औद्योगिक क्लस्टर जुड़ेंगे और माल ढुलाई बढ़ेगी। रेलवे को यात्री-आधारित आय से आगे बढ़कर माल-राजस्व सुदृढ़ करने का अवसर मिलेगा। पावर सेक्टर सुधार डिस्कॉम दक्षता, स्मार्ट मीटरिंग और ग्रिड आधुनिकीकरण दीर्घकाल में वित्तीय घाटे कम करेंगे और उद्योग को पर्याप्त बिजली देंगे, जो निवेश आकर्षित करने में सहायक होगी। श्रीनगर हवाई अड्डे पर सिविल एनक्लेव और इंटीग्रेटेड टर्मिनल से यात्री-क्षमता, सुरक्षा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। पर्यटन, व्यापार और आपात सेवाओं को लाभ मिलेगा, स्थानीय रोजगार भी सृजित होगा। कच्चे जूट की एमएसपी को 5,925 रुपये करने से पूर्वी भारत, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम और बिहार के जूट किसानों को सीधा लाभ होगा, हालांकि इसका लाभ तभी है जब प्रसंस्करण उद्योग और निर्यात मांग समानांतर बढ़ें; अन्यथा सरकारी खरीद का बोझ और भंडारण-चुनौतियां बढ़ेंगी।

### प्रसंगवश

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मानवीय अस्तित्व

कुछ साल पहले तक जब हम रोबोट या मशीन इंटेलिजेंस की बात करते थे, तो लोग मुस्कुराते हुए कहते थे, 'यह सब फिल्मों की बातें हैं, लेकिन आज वही कल्पना हमारे घर की दहलीज पर खड़ी है। चैट जीपीटी से लेकर जैमिनी तक, डाले-इ से लेकर सोरा तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने न सिर्फ हमारी दुनिया बदल दी है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि इस तूफान में इंसान की जगह कहां होगी? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोई एक दिन में नहीं आई।

इसकी जड़ें 1950 के दशक में एलन ट्यूरिंग के उस सवाल में हैं, 'क्या मशीन सोच सकती है?' दशकों की मेहनत, असफलताओं और शोध के बाद आज हम उस मुकाम पर खड़े हैं, जहां मशीन न सिर्फ सोच रही है, बल्कि लिख रही है, बना रही है, संगीत रच रही है, डॉक्टरी कर रही है और कानून समझा रही है। यह सिर्फ तकनीकी क्रांति नहीं, यह एक सभ्यतागत बदलाव है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षाविद्

एआई लाखों डेटा पॉइंट्स से सीखती है, पैटर्न पकड़ती है और जवाब देती है, लेकिन वह 'महसूस' नहीं करती। एक मां की आंखों में जो ममता है, एक दोस्त की बांहों में जो सुकून है, एक शिक्षक के शब्दों में जो प्रेरणा है, यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी नहीं दे सकती। सहानुभूति, रचनात्मकता, नैतिक निर्णय, आध्यात्मिक गहराई ये वो चीजें हैं, जो इंसान को इंसान बनाती हैं। एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कविता लिख सकती है, लेकिन उस दर्द को नहीं जी सकती, जिससे कविता जन्म लेती है।

एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी मुकदमे में तर्क दे सकती है, लेकिन न्याय और अन्याय के बीच की वो बारीक रेखा, जो इंसानी विवेक खींचता है, वह उसके बस की बात नहीं है। यही वो जगह है, जहां इंसान अपरिहार्य है, अपूरणीय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ नौकरियों का ही खतरा नहीं है। डीप फेक के जरिये किसी का भी चेहरा किसी और के शरीर पर लगाया जा सकता है और यह राजनीतिक हथियार बन चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा उत्पन्न ग़लत सूचना यानी झूठी खबरें इतनी तेजी से फैल रही हैं कि सच और झूठ का फर्क करना मुश्किल हो गया है। निगरानी के नाम पर सरकारें और कंपनीज़ हमारी हर हरकत ट्रैक कर रही हैं।

सबसे गहरा खतरा शायद यह है कि हम खुद को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर इतना निर्भर कर लें कि अपनी सोचने की शक्ति खो बैठें। जब गूगल मैप्स से पहले रास्ता याद करना पड़ता था, तब हमारी याददाश्त तेज थी। जब कैलकुलेटर नहीं था, तब हम जोड़-घटाव खुद करते थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ खतरा यह है कि हम अपना विवेक, अपना निर्णय, अपनी स्वायत्तता सब मशीन को सौंप दें। भारत के पास इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति में एक अनूठा मौका है। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा युवा वर्ग है, एक विशाल डेटा बाजार है और इसरो, आईआईटी जैसे संस्थान हैं जो तकनीकी नवाचार की नींव रख चुके हैं। सरकार का भारत ए.आई. मिशन और डिजिटल बुनियादी ढाचा, यूपीआई, आधार, डिजिटल इंडिया यह दर्शाते हैं कि हम तैयार हो रहे हैं।

जरूरत है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा सिर्फ आईआईटी आईआईएम तक सीमित न रहे। गांव-गांव तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ पहुंचे। किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजें से मौसम जानें, मछुआरा समुद्री तूफान से बचे और छोटा दुकानदार अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा दे, यही असली डिजिटल भारत होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक औजार की तरह इस्तेमाल करें।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## होली आई रे... पहाड़ में आशा, आकांक्षा और उमंग के रंग





अमित शर्मा

हल्द्वानी

देवभूमि उत्तराखंड, जैसा नाम वैसा ही स्वरूप। यहां के देवतुल्य निवासी भी हर पर्व और त्योहार को देवी-देवताओं को अर्पण करते हुए चलते हैं। इस पर्वतीय राज्य में पर्वों, त्योहारों और उत्सवों की परंपराएं और मान्यताओं की जड़ें पर्यावरण से भी गहरी जुड़ी हुई हैं। अब रंगों का त्योहार यानी होली पर्व को ही ले लीजिए। ये सतरंगी पर्व तो ऐसा है, जो पहाड़ में आशा, आकांक्षा, उत्साह और उमंग के रंग भर जाता है।

पर्यावरण से जुड़े उत्सवों की बात इसलिए की, क्योंकि यहां तो हर पर्व जीवंत है। उसमें संस्कृति और संस्कारों के निर्दोष रंग भरे होते हैं। अपने आप में जीवन की मधुरता और सरलता को समेटे हुए हैं। फिर चाहे वह हरेला, बसंत पंचमी या फिर उत्तरायणी हो। हर त्योहार के यहां अपने रंग हैं और अपने ढंग हैं, लेकिन समानता एक ही है कि यह प्रकृति और विशुद्ध प्रेम को समर्पित रहते हैं। अब मौका होली पर्व का है, जिसका कुमाऊं और गढ़वाल में अंदाज जुदा है, तो कुमाऊं गढ़वाल में पारंपरिक होली का रंगरूप मैदानी क्षेत्रों से अलग और अनोखा है।

यहां होली का पर्व महज कुछ घंटों का नहीं, बल्कि गीत-संगीत की अमूल्य विरासत को सच्चे मोती की माला की तरह जीवन के रंगों में पिरोए हुए है, दरअसल यहां होली पर्व मुख्य रूप से संगीत, लोक गीत, शास्त्रीय राग-रागिनियों और सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अबीर-गुलाल के रंग का प्रचलन सदियों पुराना है और अतीत में पानी से होली खेले जाने की परंपरा देवभूमि में नहीं रही है, इसलिए इस त्योहार को पुराने समय से हम पर्यावरण के हित में मानते आए हैं, हालांकि देवभूमि में इसका प्रारंभ चंद राजाओं के समय से माना है। बसंत पंचमी से होली के रंग बैठकी होली के साथ जमने शुरू हो चुके हैं।

कुमाऊनी होली की बात करें, तो बसंत से इसकी शुरुआत हो चुकी है, जो फागुन की पूर्णिमा तक अपने विविध रंग बिखेरेगी। यहां होली शीतकाल के अंत और नई फसल बोने के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी मानी जाती है। मैदानी इलाकों से कुछ अलग हटकर इसलिए कि कुमाऊंनी होली की विशेषताओं में जहां बैठकी होली शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय होती है, जिसमें लोग घर में बैठकर राग-रागिनियों पर आधारित होली गीत गाते हैं। इसमें हारमोनियम, ढोलकी आदि वाद्ययंत्रों से होली गीतों में साज और सुरों का रंग भरता है। इन गीतों में कुमाऊनी लोक रचनाएं खासकर शामिल होती हैं।

बैठकी होली के बाद खड़ी होली का आयोजन शुरू हो जाता है, हालांकि वर्तमान में खड़ी होली का प्रचलन अधिक लोकप्रिय रहा है, जो इस समय बेहद लोकप्रिय है और इसका आरंभ भी हो चुका है। खड़ी होली में होल्यारों के दल में कई लोग शामिल होते हैं। इनकी पोशाक होल्यारों की पहचान कराती हैं, जिसमें सफेद टोपी, सफेद कुरता और पायजामा पहनकर होली गाते हुए होल्यार निकलते हैं और ढोल, दमाऊ, हुड़का और ढोलकी की थाप पर लोक गीत गाते हुए घर-घर जाते हैं। खड़ी होली में नाच और गाना साथ-साथ चलता है। सामूहिक नृत्य भी होली में शामिल होता है।

होली के कई गीतों में ब्रज की झलक मिलती है। दरअसल, होली का प्रचलन तो ब्रज से शुरू हुआ था, जिस कारण ब्रज की झलक रहती है। इसके अलावा स्थानीय देवी-देवताओं, भगवान शिव और रामायण का जिक्र भी किया जाता है। होली पर्व का अंत आशीष वचन यानी आशीर्वाद के साथ होता है, जबकि कुछ हिस्सों में राम नवमी तक यह उत्सव मनाया जाता है। गढ़वाल की बात करें, तो यहां होली का इतिहास और परंपरा कुमाऊं से कुछ अलग और पुराना माना जाता है। गढ़वाल में होली को होरी कहा जाता है।

कुछ स्थानीय मान्यताओं और लेखों में गढ़वाल को होली का जन्म स्थान माना जाता है, खासकर जोशीमठ क्षेत्र से, जहां इसे सतयुग में ब्रह्मा-विष्णु-महेश की होली से जोड़ा जाता है। वर्तमान में शास्त्रीय या संगीतमय रूप में गढ़वाल की होली का अतीत 200 से 300 वर्ष पुराना माना जाता है, हालांकि कुछ दावे इसे कुमाऊं से सैकड़ों साल पुराना बताते हैं। गढ़वाल में होली का स्वरूप पहले सरल हुआ करता था, लेकिन हाल के दशकों में कुमाऊनी बैठकी और खड़ी होली का प्रभाव बढ़ा है।

पर्वतीय संस्कृति ने होली पर्व को संगीत व लोकगीत के जरिए व्यापक रूप प्रदान किया है। होली पर्व मुख्य रूप से प्रह्लाद होलिका कथा से जुड़ा हुआ है, लेकिन पर्वतीय संस्कृति ने होली पर्व को संगीत व लोकगीत के जरिए व्यापक रूप प्रदान किया है। साथ ही, पर्यावरण और कृषि चक्र से जोड़ दिया है। वर्तमान में होली पर्व मनाने के लिए पलायन कर चुके लोग भी पहुंचते हैं। होली का पर्व देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो रंगों से ज्यादा गीतों और भावों में एकता के साथ मनाया जाता है।

बात पर्यावरण हित की हो रही है, तो यह बताना भी लाजिमी है कि यहां ज्यादातर पक्के रंगों से होली खेलने से बचा जाता है और प्रकृति के अनुरूप हितकारी रंग-गुलाल का प्रयोग किया जाता है। कुमाऊं और गढ़वाल के अधिकांश हिस्सों में होली के प्रमुख रंगों में से एक बुरांश के फूलों से गुलाल बनाया जाता है। इसके अलावा किसमिस के फूलों से गुलाल तो गेंदे और आकरोट के फूलों से बनाया रंग प्रयोग किया जाता है। वहीं, कंडाली बिच्छू घास से बने रंग को शरीर एवं चेहरे पर चमक लाने के लिए गुणकारी बताया जाता है। यह पूरी तरह से हर्बल होता है और इसका कोई साइड इफैक्ट भी नहीं माना जाता।

बात होली की हो और रंगों के साथ जायके का तड़का न लगे। आलू के गुटके, चावल से बने चिप्स, सूजी के सिंगल, भांग की चटनी, गुलथिया, अरसा, रस्मी बड़ी और भरवां गहत चपातियां, ये ऐसे होली व्यंजन हैं जो होली के उल्लास भरे पर्व को यादगार बना देते हैं। घर-घर में आयोजित होने वाली महिला बैठकी होली में आलू और भांग की चटनी होली के स्वांग में स्वाद का खास पहचान है।

> कुमाऊनी होली की बात करें, तो बसंत से इसकी शुरुआत हो चुकी है, जो फागुन की पूर्णिमा तक अपने विविध रंग बिखेरेगी। यहां होली शीतकाल के अंत और नई फसल बोने के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी मानी जाती है।

### आमने सामने



मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपनी इज़राइल यात्रा पर नेसेट को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों बेगुनाह पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का ज़िक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। हमें दुनिया को सच्चाई, शांति और न्याय कीरोशनी दिखाते रहना चाहिए।

–प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

प्रियंका को सात अक्तूबर को इजराइल में हुए हमलों की याद नहीं है। 1200 से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्या और महिलाओं के अपहरण व अत्याचार की निंदा करने का नैतिक साहस प्रियंका में नहीं है।

–गौरव भाटिया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



## खेतों की मेढ़ पर खड़ा 'ग्लोबल वार्मिंग' का सच



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और बसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता है। यह वह समय होता है, जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं, लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि 'ग्लोबल वार्मिंग' का वह क्रूर चेहरा है, जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में 'सर्दियों का संकुचन' अब एक स्थायी संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और 'फलों के राजा' आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा 'ग्रैन फिलिंग' यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी 'थर्मल स्ट्रेस' पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में 'फोर्स्ड मेच्योरिटी' कहा जाता है। परिणाम स्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है, किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को 'रोलर-कोस्टर' बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली 'मावट' या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से 'बसंत' ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं।

इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें 'क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर' यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से 'मल्चिंग' करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई (ड्रिप/स्प्रिंकलर) को अपनाकर 'कम पानी—ज़्यादा असर' के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे 'विंडब्रेक' (वायुरोधी अवरोध) लगाने चाहिए, ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं। वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतुलित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और बसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता है, लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है।

### सोशल फोरम

## पेन के दिनों की बात

वह दौर था जब प्रश्न लाल रंग से और उत्तर काले रंग से कॉपी में लिखा करते थे। मैंने नीली स्याही का उपयोग बाध्यता होने पर ही किया। सबकुछ सहज उपलब्ध नहीं होता था। महंगे पेन और सुंदर नेमप्लेट सब बहुत जतन से मिलता था.. इसलिए कॉपी के पहले पन्ने सुविचार के साथ शुरू होते थे, जिनकs अक्षर खराब होते थे, वो सुंदर अक्षर वालों से अपना नाम लिखवाते थे।



डॉ. शोभा जैन

साहित्यकार

मुझे याद आता है शार्प बलू रेनॉल्ड (मक्खन जैसी लिखाई के लिए), पारकर (रईसी की अनुभूति), जेटर, जिन्हें परीक्षाओं के लिए ही ख़रीदा जाता था। लोग स्याही वाली पेन भूल चुके। मेरी पहली पसंद वही रही। मैंने नीले रंग से शायद ही लिखा होगा। काली स्याही सदा साथ, लेकिन हमारे आसपास सारी दुकानें मोबाइल की हैं। पेन से अधिक, लेकिन मैं कभी नहीं भूल सकती, इंक पेन मेरा जन्म ही पिताजी को स्याही के पेन से लिखते हुए देखकर हुआ। उनके अंतिम समय में मुझे उनके सारे पेन मिले। खाली रह चुके लाल बहीखातों के साथ।

देश के सबसे बड़े साक्षर प्रदेश केरल में एक महिला ने 'पेन-ड्राइव' अभियान की मुहिम छेड़ दी थी। तब केरल सरकार द्वारा स्कूलों और दफ्तरों में स्याही वाले पेन अनिवार्य करने का विचार जन्मा। मैंने एक पेन में लाल और नीली रिफिल को साथ भी चलाया। शिक्षकीय समय में अक्सर उसे सरकारी बाबू उपयोग करते थे उस समय। अक्सर शिक्षकों की भी पहचान हुआ करता था वह पेन। लाल रंग से गलतियों पर गोल घेरा बनाना और नीले से स्वयं के नोट्स।

डायरी और चिट्ठी में अनुभव लिखे जाते हैं, जैसे इस समूह में मुझसे भी कहा गया अपने अनुभव लिखने के लिए। विचारों का सैलाब बड़ा है, लेकिन कलम की भूमिका घटी है। इस बीच कभी-कभी धूमिल सफेद या ऑफ-वाइट रंग का अपना पुराना फाउंटेन पेन स्मृति में आ जाता है। 'पारकर' कंपनी कभी नहीं भूल सकती। हर अच्छे काम के बदले मुझे केवल पेन और डायरी का ही लालच रहता था उन दिनों।

सुगढ़ और साफ अक्षरों के नजरिए से प्राथमिक स्कूलों में स्याही वाले पेन का इस्तेमाल वर्जित था। पहली कक्षा से पांचवीं तक अधिकतर काम स्लेट-पट्टी पर बर्तने या खड़िया से होते थे, लेकिन पिताजी लेखपाल थे, इसलिए घर पर सुंदर मोटे कागज और बहीखाते के चिकने वाले आकार-प्रकार में अनूठे और स्याही के पेन मुझे बहुत जल्दी नसीब हो गए।

-फेसबुक वाल से



### सामयिकी

## शादी के बाद समायोजन बनता है बड़ी समस्या

अध्ययनों के अनुसार 22.6% महिलाएं और 20.70% पुरुष वैवाहिक समायोजन की समस्या का सामना करते हैं। दुखी वैवाहिक जीवन जीने वाले व्यक्तियों में खुशहाल वैवाहिक जीवन जीने वालों की तुलना में अवसाद से पीड़ित होने की संभावना 25 गुना अधिक होती है। 2-3 वर्ष में जोड़े एक-दूसरे को समझने लगते हैं और अपने जीवन स्थितियों को स्वीकार करने लगते हैं। जो लोग अपने दृष्टिकोण को बदल नहीं पाते या जीवन में बदलाव नहीं ला पाते, वे समायोजन की समस्या का सामना करते हैं। निराशा का दौर आने लगता है, जब 'सपनों का राजकुमार' अपनी चमक खो बैठता है या 'प्रिय पत्नी' उम्मीदों पर खरी न उतरती है। समय की कमी, पैसे की समस्या, संतानोत्पत्ति की समस्या, यौन संबंध में तालमेल बिठाने की चुनौतियां समायोजन के लिए समस्या बनती हैं।



डॉ. मनोज तिवारी

बीएचयू, वाराणसी

विवाह के बाद समायोजन की समस्याएं होना आम है। घरेलू जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों, कैरियर व व्यक्तिगत रुचियों के लिए समय कम मिलना विवाह के बाद आम बात है। जिम्मेदारियों बढ़ने के साथ साथ स्वतंत्रता बाधित होती जाती है। संयुक्त परिवार में सास-बहू के बीच तालमेल की कमी या निजी मामलों में परिजनों का हस्तक्षेप समायोजन की समस्या खड़ा करता है। मो'बा'इल के कारण आजकल वधू पक्ष के अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण भी दिक्कतें आ रहीं हैं।

परिवार के सदस्यों में आपसी बातचीत में कमी के कारण गलतफहमियां उत्पन्न होतीं हैं, जो समायोजन को गड़बड़ करती हैं। अलग-अलग विचारधाराओं के कारण आपसी तनाव व कलह उत्पन्न होता है। ऐसी स्थिति दूसरे धर्म में शादी करने या अन्तर्जातीय विवाह में अधिक होता है। कैरियर व घर (ससुराल) के बीच संतुलन बनाने में कठिनाई के कारण समायोजन की समस्या आती है। दोनो के जॉब करने से अनेक समस्याएं आती हैं। एक का दूसरे पर आर्थिक रुप से निर्भर रहने पर न केवल आर्थिक बोझ एक व्यक्ति पर पड़ता है, बल्कि समायोजन भी प्रभावित होता है। भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस करने से भी वैवाहिक जीवन में समस्या खड़ी होती है।

समस्या छोटी-मोटी बातों से शुरू होती है। आलोचना की शुरुआत शिकायत से होती है। जीवन साथी में ऐसी कई बातें होती हैं, जो दूसरे को परेशान करती हैं। जो वैवाहिक जीवन में गंभीर समस्याएं पैदा करती हैं। आलोचना में व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र पर हमला किया जाता है। आलोचना अक्सर अवमानना में बदलती है। जब साथी को अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के इरादा से होता तो इसके पीछे अक्सर साथी के बारे में बेहद नकारात्मक विचार होता है, जैसे कि वह कितना मूर्ख, घृणित, अक्षम है। ऐसे में एक-दूसरे के प्रति प्रेम दिखाना मुश्किल होता है, जिससे समस्याएं घटने के बजाय बढ़ती हैं।

अधिकांशतः अपमान की प्रतिक्रिया में रक्षात्मकता आती है। रक्षात्मकता में ज़िम्मेदारी से इनकार करना, बहाने बनाना, आलोचना को साथी पर थोपना, खुद शिकायत करना, साथी की शिकायत का जवाब शिकायत से देना। ये सभी व्यवहार साथी की शिकायत को समझने व व्यवहार को बदलने की कोशिश करने के विपरीत है। इससे समस्या कभी हल नहीं होती है। जब दंपत्ति अपनी समस्याओं के समाधान की ओर आगे नहीं बढ़ पाते हैं, तो अक्सर एक साथी बातचीत में चुप्पी साधना शुरू करता है। इसका मतलब है कि जब दूसरा साथी उन पर गुस्सा होता है, तो वह कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है, जिससे समायोजन की समस्या बढ़ती जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### कहां से आया रेस्टोरेंट शब्द

रेस्टोरेंट (Restaurant) शब्द की उत्पत्ति 18वीं शताब्दी के मध्य (लगभग 1765) में फ्रांस (पेरिस) में हुई, माना जाता है। यह फ्रेंच शब्द restaurer से निकला है, जिसका मतलब है 'पुनर्स्थापित करना' या 'ताजगी देना'।




मूल रूप से, यह पौष्टिक और शक्तिवर्धक सूप (soup) को संदर्भित करता था, जो थके हुए यात्रियों को ताज़ा करता था।
1765 में, पेरिस में बोलेंजर (Boulanger) नामक एक व्यक्ति ने ऐसा स्थान खोला, जहां स्वास्थ्यवर्धक 'रेस्टोरेंट' (शोरबा) मिलता था। शुरू में, यह 'वह जो शक्ति बहाल करता है' (restoring) के अर्थ में प्रयोग किया जाता था। बाद में, यह उन सभी भोजनालयों के लिए इस्तेमाल होने लगा, जहां बैठकर भोजन किया जाता है। इसका संबंध प्राचीन लैटिन शब्द restaurare से भी जोड़ा जाता है। इसका अर्थ मरम्मत या नवीकरण करना है।
संक्षेप में, रेस्टोरेंट वह स्थान था, जिसे शरीर को 'पुनर्स्थापित' या तरोताज़ा करने के लिए पौष्टिक भोजन परोसने के लिए किया जाता था।



# विदेशी विश्वविद्यालय अवसर या असमानता?

नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में यह टर्निंग पॉइंट 2023-24 से आया था। तभी से दुनिया के नामी विश्वविद्यालयों ने हमारे देश की जमीन पर अपने स्वतंत्र कैंपस खोलना शुरू किया। यह बदलाव यूं ही नहीं आया। इसके पीछे है यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के फॉरेन हायर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस रेगुलेशंस- 2023 और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 की वह सोच, जिसमें भारत को 'वैश्विक शिक्षा केंद्र' बनाने का सपना देखा गया है। आज यह सपना धीरे-धीरे हकीकत में बदल रहा है। ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ़ वोलोंगोंग ने गुजरात में पढ़ाई शुरू करवा दी है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथैम्पटन, गुरुग्राम में अपना कैंपस खोल चुकी है। हैंइलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी,यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिवरपूल, यूनिवर्सिटी ऑफ़ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिस्टल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, कोवेंट्री यूनिवर्सिटी और क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट को भारत में कैंपस खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिल चुका है। सवाल यह नहीं है कि विदेशी विश्वविद्यालय आ रहे हैं। असली सवाल है-इससे भारत को क्या मिलेगा, क्या खो सकता है और इसे कैसे संतुलित किया जाए?


राजेश जैन
लेखक

### भारत इसलिए बना विदेशी विश्वविद्यालयों का नया ठिकाना

भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा युवा बाजार है। 30 वर्ष से कम उम्र की आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात अभी भी लगभग 30 प्रतिशत के आसपास है। यानी करोड़ों युवा ऐसे हैं, जो बेहतर शिक्षा के मौके तलाश रहे हैं। दूसरी ओर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों के विश्वविद्यालय घरेलू नामांकन में ठहराव और सरकारी फंडिंग में कटौती झेल रहे हैं। हालिया वीजा सख्ती ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या भी प्रभावित की है। ऐसे में भारत उनके लिए हाई-पोटेंशियल मार्केट बनकर उभरा है। यहां अंग्रेजी बोलने वाले छात्र हैं, उभरता मध्यम वर्ग है और अंतर्राष्ट्रीय डिग्री की मजबूत मांग है। आसान शब्दों में कहें, तो यह विन-विन मॉडल है-विदेशी संस्थानों को नया बाजार, भारत को ग्लोबल एजुकेशन का एक्सेस।



### घर बैठे मिलेगी विदेशी डिग्री

सबसे बड़ा फायदा है-घर बैठे विदेशी डिग्री। अब भारतीय छात्रों को मास्टर्स या स्पेशलाइज्ड कोर्स के लिए विदेश जाने, लाखों की फीस, वीजा तनाव और महंगे जीवनयापन का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनुमान है कि भारत में वही डिग्री 25-30 प्रतिशत कम लागत में मिल सकेगी। इसके साथ उनको अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम, इंडस्ट्री-फोकस्ड ट्रेनिंग, ग्लोबल फैकल्टी एक्सपोजर, बेहतर रिसर्च कल्चर भी मिलेंगे। बिजनेस एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, फिनटेक, कंप्यूटिंग जैसे कोर्स सीधे भविष्य की नौकरियों से जुड़े हैं। इससे स्किल गैप कम हो सकता है और भारतीय ग्रेजुएट्स की ग्लोबल एम्प्लॉयबिलिटी बढ़ सकती है।

### प्रतिभा पलायन पर लगेगी रोक

2019 में करीब 5.8 लाख भारतीय छात्र विदेश गए थे। 2023 में यह संख्या 9 लाख तक पहुंच गई। इनमें से 75 प्रतिशत से ज्यादा वहीं बसने की इच्छा रखते हैं। इसका मतलब-देश से प्रतिभा भी जा रही है और अरबों डॉलर विदेशी मुद्रा भी। अगर यही गुणवत्ता भारत में उपलब्ध हो जाए, तो "ब्रेन ड्रेन" की जगह "ब्रेन रिटेंशन" संभव है। विदेशी कैंपस देश के भीतर ही अंतर्राष्ट्रीय माहौल तैयार कर सकते हैं।

### रिसर्च और अकादमिक सुधार का मौका

विदेशी विश्वविद्यालय सिर्फ क्लासरूम नहीं लाते-वे साथ लाते हैं रिसर्च कल्चर, गवर्नेंस मॉडल और अकादमिक डिसिप्लिन। संयुक्त रिसर्च सेंटर, फैकल्टी एक्सचेंज और साझा प्रोजेक्ट्स के जरिए भारतीय संस्थानों की क्षमता बढ़ सकती है। पहले से ही भारत के पास मजबूत आधार है-जैसे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु और यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली जैसे संस्थान। सही सहयोग हुआ, तो भारत सिर्फ स्टूडेंट-सोर्स देश नहीं रहेगा, बल्कि नॉलेज-प्रोड्यूसर बनेगा।

### लचीलापन और जवाबदेही दोनों जरूरी

यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम, फीस और प्रवेश में काफी स्वायत्तता दी है ताकि वे तेजी से काम शुरू कर सकें, लेकिन अब जरूरत है स्मार्ट रेगुलेशन की। हमें ऐसा मॉडल चाहिए, जिसमें टॉप-रैंक संस्थानों को ऑपरेशनल फ्रीडम मिले, फीस स्ट्रक्चर पारदर्शी हो, छात्र अधिकार सुरक्षित रहें, न्यूनतम छात्रवृत्ति को अनिवार्य किया जाए और अकादमिक गुणवत्ता की नियमित ऑडिट हो।

### देश को इस रणनीति की दरकार

हर विदेशी कैंपस में इडब्ल्यूएस और वंचित वर्ग के लिए स्कॉलरशिप अनिवार्य की जाए, अकेले कैंपस नहीं-भारतीय संस्थानों के साथ साझा मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट को प्राथमिकता मिले, सिर्फ टीचिंग तक सीमित न रहा जाए, पाठ्यक्रमों का भारतीयकरण हो ताकि वे यहां की अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग से जुड़े रहें और दीर्घकाल में भारत को अपनी "आईवी लीग" तैयार करनी होगी, जहां आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर हों। विदेशी विश्वविद्यालयों का भारत आना सिर्फ शिक्षा सुधार नहीं-यह कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सॉफ्ट पावर से भी जुड़ा है। सही नीति के साथ यह पहल भारत को एशिया का एजुकेशन हब बना सकती है, लेकिन अगर इसे केवल बाजार के हवाले छोड़ दिया गया, तो यह अमीरों की शिक्षा बनकर रह जाएगी। आज भारत एक दोराहे पर खड़ा है-एक रास्ता वैश्विक ज्ञान नेतृत्व की ओर जाता है, दूसरा नई शैक्षिक असमानता की तरफ। फैसला हमें करना है।



### कुछ चिताएं भी हैं

- सबसे बड़ी चिंता है-वहनीयता। विदेशी कैंपस की फीस भले विदेश से कम हो, लेकिन भारतीय औसत आय के हिसाब से यह अभी भी बहुत ज्यादा है। खतरा यह है कि ये संस्थान सिर्फ अमीर वर्ग तक सीमित रह जाएं। इससे शिक्षा में सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है-जो नई शिक्षा नीति- 2020 के समावेशी शिक्षा के लक्ष्य के खिलाफ है।
- दूसरी चुनौती है-व्यावसायीकरण। अगर रेगुलेशन कमजोर रहा, तो कुछ विदेशी संस्थान शिक्षा को प्रोडक्ट की तरह बेच सकते हैं। चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के उदाहरण बताते हैं कि कम नामांकन और ऊंची लागत के कारण कई विदेशी कैंपस कुछ साल में बंद भी हो गए।
- तीसरा मुद्दा है-स्थानीय प्रासंगिकता। अगर पाठ्यक्रम भारतीय सामाजिक-आर्थिक जरूरतों से कटे रहे, स्थानीय फैकल्टी शामिल न हो और इंडियन कॉन्टेक्स्ट गायब हो तो ये कैंपस "एलिट आइलैंड" बनकर रह जाएंगे।

## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेले का आयोजन



- जौनपुर में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 28 फरवरी 2026 को राजकीय आईटीआई सिद्दीकपुर, जौनपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में युवाओं को 12 हजार से लेकर 35 हजार रुपये प्रतिमाह तक की नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि मेले में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की 60 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया तथा अंतिम तिथि की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत विवरण और आवेदन लिंक के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट अवश्य देखें।

## किस्सा कैंपस का: कला हो या विज्ञान जीत जाओगे तो सिकंदर कहलाओगे

बात साल 1990 की है। मैंने इंटरमीडिएट परीक्षा पास की थी। 51 प्रतिशत मात्र मैं इंटरमीडिएट में ला पाया था। मुझे अब कॉलेज में प्रवेश लेना था। हल्द्वानी शहर में एमबी डिग्री कॉलेज ही एकमात्र उच्च शिक्षा का संस्थान था। जुलाई का उमस से भरा हुआ दिन, मैं अपने बड़े भाई जो पंतनगर विश्वविद्यालय में पढ़ते थे, उनके साथ एमबी डिग्री कॉलेज आया। स्कूल की बंधनों से भरी हुई जिंदगी से बाहर निकल कर अब हम कॉलेज की जिंदगी में आ रहे थे।
एमबी डिग्री कॉलेज के बड़े से फील्ड में बहुत सारे लड़के लड़कियां घूम रहे थे। मैं बीएससी करना चाहता था लेकिन मेरे प्रतिशत कम थे। खैर अपने बड़े भाई के साथ मैं उस कक्षा में गया, जहां बीएससी में एडमिशन दिया जा रहा था। मैं काउंसिलिंग के लिए वहां गया, पता चला कि बीएससी में प्रवेश की कम से कम मेरिट 58 प्रतिशत की है जबकि मेरे मात्र 51 प्रतिशत थे। काउंटर पर पता चला कि वेटिंग में कुछ नीचे तो आ सकता है लेकिन कई वर्षों से 55 प्रतिशत से नीचे मेरिट कभी नहीं गई है इसलिए बीएससी में प्रवेश नहीं मिल सकेगा हां अगर बायोलॉजी वाले हैं तो कुछ उम्मीद की जा सकती है लेकिन सच्चाई यह थी कि मेरे पास इंटरमीडिएट में बायोलॉजी के सब्जेक्ट ही नहीं थे इसलिए वह रास्ता तो वैसे ही मेरे लिए बंद था।
मैं बहुत निराश था। मैंने कुछ लोगों से बात की। एमबी डिग्री कॉलेज के कुछ कर्मचारी हमारे जानने वाले थे। उनसे मिलने गया और उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया कि बीएससी में मुझे एडमिशन नहीं मिल पाएगा। दूसरा चारा यह था कि मैं बीकॉम में एडमिशन ले लूं लेकिन कॉमर्स मेरी इंटरमीडिएट में नहीं थी और मेरे समझ से बहुत बाहर भी थी। अब एक ही रास्ता बसता था कि बीए में एडमिशन लेने का। इस दौरान हम दोनों भाई कला संकाय के एक प्राचार्य से मिले और उन्हें बताया तो उन्होंने भी यही कहा कि इतने कम प्रतिशत में केवल ह्यूमैनिटीज के सब्जेक्ट ही लिए जा सकते हैं और बेहतर होगा कि आपका भाई कॉलेज से बीए में प्रवेश ले ले। मैं बहुत निराश था क्योंकि बीए करने वालों का भविष्य उस समय बहुत अच्छा नहीं माना जाता था लेकिन वह प्राचार्य महोदय जो कि अर्थशास्त्र पढ़ाया करते थे, वह प्रोफेसर रौतेला थे, उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि बीए करने से सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। अगर वास्तव में आप कुछ करना चाहते हो तो बहुत सारी कॉम्पिटेटिव परीक्षाओं की तैयारी आर्ट्स में रहते हुए आप बेहतर कर सकते हो क्योंकि आप ज्यादा समय परीक्षा की तैयारी में लगा सकते हो और परीक्षाओं की तैयारी में आर्ट्स के विषय सामान्य अध्ययन की तैयारी में भी मददगार हो सकते हैं। आप बीए में प्रवेश लें और उन्होंने तमाम ऐसे लोगों के नाम बताएं जिन्होंने बीए करने के पश्चात आईएएस, पीसीएस एसएससी और विभिन्न सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की और अफसर बने। कोई और चारा नही देखते हुए अंततः मैंने भी यही निर्णय लिया और बीए में प्रवेश ले लिया। प्रोफेसर रौतेला के सुझाव से मैंने इतिहास, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान विषय लिया और मन में धारण कर लिया कि अब मुझे सरकार के किसी अफसर की पोजीशन को पाना है। कैंपस का यह पहला दिन हमेशा मेरे जहन में रहा, बीए चलता रहा, लेकिन मस्तिष्क में यह बात लगातार बनी रही कि सरकारी परीक्षाओं की तैयारी करनी है और यही वह दिन था, जब मेरी मेरे जीवन में टर्निंग पॉइंट आया और मैं एक विज्ञान का छात्र, एक कला वर्ग के छात्र के रूप में परिवर्तित हुआ और कालांतर में उत्तर प्रदेश पीसीएस एवं उत्तराखंड पीसीएस दोनों परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए दो-दो सरकारी नौकरियां प्राप्त की और वर्तमान में आरटीओ के पद पर अपनी सेवाएं दे रहा हूं। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार में 8 वर्ष डिप्टी जेलर के रूप में अपनी सेवा दे चुका हूं। कला हो या विज्ञान जीत जाओगे तो सिकंदर कहलाओगे और यही कैंपस के पहले दिन की सीख थी, जो आज भी अनुभूत होती है।


विमल पांडेय
आरटीओ, पौड़ी गढ़वाल संभाग (उत्तराखंड)

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह उपलब्धि कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान हासिल की। अपने 356वें अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ, हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने पहले 355 मैचों के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था। यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट की महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में हरमनप्रीत कौर की विरासत को और मजबूत करती है।
- हाल ही में बोंग ने बाफ्टा अवाड्र्स 2026 में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी जीतकर इतिहास रच दिया है। मणिपुरी भाषा में बनी यह पहली भारतीय फिल्म प्रतिष्ठित ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्र्स में इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा समर्थित, बोंग इस वर्ष एकमात्र भारतीय नामांकित फिल्म थी और इसने क्षेत्रीय भारतीय कहानी कहने को वैश्विक पहचान दिलाई।
- माइक्रोसॉफ्ट ने आशा शर्मा को माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग का नया सीईओ और एक्सबॉक्स का प्रमुख नियुक्त किया है, जो 2026 में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का संकेत है। भारतीय मूल की यह कार्यकारी लंबे समय से एक्सबॉक्स के प्रमुख रहे फिल स्पेंसर का स्थान लेंगी, जो 2014 से इस विभाग का नेतृत्व करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## जॉब अलर्ट

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन




- पद का नाम-टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़
- पदों की संख्या 933
- पद-IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज़
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु- 21-32 साल (01-08-2026 को)
- एग्जाम स्टेज प्रीलिमिनरी, मेन, इंटरव्यू
- आवेदन की आखिरी तारीख 27/02/2026
- वेबसाइट www.upsc.gov.in

### ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (AIIMS)

- पद का नाम-नर्सिंग ऑफिसर
- पदों की संख्या-2551
- सैलरी पे लेवल-07 पे मैट्रिक्स में (प्री-रिवाइज़्ड पे बैंड-2 9300-34800 के साथ ग्रेड पे 4600/-)
- योग्यता- B.Sc. (ऑनर्स) नर्सिंग / B.Sc. नर्सिंग या पोस्ट बेसिक B.Sc. नर्सिंग या जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी में डिप्लोमा, वैलिड रजिस्ट्रेशन के साथ + 2 साल का एक्सपीरियंस (डिप्लोमा होल्डर्स के लिए)
- आयु- 18 से 30 साल
- आवेदन की आखिरी तारीख 16.03.2026
- वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in

### स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI)

- पद का नाम- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (IS ऑडिट) - कॉन्ट्रैक्ट पर, डिप्टी मैनेजर (IS ऑडिट) - रेगुलर, डिप्टी मैनेजर (चार्टर्ड अकाउंटेंट-इंटरनल ऑडिट)-रेगुलर
- जॉब टाइप रेगुलर / कॉन्ट्रैक्ट पर
- योग्यता- BE/BTech/BSc/MTech/MSc/MCA/BCA/CA संबंधित सब्जेक्ट में
- सिलेक्शन प्रोसेस शॉर्टलिस्टिंग और इंटरव्यू (कॉन्ट्रैक्ट के लिए CTC नेगोशिएशन के साथ)
- जॉब लोकेशन मुंबई / हैदराबाद / मोबाइल ड्यूटी / सर्कल ऑडिट ऑफिस
- आवेदन की अंतिम तिथि-15/03/2026
- वेबसाइट https://sbi.co.in

# इंटीरियर डेकोरेशन: क्रिएटिविटी और मॉडर्न लाइफ स्टाइल का नया भविष्य



आज के दौर में एक सुंदर और सुव्यवस्थित घर केवल विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि मानसिक शांति और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति बन चुका है। यही कारण है कि इंटीरियर डेकोरेशन उन विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर बनकर उभरा है, जिनकी सोच लीक से हटकर है और जो रंगों, आकृतियों तथा सजावट के माध्यम से कहानियां बुनना जानते हैं। बदलती लाइफस्टाइल ने इस क्षेत्र को व्यावसायिक रूप से इतना समृद्ध कर दिया है कि अब यह केवल बड़े बंगलों तक सीमित न रहकर मध्यम वर्गीय घरों, कॉर्पोरेट ऑफिसों, कैफे और स्टार्टअप्स की प्राथमिक जरूरत बन गया है। यदि आप में रचनात्मकता का बीज है और आप तकनीकी बारीकियों को समझने का धैर्य रखते हैं, तो इंटीरियर डेकोरेशन का क्षेत्र आपको न केवल आर्थिक संपन्नता देगा, बल्कि हर नए प्रोजेक्ट के साथ आपकी कला को एक नई पहचान भी प्रदान करेगा।

### कला और विज्ञान का संतुलन



इंटीरियर डेकोरेशन को अक्सर केवल सजावट मान लिया जाता है, लेकिन वास्तव में यह किसी स्थान के अंदरूनी हिस्से को इस तरह रूपांतरित करने की कला है कि वह देखने में आकर्षक होने के साथ-साथ रहने के लिए आरामदायक भी हो। इसमें दीवारों के रंगों के चुनाव से लेकर फर्नीचर की बनावट, पर्दों का कपड़ा, लाइटिंग का कोण और फर्श के टेक्सचर तक हर छोटी चीज पर ध्यान दिया जाता है। एक सफल डेकोरेटर वह है, जो क्लाइंट की जरूरतों को समझे और सीमित बजट व स्थान में सर्वोत्तम परिणाम दे सके। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को डिजाइन के सिद्धांत, स्पेस प्लानिंग और सामग्री (मटेरियल) की पहचान सिखाई जाती है। उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि कैसे लाइटिंग के जरिए किसी छोटे कमरे को बड़ा दिखाया जा सकता है या कैसे रंगों के सही इस्तेमाल से ऑफिस के माहौल को तनावमुक्त बनाया जा सकता है।

### शैक्षणिक विकल्प और पाठ्यक्रम

इंटीरियर डेकोरेशन में करियर बनाने के लिए कई तरह के कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिन्हें आप अपनी शैक्षणिक योग्यता और समय के अनुसार चुन सकते हैं:

**सर्टिफिकेट कोर्सेज (6 माह से 1 वर्ष):** यह उन लोगों के लिए है जो बेसिक स्किल्स जल्दी सीखकर काम शुरू करना चाहते हैं।

**डिप्लोमा कोर्सेज (1 से 2 वर्ष):** इसमें डिजाइनिंग की अधिक गहराई से जानकारी दी जाती है।

**बैचलर डिग्री (3 से 4 वर्ष):** जैसे B.Des या B.Sc इन इंटीरियर डिजाइन। यह एक व्यापक डिग्री है जो आपको ग्लोबल स्टैंडर्ड्स की समझ देती है।

**मास्टर्स डिग्री (2 वर्ष):** ग्रेजुएशन के बाद विशेषज्ञता (Specialization) हासिल करने के लिए।

### करियर की संभावनाएं और आय

इस फील्ड में करियर के विकल्प बेहद विविधतापूर्ण हैं। कोर्स पूरा करने के बाद आप निम्नलिखित क्षेत्रों में हाथ आजमा सकते हैं।

**इंटीरियर डेकोरेटर:** घरों और ऑफिसों का मेकओवर करना।

**सेट डिजाइनर:** फिल्मों, टीवी शो और थिएटर के लिए सेट तैयार करना।

**फर्नीचर कंसल्टेंट:** मॉड्यूलर किचन और मॉडर्न फर्नीचर फर्म्स में काम करना।

**फ्रीलांसर:** खुद की कंसल्टेंसी खोलकर स्वतंत्र रूप से प्रोजेक्ट्स लेना।

**सैलरी पैकेज:** इस क्षेत्र में शुरुआत 2 से 4 लाख रुपये प्रति वर्ष से होती है। लेकिन, जैसे-जैसे आपका पोर्टफोलियो और अनुभव बढ़ता है, आपकी आय की कोई सीमा नहीं रहती। एक स्थापित इंटीरियर डेकोरेटर साल के 15-20 लाख रुपये से लेकर करोड़ों में कमा सकता है।

### भारत के प्रमुख शिक्षण संस्थान

बेहतर भविष्य के लिए सही संस्थान का चयन अनिवार्य है। भारत के कुछ टॉप कॉलेज जहां आप आवेदन कर सकते हैं।

- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद:** देश का सबसे प्रतिष्ठित डिजाइन संस्थान।
- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी:** यहां के डिजाइन कोर्स विश्व स्तर पर मान्य हैं।
- **पर्ल एकेडमी:** आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री एक्सपोजर के लिए मशहूर।
- **JD इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी:** यहां प्रैक्टिकल लर्निंग पर अधिक जोर दिया जाता है।
- **Arch एकेडमी ऑफ डिजाइन:** जयपुर स्थित यह संस्थान अपनी क्रिएटिविटी के लिए जाना जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,276.07 | 25,482.50 |
| बढ़त | 50.15 | 57.85 |
| प्रतिशत में | 0.06 | 0.23 |

सोना 1,64,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,77,900 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 26 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505 महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350-400, मखाना 950-1100

**चावल :** (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260,

**बरेली सर्राफा :** (प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 160800, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 156800, सिल्वर (पक्की) 2675 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3000, मसूरी- 1200, बासमती- 7600-9000, परमल- 1900-3800

**दाल दलहन :** काला चना- 2200-3000, साबुत चना दाल- 1000, मूंग साबुत- 5200, राजमा- 8600-12200, दाल उड़द- 6000, साबुत मसूर दाल- 3400, मसूर दाल- 1000, उड़द साबुत- 10200, काबुली चना- 6600-10200, अरहर दाल- 10200 -12000, लोबिया/करमानी- 2200-4000

## बिजनेस ब्रीफ

### फ्लाई91 के बेड़े में शामिल हुए दो और विमान

**दुबई।** क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 के बेड़े में दो नये एटीआर72-600 विमान शामिल हुए जिनका इस्तेमाल एयरलाइन अपने नेटवर्क विस्तार के लिए करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि उसने ये विमान संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी दुबई एयरोस्पेस एंटरप्राइजेज से लिये हैं। कंपनी के बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर अब छह हो गयी है। फ्लाई91 के नेटवर्क में वर्तमान में मोपा (गोवा), अगाती (लक्षद्वीप) सोलापुर, जलगांव, सिंधुदुर्ग, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोच्चि शामिल हैं। एयरलाइंस ने मार्च 2026 के अंत तक छह नये शहरों को अपने नेटवर्क में शामिल करने की घोषणा की है। नये गंतव्यों में आंध्र प्रदेश में राजमुंद्री और विजयवाड़ा, कर्नाटक में हुबली, महाराष्ट्र में नांदेड़, दक्षिणी गोवा में डाबोलिम और मध्य प्रदेश में इंदौर शामिल हैं।

# टैक्स नियम सख्त: अब मकान मालिक से रिश्ते का भी देना होगा हिसाब

## पहली अप्रैल 2026 से लागू होगा नया आयकर अधिनियम

नई दिल्ली, एजेंसी

अगर आप अपने किसी रिश्तेदार के घर में रहकर हाउस रेंट अलाउंस का क्लेम करते हैं, तो अब आपको सावधान होने की जरूरत है। सरकार ने नया आयकर अधिनियम, 2025 के तहत नियमों और फॉर्म का मसौदा जारी कर दिया है। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे, जिनका उद्देश्य टैक्स चोरी रोकना और पारदर्शिता बढ़ाना है। ये बदलाव संकेत देते हैं कि सरकार अब केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि 'डिजिटल फुटप्रिंट्स' और ऑडिटर्स की सक्रियता के जरिए टैक्स चोरी के हर रास्ते को बंद करना चाहता है।

- सरकार केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि डिजिटल फुटप्रिंट्स और ऑडिटर्स की सक्रियता के साथ रोकना चाहती है टैक्सी चोरी



### क्या होगा असर?

केंद्र सरकार ने आयकर अधिनियम, 2025 के जरिए कर प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की तैयारी कर ली है। नए नियमों का मसौदा न केवल आम आदमी के एचआरए दावों पर नजर रखेगा, बल्कि कंपनियों और ऑडिटर्स की जवाबदेही भी कई गुना बढ़ा देगा। अब आयकर विभाग के लिए यह ट्रैक करना आसान होगा कि कहीं लोग केवल कागजों पर अपने परिवार के सदस्यों को किराया दिखाकर टैक्स तो नहीं बचा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वास्तविक किरायेदारों को समस्या नहीं होगी, लेकिन टैक्स बचाने के लिए अपनाए जाने वाले 'जुगाड़' अब भारी पड़ सकते हैं।

### हाउस रेंट अलाउंस के दावों में अब क्या बदलेगा?

नए नियमों के तहत जारी होने वाले फॉर्म-124 में करदाताओं के लिए नई शर्तें जोड़ी गई हैं। करदाता को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि जिस मकान मालिक को वह किराया दे रहा है, उससे उसका पारिवारिक या अन्य संबंध तो नहीं है। वर्तमान में कर्मचारी केवल किराये का विवरण देते हैं। टैक्स बचाने के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### ऑडिटर की 'कमेंट्री' का आय पर असर

अब वह वैधानिक ऑडिटर कंपनी के मुनाफे या राजस्व पर आपत्ति या प्रतिकूल टिप्पणी करता है, तो उसे स्पष्ट करना होगा कि इसका टैक्स योग्य आय पर कितना असर पड़ेगा।

### अन्य बड़े बदलाव

यदि आपकी विदेश से कोई कमाई है, तो उस पर मिलने वाले 'टैक्स क्रेडिट' के दावों की अब बहुत बारीकी से जांच होगी। नए नियमों में ऑडिटर्स को अधिक जवाबदेह बनाया गया है ताकि वित्तीय गड़बड़ियों की गुंजाइश न रहे। सरकार ने अभी इन नियमों पर सुझाव मांगे हैं। अंतिम नियमों और फॉर्म की अधिसूचना अगले महीने जारी कर दी जाएगी।

**फर्जी किराये के दावों पर लगाम :** कर विशेषज्ञों का मानना है कि मकान मालिक और किरायेदार के बीच संबंध उजागर करने की शर्त से 'नकली रेंट रसीदों' के जरिए टैक्स बचाने वालों पर नकेल कसी जाएगी। नांगिया ग्लोबल एडवाइजर्स के संदीप झुनझुनवाला के अनुसार, इससे वास्तविक किरायेदारों को कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन टैक्स चोरी के लिए बनाए गए 'कृत्रिम दावों' को पकड़ना आसान हो जाएगा।

**विदेशी कमाई पर कड़ी नजर फार्म 44 :** विदेशी आय पर टैक्स छूट का दावा करना अब आसान नहीं होगा। अब चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को भी विदेशी टैक्स सर्टिफिकेट, भुगतान के सबूत और टैक्स संधि की बारीकी से स्वतंत्र जांच करनी होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उन देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा जहाँ वित्त वर्ष भारत से अलग है या टैक्स स्टेटमेंट देरी से मिलते हैं।

**पैन कार्ड के नियमों में सख्ती :** कंपनियों के लिए अब पैन आवेदन प्रक्रिया और भी कठिन होगी। आवेदन के समय यह शपथ देनी होगी कि कंपनी के पास पहले से कोई पैन नहीं है। यदि किसी शाखा या पुराने ऑफिस के नाम पर पहले से पैन है, तो उसकी पूरी जांच करनी होगी। इसका मकसद डेटाबेस में दोहराव (को खत्म करना है।

**डिजिटल ऑडिट :** अब सर्वर और आईपी एड्रेस का देना होगा हिसाब नए टैक्स ऑडिट फॉर्म-26 में तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है। कंपनियों को बताना होगा कि वे कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही हैं। क्लाउड या सर्वर का विवरण, उसका आईपी एड्रेस, और डेटा किस देश में स्टोर है, इसकी जानकारी देनी होगी। यदि डेटा विदेश में है, तो भारत में स्थित बैकअप सर्वर का पता भी देना अनिवार्य होगा।

# ईवी सेक्टर में 5 साल में आए 2.23 लाख करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2030 के लक्ष्य के लिए अभी 10 लाख करोड़ की और दरकार



इलेक्ट्रिक परिवहन क्षेत्र में पिछले पांच साल में भारी पूंजी निवेश होने के बावजूद 2030 का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को एक समन्वित निवेश ढांचे की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल निजी कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों में 70 प्रतिशत, बस में 40 प्रतिशत और दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों में 80 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकॉनमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की इस रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020-25 के दौरान भारत के इलेक्ट्रिक परिवहन परिवेश के तीन प्रमुख क्षेत्रों- विनिर्माण क्षमता, सार्वजनिक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन और चार्जिंग अवसंरचना में कुल 2.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा ईवी विनिर्माण में गया है। रिपोर्ट के सह-लेखक और आईईईएफए के जलवायु वित्त विश्लेषक शुभम श्रीवास्तव के अनुसार पांच वर्षों में 2.23 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगना महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्ष 2030 तक जरूरी पूंजी 12.5 लाख करोड़ रुपये का यह लगभग 18 प्रतिशत ही है। उन्होंने कहा कि बचे हुए 10.2 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए वित्तीय ढांचे में व्यापक सुधार जरूरी होंगे। निवेश स्रोतों के विश्लेषण से पता चलता है कि ईवी विनिर्माण में लगे 1.59 लाख करोड़ रुपये आंतरिक संसाधनों से आए, जबकि 36,000 करोड़ रुपये से अधिक ऋण और 6,400 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी के जरिये जुटाए गए। हालांकि, अलग-अलग वाहन श्रेणियों के बीच वित्तपोषण के स्रोतों में अंतर देखा गया है। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड ने पूंजी के लिए मुख्य रूप से आंतरिक संसाधनों और कुछ हद तक ऋण पर निर्भरता दिखाई। वहीं इलेक्ट्रिक चार-पहिया और दोपहिया खंड में वित्तपोषण का मिश्रण अपेक्षाकृत विविध रहा।

# फिलहाल रेपो रेट में बढ़ोत्तरी की संभावना नहीं, नहीं बढ़ेगी आपके लोन की ईएमआई

मुंबई, एजेंसी

- नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखना चाहते हैं एमपीसी के सदस्य
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने तटस्थ नीतिगत रुख को भी बनाए रखा



वैश्विक तनाव और महंगाई के दबाव के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक ने आम आदमी और कॉर्पोरेट जगत को बड़ी राहत के संकेत दिए हैं। मौद्रिक नीति समिति के सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि निकट भविष्य में नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी की संभावना नहीं के बराबर है।

उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी जोखिम, धातुओं की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भट्टाचार्य और एमपीसी के अन्य पांच सदस्यों ने इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने 'तटस्थ' नीतिगत रुख को भी बनाए रखा था जिससे संकेत मिलता है कि दरें कुछ समय तक निचले स्तर पर रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई प्रोत्साहन उपायों के बावजूद अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं हैं।

केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2025 से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है, जो 2019 के बाद सबसे आक्रामक नरमी चक्र माना जा रहा है। महंगाई पर उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती है। इसकी एक वजह वित्त वर्ष 2025-26 में कुल मुद्रास्फीति की गिरती कीमत का आधार प्रभाव है, जो अब उलट सकता है। दूसरी वजह कीमती धातुओं की कीमतों का प्रभाव है।

हालांकि, इन कारकों को छोड़ दें तो अंतर्निहित महंगाई संतुलित रहने की उम्मीद है। ऋण वृद्धि पर उन्होंने कहा कि गैर-खुदरा बैंक ऋण में लगातार सुधार हो रहा है और अब बड़े कॉरपोरेट घरानों को भी अधिक कर्ज मिल रहा है।

# अमेरिकी शुल्क: कंपनियां बोलीं-नहीं होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

### अमेरिका के 'टैक्स' प्रहार से भारतीय सोलर कंपनियों के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारतीय सौर उत्पादों पर भारी 125.87 प्रतिशत का प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में सौर क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका के इस कड़े रुख से निवेशकों में डर का माहौल है। अमेरिकी घोषणा के तुरंत बाद सौर ऊर्जा से जुड़ी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। वारी एनर्जीज का शेयर 14.99% तक लुढ़क गया। प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 14.23% की भारी गिरावट आई। विक्रम सोलर का शेयर 7.47% नीचे गिरा। स्टर्लिंग एंड विल्सन में भी 1.41% की मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का आरोप है कि भारत सरकार अपने सौर उत्पादों को 'अनुचित सब्सिडी' दे रही है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। अतिरिक्त बोझ : यह 125.87% का शुल्क उस 10% सामान्य शुल्क के अतिरिक्त है, जिसकी घोषणा अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को सभी देशों के लिए की थी। जांच का दायरा : अमेरिका ने भारत के साथ-साथ इंडोनेशिया और लाओस से आने वाले सोलर सेल और मॉड्यूल की जांच के बाद यह प्रारंभिक निष्कर्ष निकाला है।

अमेरिका द्वारा भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत का भारी शुरुआती प्रतिपूर्ति शुल्क लगाए जाने के बावजूद भारतीय सौर समाधान प्रदाता कंपनियों ने भरोसा जताया है कि इसका उनके कारोबार पर कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनियों के अनुसार, उनकी मजबूत 'सप्लाई चेन' रणनीति इस जोखिम को कम करने में सक्षम है। कंपनियों का दावा है कि उन्होंने पहले ही अमेरिकी बाजार पर अपनी निर्भरता कम कर ली है और अब उनका ध्यान 'मेक इन अमेरिका' और भारतीय घरेलू बाजार पर है।

**हमारी रणनीति तैयार है : विक्रम सोलर :** विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी शुल्क का असर उन पर सीमित रहेगा। उनके अनुसार कंपनी अमेरिकी बाजार के लिए भारतीय सेल की खरीद पर निर्भर नहीं है। कंपनी पहले से ही उन देशों से सौर उत्पादों की आपूर्ति ले रही है जहां शुल्क का जोखिम कम है। कंपनी की मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसे हाल ही में गुजरात में एक बड़ी परियोजना के लिए 378.75 मेगावाट मॉड्यूल का ऑर्डर मिला है।

**ऑर्डर बुक सुरक्षित : वारी एनर्जीज :** वारी एनर्जीज के ग्रुप फाइनेंस हेड अभिषेक पारेख ने भी निवेशकों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि 126% के इस शुरुआती शुल्क से कंपनी की अमेरिकी ऑर्डर बुक को पूरा करने की क्षमता पर कोई खास नकारात्मक असर पड़ने की आशंका नहीं है। कंपनी चालू वित्त वर्ष (2025-26) के अंत तक अमेरिका में ही अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाकर 4.2 गीगावाट करने की प्रक्रिया में है। इससे कंपनी पर आयात शुल्क का असर खत्म हो जाएगा। पिछले नौ महीनों में 50% पुराने शुल्क के बावजूद कंपनी का अमेरिका को निर्यात जारी रहा है।

**निर्यात अब लगभग शून्य : प्रीमियर एनर्जीज :** प्रीमियर एनर्जीज के मुख्य कारोबार अधिकारी विनय रुस्तगी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि कंपनी ने अपने कुल कारोबार में निर्यात की हिस्सेदारी को घटाकर लगभग शून्य कर दिया है।अमेरिकी नीतियों में बदलाव के संकेत अगस्त 2025 में ही मिल गए थे, जिससे भारतीय कंपनियों को अपना बिजनेस मॉडल बदलने का पर्याप्त समय मिल गया।

# मारुति की 'रेल साइडिंग' विश्व की पहली मॉडल शिफ्ट परियोजना

नयी दिल्ली, एजेंसी



- 10 वर्ष की अवधि में करीब 1.7 लाख कार्बन 'क्रेडिट' अर्जित करने की उम्मीद

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि उसकी गुजरात ''इन-प्लांट रेलवे साइडिंग'' को ''वेरा'' की वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड (वीसीएस) पहल के तहत दुनिया की पहली ''मॉडल शिफ्ट'' परिवहन परियोजना के रूप में मान्यता मिली है। ''मॉडल शिफ्ट'' का अर्थ वाहनों की आपूर्ति के लिए एक परिवहन माध्यम से दूसरे परिवहन पर स्थानांतरित करना है।

वाहन विनिर्माता कंपनी ने गुजरात इकाई के अंदर रेल पटरी सुविधा (इन-प्लांट रेलवे साइडिंग) के जरिये वाहनों की आपूर्ति शुरू की है। कंपनी के अनुसार, सड़क मार्ग से रेल मार्ग की ओर वाहन आपूर्ति (डिस्पैच) स्थानांतरित करने से इस परियोजना के वित्त वर्ष 2023-24 से 2032-33 तक 10 वर्ष की अवधि में करीब 1.7 लाख कार्बन ''क्रेडिट'' अर्जित करने की उम्मीद है। कार्बन उत्सर्जन में बचत के स्वतंत्र सत्यापन के बाद ''वेरा'' अपने वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड (वीसीएस) कार्यक्रम के तहत कंपनी को 1.7 लाख ''कार्बन क्रेडिट'' जारी करेगा। ''वेरा'' एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है जो जलवायु कार्रवाई और सतत विकास के लिए मानक विकसित एवं प्रबंधित करता है। यह ''वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड'' (वीसीएस) कार्यक्रम का संचालन करता है जो दुनिया का अग्रणी स्वैच्छिक ''ग्रीनहाउस गैस क्रेडिटिंग'' कार्यक्रम है। वहीं उच्च-विश्वसनीयता वाले ''कार्बन क्रेडिट'' सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकारों और व्यवसायों को विश्वसनीय जलवायु कार्रवाई में सहायता करता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने बयान में कहा, वाहनों की आपूर्ति सड़क से रेल की ओर स्थानांतरित किए जाने से परियोजना दर्शाती है कि कैसे व्यापक परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ आगे बढ़ाया जा सकता है।'उन्होंने कहा कि रेल परिवहन की अंतर्निहित दक्षता का लाभ उठाते हुए गुजरात की ''इन-प्लांट रेलवे साइडिंग'' ने लॉजिस्टिक्स परिचालन के कार्बन उत्सर्जन को उल्लेखनीय रूप से कम किया है। साथ ही सड़क जाम भी कम लगता है और जीवाश्म ईंधन की कुल खपत में भी गिरावट आई है। ताकेउची ने कहा, ' यह उपलब्धि हमारी स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारत के मजबूत प्रयासों के अनुरूप उद्योग मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

# 10 इलेक्ट्रिक यात्री विमान खरीदेगी मैकमोर

- एमडी एयरक्राफ्ट के साथ एलओआई पर किए हस्ताक्षर

**मुंबई, एजेंसी।** व्यापार प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकमोर ने जर्मनी की कंपनी एमडी एयरक्राफ्ट जीएमबीएच के साथ 10 इलेक्ट्रिक क्षेत्रीय यात्री विमानों की खरीद के लिए आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य क्षेत्रीय हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का लाभ उठाना है। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने कहा कि यह समझौता नौ-सीट वाले पूरी तरह इलेक्ट्रिक ''शॉर्ट टेक-ऑफ एंड लैंडिंग'' यात्री विमान एमडीए1 ईविएटर के लिए शुरुआती प्रतिबद्धताओं में से एक है। यह विमान छोटी क्षेत्रीय हवाई पट्टियों से संचालन के लिए तैयार किया गया है। इसकी परिचालन लागत कम है और यह लगभग शून्य उत्सर्जन करता है। कंपनी के अनुसार, विमान का शुरुआती उड़ान परीक्षण 2028 तक हो सकता है। प्रमाणन के साथ इसके 2030 तक सेवा में आने के आसार हैं। इस समझौते से भारत को शून्य-उत्सर्जन क्षेत्रीय हवाई परिवहन के संभावित शुरुआती विकास बाजार के रूप में स्थापित करने में मदद मिल सकती है।

# क्रिकेट का क्रेज: कई शहरों में बुकिंग 120% तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं बल्कि पर्यटन को रफ्तार देने वाला एक बड़ा कारक बनकर उभरा है। ऑनलाइन होम-स्टे सुविधा देने वाले दिग्गज मंच 'एयरबीएनबी' के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में जारी बड़े क्रिकेट आयोजनों ने घरेलू यात्रा और आवास की मांग में जबरदस्त उछाल पैदा किया है। एयरबीएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार मांग केवल दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों तक सीमित नहीं है। क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने वाले उभरते केंद्रों में पर्यटकों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा देखी गई है। एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख अमनप्रीत सिंह बजाज ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों के व्यवहार में एक नया बदलाव दिख रहा है। लोग अब केवल मैच देखने नहीं आ रहे, बल्कि वे अपनी यात्रा की अवधि बढ़ा रहे हैं। प्रशंसक उन शहरों के स्थानीय खान-पान और संस्कृति को अधिक गहराई से महसूस करने की कोशिश कर रहे हैं।

### विश्व कप और आईपीएल का डबल धमाका

वर्तमान में भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का आयोजन होना है। इन दो बड़े टूर्नामेंट्स के कारण अहमदाबाद और अन्य क्रिकेट केंद्रों में घरेलू यात्रियों की आवाजाही रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

# निगरानी बढ़ाने में अहम होगी एआई की भूमिका

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर एआई बाजार निगरानी को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन बेहतर करने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। सेबी प्रमुख ने यहां एक कार्यक्रम में वैश्विक एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ वृद्धि का अगला चरण केवल कारोबार की मात्रा और मूल्यांकन से नहीं, बल्कि बाजार की गुणवत्ता, कॉरपोरेट संचालन, पारदर्शिता, तरलता और संस्थागत मजबूती से तय होगा। प्रौद्योगिकी, जिसमें एआई भी शामिल है, निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने में भूमिका निभाएगी।

# सावधान! आपकी जेब पर चल रही है बैंक की साइलेंट कैंची

विशेष रिपोर्ट | अर्थ डेस्क

डिजिटल इंडिया के इस दौर में बैंकिंग जितनी आसान हुई है, अनजाने शुल्कों का बोझ भी उतना ही बढ़ा है। साल 2026 की शुरुआत के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए कई कड़े बदलाव किए हैं।

अब जहां एक ओर 'डार्क पैटर्न्स' (भ्रामक डिजिटल ट्रिक्स) पर जुलाई 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध की तैयारी है, वहीं न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले जुर्माने को भी 'प्रोपोर्शनल' (आनुपातिक) बना दिया गया है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आपके खाते से कटने वाले एसएमएस चार्ज, एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट और डेबिट कार्ड के वार्षिक रखरखाव शुल्क आपके साल भर की बचत का एक बड़ा हिस्सा चुपचाप खत्म कर सकते हैं?

पेश है एक विस्तृत गाइड, जो न केवल आपको इन शुल्कों से परिचित कराएगी बल्कि आपके गाढ़े पसीने की कमाई बचाने के रास्ते भी दिखाएगी।

### न्यूनतम शेष राशि (मिनिमम बैलेंस पेनल्टी)

ज्यादातर बैंकों में आपको अपने खाते में एक निश्चित औसत राशि रखनी होती है। सरकारी बैंकों (जैसे एसबीआई) में अब जीरो बैलेंस की सुविधा है, जबकि प्राइवेट बैंकों में शहर के अनुसार 2,000 से 15,000 तक रखना अनिवार्य होता है। यदि आप यह बैलेंस नहीं रखते, तो बैंक 30 से लेकर 600 तक (शहर और बैंक के अनुसार) जुर्माना लगा सकते हैं। हमेशा अपने खाते का औसत बैलेंस चेक करते रहें। यदि आप बैलेंस नहीं रख पा रहे हैं, तो बी-एस-बी-डी (बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट) खाते या ज़ीरो बैलेंस खाते में स्विच करें।

### एटीएम ट्रांजैक्शन शुल्क

बैंक हर महीने कुछ फ्री ट्रांजेक्शन (आमतौर पर 3 से 5) देते हैं, इसके बाद शुल्क लगता है। फ्री लिमिट खत्म होने के बाद प्रति ट्रांजेक्शन 20 से 25 तक का चार्ज लग सकता है। महीने में कम बार लेकिन जरूरत के हिसाब से बड़ी राशि निकालें। जहाँ संभव हो यूपीआई का उपयोग करें ताकि नकद निकालने की जरूरत कम पड़े।

### डेबिट कार्ड वार्षिक शुल्क

बैंक आपके डेबिट कार्ड के रखरखाव के लिए साल में एक बार शुल्क काटते हैं। शुल्क कार्ड के प्रकार (क्लासिक, प्लैटिनम, सिग्नेचर) के आधार पर 150 से 1500 + जीएसटी तक हो सकता है। यदि आपको खास फीचर्स (जैसे एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस) की जरूरत नहीं है, तो रुपे (RuPay) क्लासिक या बेसिक कार्ड का चुनाव करें, जिनका शुल्क कम होता है।

### एसएमएस अलर्ट शुल्क

बैंक आपको ट्रांजैक्शन की जानकारी देने के लिए एसएमएस भेजते हैं, जिसका शुल्क लिया जाता है। यह आमतौर पर 15 से 20 प्रति तिमाही (क्वार्टरली) होता है शुल्क। आप बैंक के मोबाइल ऐप की 'पुश नोटिफिकेशन' चालू कर सकते हैं और एसएमएस अलर्ट बंद करवा सकते हैं (हालांकि सुरक्षा के लिए एसएमएस रखना बेहतर है)।



### अपर्याप्त बैलेंस के कारण ट्रांजैक्शन फेल होना

जब आप एटीएम से पैसे निकालते हैं या चेक/ईसीएस के जरिए पेमेंट करते हैं और खाते में पैसे कम होते हैं, तो ट्रांजैक्शन फेल होने पर जुर्माना लगता है। एटीएम डिक्लाइन पर 15-25 और चेक बाउंस पर 250 से 500 तक शुल्क लगता है। कोई भी पेमेंट या विड्रॉल करने से पहले अपने मोबाइल ऐप पर बैलेंस जरूर चेक करें।

# बंगाल एसआईआर : मतदाता पहचान के लिए अकेले एडमिट कार्ड मान्य नहीं

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-साथ में 10वीं की मार्कशीट को लगाना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पहचान सत्यापन के लिए कक्षा 10 के प्रवेश पत्र को उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र के साथ लगाया जा सकता है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद आदेश पारित किया।

अधिवक्ता ने इस बारे में चिंता जताई थी कि क्या इस तरह के प्रवेश पत्रों को अपने आप में पूर्ण पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह पहले ही निर्देश दे चुकी है कि प्रवेश पत्र केवल पूरक दस्तावेज होगा। पीठ ने कहा कि 24 फरवरी, 2026 के आदेश के अनुच्छेद 3(3) में उल्लिखित सभी दस्तावेज, जो अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा कल 5 बजे तक पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा। उसने कहा कि इस तरह, अनुच्छेद 3(तीन)(सी) में यह स्पष्ट किया गया कि माध्यमिक (कक्षा 10) के प्रवेश पत्रों को जन्म प्रमाण पत्र और पारिवारिक पहचान के रूप में उत्तीर्ण प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूची से नाम हटाये जाने की आशंका से संबंधित 80 लाख दावों को निपटाने के लिए पश्चिम बंगाल के 250 जिला न्यायाधीशों और झारखंड-ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को तैनात करने की अनुमति दी।

## करुणा मौत के पीछे की वजह

बेंगलुरू में 76 वर्षीय पूर्व इसरो वैज्ञानिक नागेश्वर राव द्वारा अपनी 63 वर्षीय पत्नी संध्या श्री की हत्या करन और फिर आत्महत्या का प्रयास, यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि हमारे बदलते समाज की एक गहरी त्रासदी और सभ्य आधुनिकता के खोखलेपन का आईना है। एक ऐसी मानसिक अवस्था को दर्शाता है जहां भविष्य का भय वर्तमान के जीवन से बड़ा हो जाता है। नागेश्वर की इकलौती बेटी अमेरिका में रहती है। घर पर दूसरा उनकी देखरेख के लिए कोई नहीं है। ऐसे में अकेलेपन की कोख से इस त्रासदी ने जन्म लिया और एक शिक्षित, बौद्धिक और समाज में सम्मानित व्यक्ति ने अपनी जीवन संगिनी का अंत कर दिया, उन्हें भय था कि मेरे बाद बीमार पत्नी को कौन संभालेगा। यह घटना भीतर से हमें झकझोरती है कि हम कैसा जीवन जी रहे हैं। आधुनिकता की दौड़ में जैसे हम रिश्ते-नाते खोते जा रहे हैं।

## अवसाद या अकेलापन



### हत्या के पीछे का मनोविज्ञान

- केयरगिवर बर्डन : लंबे समय तक बीमार जीवनसाथी की देखभाल करते-करते देखभाल करने वाला व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से टूट जाता है।
- भविष्य की चिंता : अपनी मृत्यु की कल्पना और उसके बाद असहाय साथी के दुख के विचार से उत्पन्न होने वाला चरम भय।
- परोपकारी हत्या : मनोविज्ञान में इसे वह स्थिति माना जाता है जहां व्यक्ति को लगता है कि वह पीड़ित को कष्ट से मुक्ति दिला रहा है।
- गंभीर अवसाद : आरोपी पहले से ही अवसाद का इलाज करा रहे थे, जिससे सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित हुई।

### आधुनिक जीवनशैली

- एकल परिवार : संयुक्त परिवार के टूटने से बुजुर्गों के पास संकट के समय कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं बचा है।
- भौगोलिक दूरी : बच्चों का करियर के लिए विदेश जाना (जैसे इस मामले में बेटी अमेरिका में थी) बुजुर्गों को भावनात्मक रूप से अनाथ बना देता है।
- सामाजिक अलगाव : अपार्टमेंट संस्कृति और सीनियर लिविंग समाज में सुरक्षा तो देते हैं, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव की कमी अक्सर अकेलापन बढ़ा देती है।

### हम क्या कर सकते हैं

- पड़ोसी धर्म : अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर पड़ोसियों से मेलजोल बढ़ाना ताकि किसी के घर में चल रहे तनाव का समय पर पता चल सके।
- संस्थागत जिम्मेदारी : सीनियर लिविंग कम्युनिटी को आवास ही नहीं, बल्कि इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम और 24/7 केयर स्टाफ उपलब्ध कराना चाहिए।
- परिवार का जुड़ाव : दूर रहने वाले बच्चों को वीडियो कॉल के साथ भौतिक उपस्थिति भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सरकार और संस्थाओं के लिए जरूरी कदम

- सामुदायिक निगरानी : पुलिस और स्थानीय प्रशासन को अकेले रहने वाले बुजुर्गों का डेटाबेस बनाकर नियमित डोर-टू-डोर संपर्क करना चाहिए।
- मानसिक स्वास्थ्य सहायता : बुजुर्गों के लिए समर्पित 'हेल्पलाइन' और मुफ्त मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र होने चाहिए।
- जेरिएट्रिक केयर : सरकारी अस्पतालों में बुजुर्गों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विशेष वार्ड और घर पर देखभाल की सुविधाएं बढ़ानी होंगी।
- कानूनी सुधार : आत्महत्या के प्रयास को मानसिक बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### तुर्किये का सैन्य विमान क्रैश, पायलट की मौत

**अंकारा।** तुर्किये वायु सेना का एफ-16 लड़ाकू विमान मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात पश्चिमी तुर्किये में एक राजमार्ग के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उसके पायलट की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बालिकेसिर प्रांत में स्थित 9वें मुख्य जेट बेस से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान से आधी रात के आसपास रेडियो और रडार संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने बताया कि तुरंत शुरू किए गए खोज और बचाव अभियान के बाद विमान का मलबा मिल गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई।

### बंगाल, झारखंड में 3 कोर्ट को मिली धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल और झारखंड की तीन निचली अदालतों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, हालांकि तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। बम की धमकी मिलने के बाद लोगों को अदालत से निकाला गया और तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक की तलाशी में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के आसनसोल और सूरी की जिला अदालतों तथा झारखंड की धनबाद दीवानी अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले।

### वेनेजुएला में 3,200 से अधिक कैदी रिहा

**काराकस।** वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के एक विशेष आयोग ने ऐलान किया है कि नए क्षमा कानून के लागू होने के चार दिन में 3,200 से अधिक लोगों को पूर्ण रूप से रिहा किया जा चुका है। रिहा होने वालों में जेल से छोड़े गए कैदियों के साथ-साथ वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें पहले घर पर नजरबंद या अन्य प्रतिबंधों के तहत रखा गया था। आयोग के प्रमुख सांसद जॉर्ज अरेआज़ा ने कहा कि अब तक रिहाई के लिए 4,203 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अनुरोधों के मूल्यांकन के बाद 3,052 लोगों को घर पर नजरबंदी या अन्य प्रतिबंधों से पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है, जबकि 179 अन्य को जेल से रिहा किया गया है।

### संजय लीला भंसाली की तबीयत ठीक

**मुंबई।** दिल का दौरा पड़ने के बाद फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की खबरों के बीच उनके परिवार ने बुधवार को बताया कि भंसाली बिल्कुल ठीक हैं। परिवार ने भंसाली को दिल का दौरे पड़ने की पुष्टि नहीं की और न ही जिक्र किया, बताया कि वह नियमित जांच के लिए अस्पताल गए थे।

# बच्चों के टीकाकरण दिशा निर्देशों में बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा

## मामला दर्ज कराने वाले राज्यों ने नई सिफारिशों को स्वास्थ्य के लिए बताया खतरनाक

- नई सिफारिशों को चिकित्सकीय सलाह की अनदेखी बताया

सैक्रामेंटो (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में एक दर्जन से अधिक राज्यों ने बच्चों के टीकाकरण के लिए सिफारिशों में बदलाव को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अवैध और खतरनाक कदम बताते हुए ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

राज्यों ने मंगलवार को दायर याचिका में कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने पिछले महीने यह घोषणा कर बच्चों के जीवन को जोखिम में डाल दिया कि अब सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, कुछ प्रकार के मेनिन्जाइटिस और आरएसवी के खिलाफ अनिवार्य रूप से टीका लगाने की सिफारिश नहीं की जाएगी। नए दिशानिर्देश के तहत इन बीमारियों से सुरक्षा केवल उन समूहों के लिए सुझाई गई है जिन्हें उच्च जोखिम वाला माना गया है या फिर डॉक्टर की सलाह पर साझा निर्णय प्रक्रिया के तहत टीकाकरण की अनुशंसा की गई है। इस बदलाव की चिकित्सा विशेषज्ञों ने आलोचना की है। एरिज़ोना और कैलिफोर्निया सहित राज्यों ने कहा कि नई सिफारिशें लंबे समय से चली आ रही चिकित्सीय सलाह की अनदेखी करती हैं और इससे बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए राज्यों को अधिक खर्च करना पड़ेगा। एरिज़ोना की अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, देशभर के बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह किसी सांस्कृतिक युद्ध का विषय नहीं है। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग की प्रेस सचिव एमिली जी. हिलियार्ड ने शिकायत को मुकदमे के रूप में पेश किया गया प्रचार का हथकंडा करार दिया।



### स्वास्थ्य कर्मचारियों की छंटनी भी अवैध बताया

स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के कार्यकाल में संघीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों से हजारों कर्मचारियों की छंटनी, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए धन में कटौती तथा फ्लोराइड सहित अन्य मुद्दों पर सरकारी दिशा-निर्देशों में बदलाव किए गए हैं। पिछले वर्ष कैनेडी ने एक टीका सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को हटाकर अपने नियुक्त सदस्यों को शामिल किया था, जिसे मंगलवार को दायर याचिका में अवैध बताया गया है। कुछ महीने पहले ही कैलिफोर्निया, वाशिंगटन और ओरेगन के डेमोक्रेटिक गवर्नरों ने अपनी अलग टीकाकरण सिफारिशों के लिए एक गठबंधन किया था। कहा था, ट्रंप प्रशासन पर स्वास्थ्य को जोखिम में डाल रहा है।

### प्रवासी बच्चों की वापसी का विरोध

**मैकलीन।** अमेरिका में वकीलों ने एक याचिका दायर करके अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों को पिछले वर्ष शुरू की गई उस संघीय नीति पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है, जिसके तहत बिना अभिभावकों के देश में प्रवेश करने वाले प्रवासी बच्चों पर स्वेच्छा से वापस जाने के वास्ते जोर दिये जाने का प्रावधान है। मानव तस्करी पीड़ित संरक्षण पुनः अनुमोदन अधिनियम के अनुसार, बिना अभिभावकों के देश में अवैध प्रवेश करते हुए सीमा पर पकड़े गए प्रवासी बच्चों को एक अलग संघीय एजेंसी ऑफिस ऑफ रिफ्यूजी रीसेटलमेंट के तहत संचालित आश्रयस्थल में भेजना अनिवार्य है।

## सीआईए की ईरान में मुखबिरों को मदद की पेशकश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान में सैन्य हमलों पर विचार करने के बीच अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने मंगलवार को ईरान में संभावित मुखबिरों को मदद की पेशकश की और सुरक्षित रूप से संपर्क करने के तरीकों के बारे में फारसी भाषा में निर्देश दिए। फारसी, कोरियाई, रूसी और मंदारिन भाषाओं में भेजे गए भर्ती संदेशों की श्रृंखला में यह हालिया पोस्ट है जिनमें केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) से संपर्क करने के सुरक्षित तरीके बताए गए हैं। मंगलवार को एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट किया गया फारसी भाषा का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिका-ईरान संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और ईरान की सरकार को देश में नए विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ रहा है।

ईरान के साथ तनाव बढ़ने के कारण अमेरिका ने पश्चिम एशिया में पिछले कुछ दशकों में अपनी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति तैनात की है। ट्रंप ने जनवरी में ईरान में हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर सरकार की कड़ी कार्रवाई के जवाब में सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके बाद उन्होंने ईरान को विवादित परमाणु कार्यक्रमों के संबंध में समझौता करने की चेतावनी दी।

# अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी, दो को जेल

- दिल्ली की कोर्ट ने टिप्पणी को गंभीर माना, दंपती को दी सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपी एक दंपती को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दंपति को बुधवार को मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पूर्वोत्तर की रहने वाली अपनी तीन पड़ोसियों पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को रूबी जैन और उसके पति हर्ष को गिरफ्तार किया था।

मालवीय नगर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के बाद दंपती को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, 20 फरवरी को किराए के मकान में मरम्मत कार्य को लेकर हुए विवाद के दौरान रूबी जैन ने अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पुलिस ने प्राथमिकी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा को भी शामिल किया है। पुलिस ने बताया कि शुरू में मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था, जिनमें आपराधिक धमकी, महिला की गरिमा का अपमान और विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने से संबंधित आरोप शामिल हैं।

### अत्याचार को सहन नहीं करेंगे : रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रीजीजू और खांडू दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ हुई उस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनके पड़ोसियों द्वारा कथित तौर पर नस्लीय टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह और उनका कार्यालय संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने यहां कहा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से पुलिस से बात की है और इस मामले पर नजर रख रहा हूं। हम आरोपियों को ऐसा सबक सिखाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पूर्वोत्तर के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे।

# ब्रिटेन में अब भारतीयों के लिए ई-वीजा अनिवार्य

- ब्रिटिश सरकार ने लागू की यात्रा में डिजिटल प्रणाली

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में बुधवार से लागू हो रहे नए नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। हाल के वर्षों में चरणबद्ध तरीके से लागू किए गए इस कार्यक्रम के तहत नई प्रक्रिया कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी।

हालांकि, नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। ब्रिटेन के प्रवासन और नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा कि मैं ब्रिटेन की यात्रा करने के इच्छुक सभी लोगों से आग्रह करूंगा कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और उनके पास आवश्यक अनुमति हो, ताकि उनकी यात्रा सुगम हो सके। ब्रिटेन आने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल यात्रा अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा, यदि उनके पास ई-वीजा, ईटीए या अन्य वैध दस्तावेज नहीं हैं तो एयरलाइन उन्हें विमान में सवार होने से रोक सकती है। ब्रिटेन ने पिछले साल ई-वीजा प्रणाली शुरू की थी, इस सप्ताह तक भौतिक दस्तावेज स्वीकारे।

## श्रीलंका में पूर्व खुफिया प्रमुख गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सैली को सीआईडी ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे। उनकी गिरफ्तारी 2019 के ईस्टर संडे धमाकों से जुड़ी है। साल 2019 में ईस्टर पर कोलंबो के गिरजाघरों और पांच सितारा होटलों में हुए हमलों में 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हुई थी। हमलों के समय सैली विदेश में राजनयिक पद पर तैनात थे। सेवानिवृत्त मेजर जनरल सैली 2015 से पहले राजपक्षे सरकार के दौरान राज्य खुफिया सेवा के प्रमुख रह चुके थे।

# पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद

- सीमावर्ती गांव में दहशतगर्दों ने बना रखा था अपना ठिकाना

मेंढर/जम्मू, एजेंसी

सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाया और दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) तथा एक पिस्तौल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी मेंढर क्षेत्र के सैलानी कसबलारी गांव में सेना और स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा चलाए गए एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि एक गुफा के भीतर छिपाकर रखे गए इन सामान में दो हथगोले और पिस्तौल के 24 कारतूस भी शामिल थे। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने स्रोतों और पुलिस से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, व्हाइट नाइट कोर के जवानों और एसओजी पुंछ ने मिलकर गनी वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया।

अभियान के तहत विस्तृत तलाशी के दौरान मौके से एक बड़ा और एक छोटा आईईडी, दो चीनी हथगोले, नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ एमएम के दो कारतूस और 7.62 एमएम के 22 कारतूस बरामद किए गए। आईईडी और हथगोलों को नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन अत्यधिक शुभ रहने वाला है। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** – आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा।

**मिथुन** – आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए पूरी योजना बना लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी।

**कर्क** – आज किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें।

**सिंह** – आज आप किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा।

**कन्या** – आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिये आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**तुला** – आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज पारिवारिक कलह का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें।

**धनु** – आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है।


**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। धार्मिक विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी।

**कुंभ** – आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन** – आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 27 फरवरी 12.33 तक तत्पश्चात एकादशी।

दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। **ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**- मृगशिरा 12.11 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## सुडोकू -73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

# चर्चित लूव्र संग्रहालय की निदेशक ने दिया इस्तीफा

- संग्रहालय से बेशकीमती गहनों की चोरी के बाद उठाया कदम

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के सबसे चर्चित लूव्र संग्रहालय से अक्टूबर में बेशकीमती गहनों की चोरी की घटना के बाद संग्रहालय की निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। गहनों की चोरी की घटना के बाद दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले इस संग्रहालय में सुरक्षा चूक, कर्मचारियों के असंतोष और कथित टिकट घोटाले को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने एक चुनौतीपूर्ण वर्ष के बाद पद छोड़ा।

पूर्व शाही महल रहे इस प्रतिष्ठित संस्थान को अपोलो गैलरी से आभूषण चोरी, मोना लिसा के पास फरवरी मध्य में पाइप फटने की घटना, पानी के रिसाव से दुर्लभ पुस्तकों को नुकसान, कर्मचारियों के असहयोग और भीड़भाड़ व स्टाफ की कमी को लेकर अचानक हड़ताल जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा। हाल के सप्ताहों में तब दबाव और बढ़ गया जब फ्रांसीसी अधिकारियों ने संग्रहालय से जुड़े एक दशक से जारी कथित टिकट धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा किया, जिससे लूव्र संग्रहालय को लगभग एक करोड़ यूरो का नुकसान होने का अनुमान है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दे कार्स का इस्तीफा स्वीकार करते हुए इसे जिम्मेदारी का कदम बताया और कहा कि इस समय लूव्र को सुरक्षा उन्नयन की आवश्यकता है।

नवाचार | वायासेट और बीएसएनएल ने शुरू किया देश में पहला पाठ्यक्रम

# सैटेलाइट संचार क्षेत्र में कौशल को देंगे बढ़ावा

- संयुक्त उपक्रम के तहत मिलेगा विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान

जबलपुर, एजेंसी

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और वायासैट इंडिया ने सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (टीआईआरटीसी) के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले साल गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की। वायासैट के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष (एडवांस्ड एनटीएन सॉल्यूशंस) संदीप मूर्ति और दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। सैटेलाइट एवं सैटेलाइट प्रौद्योगिकी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और करियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट जे. रवि ने कहा, नवाचार को बढ़ावा देने और देशज क्षमताओं का निर्माण करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप वायासैट के साथ गठबंधन के तहत हमारा प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर हमें वास्तव में बहुत प्रसन्नता है। हम भविष्य में इस गठबंधन का विस्तार करने को प्रतिबद्ध हैं।



### देश को दूरसंचार सेवा में अग्रणी बनाना मकसद

इसका उद्देश्य संचार के उन्नत क्षेत्र में अत्यधिक कुशल जनशक्ति तैयार करना और भारत को दूरसंचार डिजाइन, विकास, विनिर्माण और सेवाओं में अग्रणी बनने में मदद करना है। वायासैट कॉमर्शियल के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर ने कहा, भविष्य के लिए तैयार सैटेलाइट संबंधी प्रतिभा की पाइपलाइन का निर्माण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपनी डिजिटल एवं उभरती टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षा को लेकर आगे बढ़ रहा है। भविष्य में एक उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित करेंगे जहां छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला सिर्फ छक्कों की होड़ का नहीं होगा। हमारी टीम का फोकस टी20 विश्व कप के अहम मैच में केवल बड़े शॉट लगाने पर नहीं बल्कि हर मौके का पूरा फायदा उठाकर ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर है।


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार ,26 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### एनआरएआई के राष्ट्रीय जज कोर्स में 47 प्रतिभागी शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने बयान में कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, इस कोर्स में रिकॉर्ड प्रतिभागियों की उपस्थिति से भारतीय निशानेबाजी में निष्पक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने वाले कुशल जज का मजबूत समूह तैयार करने के लिए एनआरएआई की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उनका समर्पण विश्व स्तर पर भारत की निरंतर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। एनआरएआई अब अगले महीने आईएसएसएफ बी जज कोर्स का आयोजन करेगा।

### शीतकालीन खेलों में सेना का वर्चस्व कायम

**गुलमर्ग, एजेंसी :** सेना ने बुधवार को यहां खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में अपना टीम चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखा। इसके लिए उन्होंने गुलमर्ग चरण में आठ स्वर्ण सहित कुल नौ पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के आखिरी दिन हिमाचल प्रदेश चार स्वर्ण पदक के साथ उप विजेता रहा। इन खेलों का समापन समारोह बृहस्पतिवार को यहां गोल्फ कोर्स में होगा। इन खेलों का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में हुआ था। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेना और हिमाचल प्रदेश ने बराबर चार-चार स्वर्ण मेडल जीते जबकि मेजबान जम्मू-कश्मीर ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

### आईटीएफ कलबुर्गी टूर्नामेंट एक मार्च से

**कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी।** उभरती स्टार वैष्णवी अडकर उन कई भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो यहां एक से आठ मार्च तक होने वाले आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर का हिस्सा है और इसकी कुल पुरस्कार राशि 30,000 अमेरिकी डॉलर है।

## टी-20 विश्व कपः न्यूजीलैंड की एकतरफा जीत, संयुक्त मेजबान श्रीलंका बाहर

**कोलंबो, एजेंसी**



न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में श्रीलंका को 61 रन से हराकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया। जबकि श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैण्ड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा के तीन झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैककांकी (नाबाद 31रन)ने शानदार वापसी करते हुए बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के सुपर आठ मैच में टीम को सात विकेट पर 168 रन तक पहुंचा दिया। श्रीलंका को न्यूजीलैण्ड ने जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 107 रन ही बना सकी। इससे पूर्व न्यूजीलैंड ने 9.3 और 12.1 ओवर के बीच में नौ रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।इसमें तीक्षणा (30 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में मैच का रुख पलट दिया। मैककांकी ने अंत में मोर्चा संभाला जबकि सैंटनर ने महत्वपूर्ण समय पर सात विकेट के लिए महज 47 गेंद में 84 रन की अहम साझेदारी की।

## एफआईएच प्रो-लीग में भारत की पहली जीत

**होबार्ट, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराया



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो-लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।

पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलाानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रो-लीग का राउरकेला चरण भारत के लिए निराशाजनक रहा था जहां वह अपने सभी चार मैच में हार गया था।

## भारत-जिम्बाब्वे मैच आजः 'करो या मरो' की चुनौती

### सेमीफाइनल में प्रवेश के लिए दोनों के सामने जीत ही एकमात्र विकल्प

**चेन्नई, एजेंसी**



कल गुरुवार को टी20 विश्व कप का हाईवोल्टेज मैच भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेला जाएगा। सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद गिरे भारत के रनरेट ने चुनौती को और बढ़ा दिया है। भारत को यदि सेमिफाइनल में जगह बनानी है तो किसी भी हालत में कल का मैच जीतना ही होगा। सही कहा जाये कि यह स्थिति करो या मरो की है। ऐसा नहीं है कि ये हालात केवल भारत के लिए ही हैं। यही स्थिति जिम्बाब्वे के लिए भी है। उसे भी यदि सेमिफाइनल में जाना है तो जीतना है। यह बात की स्वीकारोक्ति आज प्रेस कॉन्फ्रेन्स में जिम्बाब्वे ऑलराउंडर रयान बर्ल ने की। माना कि दोनों ही टीमों के सामने चुनौती बड़ी कठिन है।

भारत के पास एक प्लस प्वाइंट ये है कि मैच भारत की ही धरती पर हो रहा है। लेकिन यही बात भारतीय टीम पर घरेलू दर्शकों के सामने खेलने और अहम मैच को जीतने का दबाव भी होगा। यह दबाव सूर्यकुमार यादव की टीम पर भारी न पड़े इसके लिए सूर्य कुमार और पूरी टीम को धैर्य के साथ एकाग्रचित्त होकर खेलना होगा।

सुपर आठ के पिछले मुकाबले में जहां भारत दक्षिण अफ्रीका से हारा था वहीं जिम्बाब्वे को वेस्टइंडीज के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी में विविधता उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। वहीं भारत के पास आक्रामक बल्लेबाज हैं जो पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते हैं। साथ ही किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। भारत का गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छा है। जिम्मबाब्वे के पास बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, दाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, दो लेग स्पिनर हैं और एक ऑफ स्पिनर है, एक बाएं हाथ का ऑफ स्पिनर है। जिम्बाब्वे की यही विविधता भारत को चुनौती है।

### नंबर-3 पर खेल सकते हैं संजू सैमसन

**चेन्नई, एजेंसी।** टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले अहम मैच से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बड़े संकेत दिए। यहां आउट ऑफ फॉर्म खिलाड़ियों का बचाव किया। वहीं क्रम में बदलाव कीसंभावना से इनकार भी नहीं किया। नंबर-3 पर संजू सैमसन को उतारने के सवाल पर कोटक ने साफ कहा कि विचार जरूर होगा। क ने माना कि टीम कॉम्बिनेशन को लेकर मंथन चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के दो बल्लेबाज ओपनर हैं और नंबर-3 पर भी बाएं हाथ का बल्लेबाज है। विपक्षी टीम स्पिन का इस्तेमाल कर रही है, ऐसे में बदलाव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

### विश्व कप जीतना है तो दबाव सहना ही होगा: कोटक



**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बुधवार को स्वीकार किया कि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनकी टीम पर दबाव रहेगा। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी इससे निपटने में सफल रहेंगे। बता दें कि अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के पहले मैच में 76 रन से हारने के बाद भारत को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे। जिम्बाब्वे के बाद वह रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। कोटक ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'विश्व कप भारत में खेला जा रहा है इसलिए दबाव और उम्मीद होना स्वाभाविक है।' कोटक को भारतीय खिलाड़ियों की मानसिक दृढ़ता पर कोई संदेह नहीं है। अगर हम विश्व कप जीतना चाहते हैं तो हमें दबाव से निपटना होगा।'

### भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना बहुत बड़ी चुनौती: बर्ल



**चेन्नई, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर रयान बर्ल ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना बहुत बड़ी चुनौती है। लेकिन कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप का अहम मैच खेलने का दबाव सूर्यकुमार यादव की टीम पर भारी पड़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हारने के कारण सुपर आठ का यह मैच भारत और जिम्बाब्वे दोनों के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। बर्ल ने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह हमारे लिए करो या मरो जैसा मैच है, लेकिन भारत की स्थिति भी हमारे जैसे ही है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को कल का मैच हर हाल में जीतना होगा। उन्होंने कहा, हमें भारत के साथ ज़्यादा खेलने का मौका नहीं मिलता, इसलिए हम इस मैच का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे।

## भारत को टीम कॉम्बिनेशन बदलना होगा : रवि शास्त्री

**चेन्नई, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी है। अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली पराजय के बाद भारत को अब बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे से खेलना है। पिछले टी-20 विश्व कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा, आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है, लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जायेगा।'शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा,अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा।

## डोगरा के 'हेड-बट' से तनाव, जम्मू-कश्मीर का विशाल स्कोर

**हुबली,एजेंसी**



शॉट खेलते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा।

कप्तान पारस डोगरा (70 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन कर्नाटक के स्थानापन्न खिलाड़ी केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) की उनकी हरकत ने जम्मू-कश्मीर की अच्छी बल्लेबाजी पर पानी फेर दिया। जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टंप तक छह विकेट पर 527 रन बना लिए। डोगरा के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधावन (70), साहिल लोत्रा (नाबाद 57 रन) सभी ने अच्छा योगदान दिया।

कर्नाटक के गेंदबाजों के लिए यह दिन मुश्किल रहा जिसमें सिर्फ प्रसिद्ध कृष्णा (29 ओवर में 90 रन देकर तीन विकेट) ही प्रभाव डाल सके। हालांकि 21 सत्र के रणजी खिलाड़ी डोगरा के बर्ताव ने सभी को हैरान कर दिया। प्रसिद्ध की गेंद पर एक बाउंड्री लेने के बाद 'सिली प्वाइंट' क्षेत्ररक्षक अनीश को ''हेड-बट'' मारने की घटना कैमरे में कैद हो गई। यह साफ नहीं था कि अनीश की किसी भी बात से डोगरा को बुरा लगा होगा। उन्होंने अनीश से बहस की और फिर उनके हेलमेट पर सिर से धक्का दिया। इसके बाद उनके सीनियर साथी मयंक अग्रवाल बीच बचाव करने आए और दोनों के बीच खड़े हो गए। अग्रवाल को डोगरा के साथ बातचीत करते देखा गया, इसके बाद मैदानी अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गंधे ने बीच-बचाव किया। कुछ देर बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भी अंपायरों से बात करते और डोगरा के बारे में शिकायत करते देखा गया।

### डोगरा पर लग सकता है मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**हुबली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा पर बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन कर्नाटक के स्थानापन्न क्षेत्र रक्षक केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लग सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मैच रेफरी नारायणन कुट्टी की तरफ से जुर्माने की आधिकारिक घोषणा मैच खत्म होने के बाद ही होगी। लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के साथ मारपीट करने पर सजा और मैच प्रतिबंध लगता है। इस मामले में हालांकि घरेलू क्रिकेट के इस स्टार को कम सजा मिल सकती है। डोगरा पहले दिन नौ रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह दूसरे दिन अब्दुल समद के रूप में जम्मू-कश्मीर का तीसरा गिरने पर वापस क्रीज पर आए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 41 साल के कप्तान डोगरा का स्वागत लगातार शॉर्ट गेंद फेंककर किया। वहीं करीब के क्षेत्ररक्षकों ने इस पर मैदान पर कुछ फब्तियां भी कीं जिसमें ''सिली प्वाइंट'' पर खड़े अनीश भी शामिल थे। पारी के 101वें ओवर में डोगरा ने प्रसिद्ध की गेंद को अजीब तरह से खेला और यह खाली थर्ड स्लिप से बाउंड्री के लिए निकल गई। फिर देखा गया कि डोगरा मैदानी अंपायर अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गांधे का ध्यान दिलाने के बाद अनीश की ओर दौड़े और धीरे से अनीश को सिर से मारा जिन्होंने भी करीब से क्षेत्ररक्षण करने के कारण हेलमेट पहना हुआ था। फिर मयंक अग्रवाल भागे और बीच बचाव करने आए। फिर उनकी बहस हो गई जिसके बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल खुश नहीं थे।

## शतरंज में बेईमानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गयाः गुकेश

**प्राग, एजेंसी**



विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश ऑनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिये उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी, जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी।

हालांकि हाल ही में आई एक मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। गुकेश ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा , मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिये।'

इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्कादी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी।

## मानस धामने महा ओपन एटीपी चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में

**पुणे, एजेंसी**



वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ी मानस धामने ने बुधवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कभी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शामिल रहे बेलारूस के इल्या इवाश्का चोट के कारण मैच के बीच से हट गए, जिससे धामने ने अंतिम आठ में जगह बनाई। उस समय धामने 3-6 से पीछे चल रहे थे। धामने का अगला मुकाबला क्रोएशिया के डुजे अजदुकोविच से होगा।

धामने और गैर वरीयता प्राप्त अजदुकोविच के अलावा ग्रेट ब्रिटेन के एलस्टेयर ग्रे और इटली के छठी वरीयता प्राप्त फेडेरिको सिना क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। अजदुकोविच ने पुर्तगाल के पांचवीं वरीयता प्राप्त के फ्रेडरिको फरेरा सिल्वा को 6-2, 6-2 से हराया। ब्रिटेन के ग्रे ने एक सेट से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त इलिया सिमाकिन को 4-6, 7-6(7), 7-5 से हराकर उलटफेर किया। युगल के पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिद्धांत बंठिया (भारत) और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया) ने लुका कैस्टेलनुओवो (स्विट्जरलैंड) और उइसुंग पार्क (कोरिया) को 7-6(5), 6-2 से हराया।

**शिखर धवन की बड़ी जीत**

दिल्ली कोर्ट ने कहा-ऑस्ट्रेलियाई 'प्रॉपर्टी सेटलमेंट' भारतीय कानूनों के खिलाफ

## एक्स-वाइफ को दिया 5 .72 करोड़ लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन को दिल्ली के पटियाला हाउस फैमिली कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को लगभग 5.72 करोड़ रुपये (ऑस्ट्रेलियाई डॉलर में AU$812,397.50 AU$82,000) वापस करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया के फैमिली कोर्ट द्वारा दिए गए ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' के आदेश भारत में लागू नहीं होंगे, क्योंकि यह भारतीय कानूनों के हिसाब से खासकर हिंदू मैरिज एक्ट के विपरीत है।

### कोर्ट के मुख्य आदेश

- आयशा को प्रॉपर्टी बिक्री से मिली कुल रकम (AU$812,397 .50 AU$82,000) धवन को लौटानी होगी।
- इस राशि पर मुकदमा दायर करने की तारीख से अंतिम भुगतान तक 9% सालाना ब्याज भी देना होगा।
- आयशा की ओर से ऑस्ट्रेलियाई आदेश के आधार पर Rs 16 .9 करोड़ की मांग को खारिज किया गया।
- मामला एकतरफा चला क्योंकि आयशा ने दिल्ली कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

धवन और आयशा (ऑस्ट्रेलियाई नागरिक) की शादी 2012 में हुई थी, लेकिन 2021 में अलगाव के बाद 2023 में दिल्ली कोर्ट ने ''क्रूरता'' के आधार पर तलाक दे दिया। तलाक के बाद ऑस्ट्रेलियाई फैमिली कोर्ट ने ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' के तहत धवन को ऑस्ट्रेलिया में दो प्रॉपर्टी (बेरविक और क्लाइड नॉर्थ) की बिक्री से मिली रकम का बड़ा हिस्सा आयशा को देने का आदेश दिया था। भारतीय कानून में ऐसी संपत्ति का ''मैरिटल पूल'' बनाकर 60% तक पत्नी को देने का कोई प्रावधान नहीं है। धवन ने दिल्ली कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट में वे अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि पूर्व पत्नी की धमकियों के कारण पेश हुए थे। आयशा ने धमकी दी थी कि अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया तो करियर-बर्बाद करने वाला मटेरियल फैलाया जाएगा। कोर्ट ने माना कि यह सहमति जबरदस्ती, धोखे और धमकी से ली गई थी, इसलिए वह फाइनेंशियल एग्रीमेंट रद्द है।

### जज ने कहा:

"ऑस्ट्रेलियाई फैमिली लॉ एक्ट, 1975 के तहत ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' का कॉन्सेप्ट भारतीय पब्लिक पॉलिसी, हिंदू मैरिज एक्ट, ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट और अन्य कानूनों के खिलाफ है। विदेशी आदेश भारत में स्वत: लागू नहीं होते, खासकर जब वे भारतीय मैट्रिमोनियल लॉ से मेल नहीं खाते।

## भारतीय बधिर टीम ने पहला एडीसीए टी-20 एशिया कप जीता

**कटक, एजेंसी।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां श्रीलंका को छह विकेट से हराकर पहला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम ने इससे पहले प्रतियोगिता के पहले मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराया था और फिर नेपाल पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।श्रीलंका ने टूर्नामेंट के तीसरे मैच नेपाल के खिलाफ छह विकेट से हराया था।

श्रीलंका ने फिर उलट मुकाबले में नेपाल को 157 रन से हराया जबकि भारत को एक रन से करीबी जीत के लिए कड़ी मेहनत करवाई। भारत ने अपने अगले मैच में नेपाल को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

फाइनल में साई आकाश को 14 गेंद में 27 रन बनाने के साथ दो विकेट लेने के लिए ''प्लेयर ऑफ द मैच'' चुना गया।